माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -180, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

# ‘डबल इंजन’ सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने यूपी व योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर बढ़ रहा

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने ‘लालफीताशाही’ को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए ‘लाल कालीन’ बिछायें हैं ।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने खासकर इस बात को इंगित किया कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक पूरे विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग इस राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा इस दौरान उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन व मुख्यमंत्री योगी ।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी





प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

### रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

### योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या ‘ अनलिमिटेड पोटेंशियल’ शब्दावली से की।

### जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

### कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे



प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।





## एक नजर

### ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है।

### चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को ‘सत्ता का दुरुपयोग’ करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी ‘बिना सोचे समझे’ और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी।

### बुजुर्गों की देखभाल को आयोग का स्थिति पत्र

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल में सुधार पर एक स्थिति पत्र जारी किया है जिसमें उनके सम्मान, गरिमा और प्रतिष्ठापूर्ण जीवन पर जोर दिया गया है। नीति आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि भारत में नागरिकों की देखभाल में सुधार करना : वरिष्ठ नागरिक देखभाल प्रतिमान की कल्पना शीर्षक से एक स्थिति पत्र जारी किया गया है। यह पत्र को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम की उपस्थिति में जारी किया गया।

## एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अड़े किसान



हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने तय किया है कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से भी पीछे नहीं हटेंगे। एमएसपी पर किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को बैठक हुई थी जिसके बाद केंद्र की ओर से किसान नेताओं को एमएसपी पर दालों व कपास की खरीद के लिए प्रस्ताव दिए गए थे।

‘दिल्ली चलो’ अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे। कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि एनसीसीएफ और नेफेड जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ एक समझौता करेंगी जो तुअर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का के खेती करते हैं ताकि उनकी फसल अगले पांच वर्षों के लिए एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारतीय कपास निगम पांच साल तक एमएसपी पर किसानों से कपास खरीदेगा।

### मांग न पूरी हुई तो 21 से दिल्ली चलो मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार और मंगलवार को सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। पंधेर ने अन्य मांगों के समाधान की उम्मीद भी जताई थी और कहा था कि ‘दिल्ली चलो’ मार्च फिलहाल रुका हुआ है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा। गोयल ने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य मांगें नीति-आधारित हैं और गहन चर्चा के बिना समाधान संभव नहीं है।

## सपा ने 11 और सीटों पर उम्मीदवार उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा
- नीरज मौर्य आंवला, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप लड़ेंगे चुनाव

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

## सुरक्षा गार्ड की पत्नी ने दो बेटियों का गला घोंटा

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- अपने पेट में दरांती घोंपकर की जान देने की कोशिश

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती (हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी व भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था तभी उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। उसने अपनी दोनों बेटियों के भविष्य की चिंता करते हुए उनकी हत्याकर दी। बाद में खुद जान देने की कोशिश की।

## यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**कल्किधाम**

- प्रधानमंत्री ने संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में किया कल्कि धाम का शिलान्यास
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।





प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

# मोदी ने विकास के रोडमैप की ली जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर तकनीक से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

### डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

### 26 को योगी करेंगे एम्यूनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्यूनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्यूनिशन का उत्पादन हो सकेगा।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के निवेश प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण को देखते प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार

# देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपीः योगी

## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गारंटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

**थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटीः** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

### यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

▸▸ यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव

### धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

## चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक इंदिरागांधी प्रतिष्ठान और आसपास का एरिया छावनी में तब्दील नजर आया। पुलिस महकमे के आला अफसर और पुलिसकर्मी पूरे इलाके में मुस्तैद रहे। हर आने जाने वाले पर उनकी कड़ी नजर रही।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रधानमंत्री को शामिल होना था। इसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा ने पहले से ही खाका खींच दिया था। 13 पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करीब 33 सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी थी। रविवार सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आये। इसके अलावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि, जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी डीसीपी व एडीसीपी भी कार्यक्रम स्थल व आसपास लगातार मातहतों को निर्देशित करते रहे।



लखनऊ आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी। अमृत विचार




ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में अन्य। अमृत विचार



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते अतिथि। अमृत विचार



सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्यमी। अमृत विचार



इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य टेढ़िया की प्रस्तुति देते प्रयागराज के कलाकार। अमृत विचार

# पहले उद्योगपति से मिलने पर राजनेता की छवि होती थी खराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था, जब जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों की मुलाकात को बड़े संदेहास्पद दृष्टि से देखा जाता था। किसी भी जनप्रतिनिधि का उद्योगपतियों से मिलना राजनैतिक खतरे की घंटी से कम नहीं माना जाता था। माना जाता था कि राजनेता व उद्योगपतियों का गठजोड़ राष्ट्र के विकास के लिए अच्छा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ नीयत से इस धारणा को पहले गुजरात में फिर देश में बदल कर विकसित भारत की नींव रखी है।

श्री सिंह ने कहा कि राजनेता और उद्योगपति साफ नीयत के साथ मिलकर काम करें तो राष्ट्र प्रगति करेगा। जब प्रधानमंत्री जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तबसे यह देश देख रहा है कि किस प्रकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर गुजरात में वे बदलाव की ऐसी बयार लेकर आए हैं, जिसकी सुगंध भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में दूर-दूर तक फैली है। देश के अनेक राज्यों के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्य भी विकास के गुजरात मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपने उद्योगपतियों व राजनेताओं के बीच के संबंध को संकल्प व राजनीतिक शुचिता के माध्यम से देश के विकास की अनिवार्य शर्त बना दिया है। प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है।

▸▸ रक्षा मंत्री ने कहा-मोदी ने बदली तस्वीर, अब राजनेता और उद्योगपति मिलकर कर रहे देश का विकास

### मोदी को तीसरी ही नहीं चौथी बार भी पीएम बनने का जताया विश्वास

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छुएगा।

### प्रदेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं योगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है। योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में प्रदेश में इंवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी।

# स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सवः भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में 10 लाख करोड़ से ज़्यादा की 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव है।

कहा कि इसके माध्यम से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 33.50 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन भी सुनिश्चित करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावी शासकीय सुधारों, बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रगतिशील नीतियों से चालित औद्योगिक विकास पर बल देते हुए अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, बुनियादी ढांचे, विकास के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है, जिसमें हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारे, औद्योगिक पार्क आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए अनुबंधों को धरातल पर उतारकर हमने यह साबित भी किया है कि हम केवल वादा करने वाले दल नहीं हैं,भाजपा जो कहती है वो करती है।

# उद्यम प्रदेश के साथ योगी को औद्योगिकरण के महागुरु का भी तमगा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** किसी योगी के अपने तपोबल से महायोगी बनने की तमाम कहानियां है, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम से उद्यम का माहौल बनाकर औद्योगीकरण के महागुरु होने की उपाधि पर हासिल कर ली। अवसर था ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन कर देश-दुनिया को यूपी का दम बता रहे थे। वे योगी की क्षमता के इतने कायल हो उठे कि महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरू बनने की क्षमता का सर्टिफिकेट देने से नहीं चुके।

यही फरवरी महीना था, जब पिछले साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कर्मयोगी की उपाधि दी, लेकिन मुख्यमंत्री की तारीफ में खामोश रहे। अच्छे अभिभावक का यही बड़ा गुण होता है कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत के बजाय परिणाम आने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

ऐसा ही दृश्य सजीव हुआ प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए छोटे-बड़े उद्योगपतियों के लिए बने खास स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर हाल में। मुख्यमंत्री के चेहरे पर प्रदेश को उद्यम प्रदेश की पहचान दिलाने की रात-दिन तैयारी के बाद सोमवार को परीक्षा देने की थकान जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने जब उनकी एक साल ही नहीं, बल्कि सात साल की मेहनत के परिणाम सुनाने शुरू किए तो एक परीक्षार्थी की तरह मुख्यमंत्री योगी आगे की चुनौतियों के लिए और दृढ़ प्रतिज्ञ दिख रहे थे। हाल में तालियों की गड़गड़ाहट उनका जोश बढ़ा रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक-एक शब्द योगी की कर्मनिष्ठता की मिशाल दे रहा था। राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह पहली बार था, जब मोदी ने योगी की इतनी जबरदस्त तारीफ तथ्यों के साथ किसी मंच से की हो।

शुरूआत में ही मोदी बोले कि 'मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए।'

मोदी ने इससे आगे देश में भाजपा शासित अपने मुख्यमंत्रियों समेत औरों को भी सलाह दे दी कि देश के अन्य राज्यों को निवेश कैसे धरातल पर उतरते हैं, इसे लेकर उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए। साफ है कि योगी को औद्योगिकरण का महागुरू बनने का प्रधानमंत्री की ओर से यह पहला सर्टिफिकेट यूं ही नहीं मिला है। खुद मोदी अन्य राज्यों को चैलेंज देते है कि आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

▸▸ योगी में महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरु बनने की क्षमता

▸▸ 14,619 परियोजनाओं का एक साथ भूमि पूजन कर यूपी ने दिखाया दम

### योगी की सात साल की परीक्षा का यह भी रहा परिणाम

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सात साल की सरकार की परीक्षा का परिणाम सुनाया। इसमें पहले का दृश्य गिनाया कि कैसे चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी होती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में न केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हें हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो।

# ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपीः नंदी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**लखनऊः** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।

▸▸ सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास को दे रहे दोगुनी रफ्तार




ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल और हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित जायसवाल। अमृत विचार

# एयरपोर्ट पर रहा चार्टर्ड विमानों का जमावड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आए देश के दिग्गज उद्यमियों के चार्टर्ड विमानों का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जमावड़ा रहा। इसके अलावा सैकड़ों उद्यमी साधारण उड़ानें से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां बनाए गये वीवीआईपी लाउंज में सुबह का नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सांस्कृतिक पंडालों के पास रुककर उनका आनंद उठाया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुतबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शामिल होने के लिए अपने चार्टर्ड विमान से यहां पहुंचने वालों में अड़ानी ग्रुप के करन अडानी, हिंदुजा समूह के प्रकाश हिदुजा, रविकांत जयपुरिया, जीन मेहता, अनिल सिंह, माधव कृष्ण सिंघानिया, युसूफ अली शामिल है। जबकि सामान्य उड़ानां से आने वालों में हल्दीराम ग्रुप के संजय सिंघानियां, बीकानेर ग्रुप के सुरेश कुमार गोयल व भांगुर सीमेंट गुरप के एचएन भांगुर सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल है। वहीं चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आगमन हाल के बाहर दो सांस्कृतिक पंडाल लगाए गये थे। एयरपोर्ट से निकलते ही इन उद्यमियों ने सांस्कृतिक पड़ाल के पास रूककर अपना मनोरंजन करने के साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जबकि तीसरा एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने व चौथा एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लावर पर तथा पांचवां शहीदों की मूर्ति के सामने है।

आज का मौसम
बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना।

27.6° अधिकतम तापमान
12.2° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 41
सूर्यास्त 06 : 04


महिला उद्यमी आयुषी सेठ को सम्मानित करते सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक नीलिमा कटियार।


महिला उद्यमी मनीषा बाजपेयी को भी सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# शहर में 19 हजार करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतरा

## लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन, प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी**

- स्क्रीन के जरिये प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़े शहर के जनप्रतिनिधि व उद्यमी
- शिक्षा, चर्म, कपड़ा और कृषि क्षेत्र सहित 238 इकाइयों पर काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में 19 हजार करोड़ रुपये का निवेश सोमवार को धरातल पर उतरा। लखनऊ से प्रधानमंत्री के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आधारशिला रखते ही 238 इकाइयों पर काम शुरू हो गया। इन इकाइयों में चमड़ा, गारमेंट्स, फूड, शिक्षा व कृषि सहित अन्य क्षेत्र की इकाइयां शामिल हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शहर के उद्यमी भी स्क्रीन के जरिये समारोह से जुड़े। इस मौके पर उद्यमियों व जनप्रतिनिधियों ने इस निवेश को शहर के विकास की कड़ी बताया।

ग्लोबल इनवेस्टर समिट के बाद उस समय हुए एमओयू को शहर में धरातल पर लाने में तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भूमि, कई तरह के लाइसेंस, मशीनरी व अन्य कार्यों के बाद निवेश जमीन पर उतरा।

इनवेस्टर समिट में उस वक्त कानपुर को लगभग 85 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इन प्रस्ताव में लगभग 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव परवान चढ़े हैं। इन्हीं निवेश प्रस्ताव में से 238 प्रोजेक्ट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए चयनित किए गए हैं। प्रधानमंत्री की ओर से विकास के बटन को दबाते ही अब इनपर काम शुरू हो जाएगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से उद्यमी उत्साहित है। वे मान रहे हैं कि इकाइयों में जल्द ही उत्पादन कार्य भी शुरू हो जाएगा।

> इनवेस्टर समिट के तहत हुए एमओयू को जमीन पर उतार दिया गया है। लगभग 19 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पहले चरण में शामिल हैं। नई इकाइयों में कई पर 50 फीसदी से अधिक पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्रोजेक्ट में उत्पादन शुरू होने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में भी इजाफा होगा।
>
> –सुधीर श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र

### अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय मिला

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये जिले को एक और अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय की सौगात मिली है। यह सौगात महर्षि महेश योगी अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय के रूप में है। विश्वविद्यालय बनने की शुरुआत इसी महीने से होगी। यह पूरा प्रोजेक्ट 680 करोड़ रुपये का है। माना जा रहा है कि इस विश्वविद्यालय के बनने के बाद यहां पर विश्वस्तरीय कृषि शोध कार्य संभव हो सकेंगे। इसके लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला को भी प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। इस विश्वविद्यालय को चौबेपुर में बनाया जाना है।

### ये हैं बड़े प्रोजेक्ट

- री सस्टेनेबिलिटी 3,000 करोड़
- सर्राफ ग्रुप 1250 करोड़
- रिमझिम इस्पात 2100 करोड़
- महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी 680 करोड़
- स्काई लाइन हाइट्स 500 करोड़

| विभाग | निवेश, करोड़ |
|---|---|
| यूपीसीडा | 10122 |
| शहरीविकास | 3000 |
| एमएसएमई | 1773 |
| आवास विभाग | 1174 |
| उच्च शिक्षा | 680 |
| पर्यटन | 586 |

### ग्रेटर कानपुर का भेजा प्रस्ताव : मनोज बंका

समारोह के दौरान पीआईएल के प्रांतीय अध्यक्ष ने कानपुर देहात को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात नाम को लेकर उद्यमियों में असहजता का भाव रहता था। ऐसे में लंबे समय से कानपुर देहात का नाम ग्रेटर कानपुर किए जाने की मांग की जा रही थी। हाल ही में इस समस्या पर कमिश्नर की ओर से नाम बदलने पर प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। उम्मद है जल्द ही इसके नाम में परिवर्तन हो जाएगा।

### सांसद से हुई मांग

समारोह के दौरान सांसद सत्यदेव पचौरी से शहर को लेकर बड़ी मांग की गई। यह मांग स्टेट कैपिटल रीजन को लेकर रही। उद्यमियों ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर के बाद प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व कानपुर देता है। ऐसे में स्टेट कैपिटल रीजन में नाम शामिल होने के बाद उसे अंत में निकाल दिया गया। उद्यमियों ने कहा कि इस योजना में कानपुर व कानपुर देहात का नाम शामिल होने से कई तरह की सुविधाएं मिलेगी। ऐसे में वे प्रयास कर कानपुर व कानपुर देहात का नाम स्टेट कैपिटल रीजन में शामिल कराएं।

### दो बार गई बिजली

समारोह के दौरान जब प्रधानमंत्री का संबोधन उद्यमि सुन रहे थे उस वक्त दो बार लाइट जाने से आयोजकों में असहजता की स्थित बनी। पहली बार दोपहर 3 :24 बजे दो मिनट के लिए जबकि दूसरी बार 3 :43 बजे तीन मिनट के लिए गई। लाइट जाने पर समारोह में व्यवधान पैदा हुआ।

# उद्योग बढ़ने से आएगी इन्फ्रास्ट्रक्चर में मजबूती

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर उद्यमियों-जनप्रतिनिधियों ने जताई खुशी
- कहा, उद्योग बढ़ने का लाभ सीधे सीधे शहर के हर नागरिक तक पहुंचेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत शहर में भी समारोह हुआ। समारोह के दौरान उद्यमी, जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने एकजुट होकर समृद्धि का उत्सव मनाया। इस दौरान प्रधानमंत्री की ओर से रखी गई विकास की नींव के सभी स्क्रीन के जरिये गवाह बने। संदेश दिया गया कि शहर में उद्योग के बढ़ने से इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी मजबूती आएगी। उद्योग से शहर का हर नागरिक जुड़ता है। अप्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उसे लाभ होता है। इनमें युवा, महिलाएं, प्रोफेशनल्स, श्रमिक व आम नागरिक सभी शामिल हैं। कहीं पर भी जब उद्योग बढते हैं तो वह उसे शहर के विकास का पैमाना होता है।

समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों और उद्यमियों ने मुखर होकर अपनी बात भी रखी। उद्योग व शहर के विकास में प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के योगदान को भी बताया गया। विकास को लेकर भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। जीटी रोड स्थित एक होटल में हुए समारोह में सभी ने बड़ी स्क्रीन पर लखनऊ में हो रहे मुख्य आयोजन का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सत्यदेव पचौरी मौजूद रहे। विधायक नीलिमा कटियार ने भी समारोह में अपने विचार रखे।

समारोह में मंडलायुक्त अमित गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उद्योगपतियों में बलराम नरूला, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य, प्रवेंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सेठ, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन सुशील शर्मा, फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, पीआईएल के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज बंका, मर्चेंट चेंबर से आरके अग्रवाल, रमेश चंद गुलाटी, तरुण गर्ग, राजीव भरतीया, अरुण शाह, मनोज अग्रवाल, रमन टंडन, नितिन टंडन व राकेश सूरी सहित अन्य कारोबारी भी समारोह में शामिल हुए।

**10** हजार करोड़ का निवेश यूपीसीडा से जुड़ा है

**01** अंतरराष्ट्रीय कृषि विश्वविद्यालय मिला

**128** एमएसएई प्रोजेक्ट से जुड़े प्रोजक्ट शुरू

**20** हजार युवाओं को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार

### 20 हजार युवाओं को सीधा रोजगार मिलेगा

उद्यमियों ने बताया कि नए प्रोजेक्ट के शुरू होने पर लगभग 20 हजार युवाओं को सीधा लाभ होगा। इनमें लगभग 8 हजार युवतियों को रोजगार की संभावना बढ़ी है। शिक्षा, गारमेंट्स, हॉस्पिटलटी, प्रोडक्शन जैसी इकाइयों में युवतियों के लिए रोजगार की संभावनाएं हैं। लगभग 80 हजार युवक व युवतियों को इन प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर बनेंगे।


समारोह में बड़ी संख्या में महिला उद्यमी भी उपस्थित रहीं। अमृत विचार


समारोह में लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनते उद्यमी। अमृत विचार

### 29 उद्यमियों को मिला सम्मान

समारोह के दौरान 29 उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। सम्मान हासिल करने वाले उद्यमियों ने बेहतर उद्यमिता के जरिए अपने दम पर सरकारी सहायता से कारोबार में इजाफा किया। इनमें कई उद्यमियों ने निर्यात शुरू कर निर्यातकों की श्रेणी में खुद को खड़ा किया। सम्मानित होने वाले उद्यमियों में यादवेन्द्र सचान, मेसर्स ग्रोमोर इंटरनेशनल, आकृति सिंह, मेसर्स भुवो हरमानों प्रालि, संगीता सिंह, मेसर्स रूद्धि इंटरलेशनल, वंशिका निगम, मेसर्स तन्वी इंटरप्राइजेज, आयुषी सेठ, मेसर्स गुढग्रागस प्रालि, कमलदीप, मेसर्स बडी ओवरसीज, हिमांशू जैन, सीईओ फ्लैटेड फैक्ट्री काम्पलैक्स, एसबी जखोटिया, मेसर्स ट्रिनिटी टेप्स प्रालि, आरएन त्रिपाठी, न्यू स्टार्टअप, अरुण शाह, मेसर्स इन्जेक्टोप्लास्ट, आरके अग्रवाल, मेसर्स नेट प्लास्ट प्रालि, मनोज अग्रवाल, मेसर्स कानपुर प्लास्टिपैक लि, रमन टंडन एवं नितिन टंडन, मेसर्स आदित्य फ्लैक्सी पैक प्रालि, राजीव भरतिया, मेसर्स हिल्टैक्स इंडस्ट्रियल फैब्रिक्स प्रालि, अनिल गुप्ता, मेसर्स ओम प्लास्टिक (इण्डिया) प्रालि, रमेश गुलाटी, मेसर्स ज्योति कैप्सूल, राकेश सूरी, मेसर्स सूरी शूज प्रालि, तरूण गर्ग, मेसर्स तरूण टेक्सटाइल्य, कार्तिक रस्तोगी, हैल्पअस ग्रीन, आशुतोष रस्तोगी, आरयूवीआर कामर्शियल प्रालि, जगदीश वैश्य, मेसर्स प्रहलाद राय कनेक्शन अर्ज प्रालि, प्रीति गुप्ता, मेसर्स कमल टेड्रिंग कारपोरेशन, अमित नागरथ, मेसर्स नागरथ इंडस्ट्रीज प्रालि, माधव अग्रवाल, श्री बंयल वायर प्रालि, दीपक गुप्ता, आकाशदीप ग्रुप, हिमांशू बालानी, उद्यमी, विनायक निगम, मेसर्स क्रिएटिवो आर्ट, करन केडिया, मेसर्स प्रिंट एंड गिफ्ट रहे।

# पांच महिला उद्यमियों को मिला पुरस्कार

- बोलीं, निवेश बढ़ने से उद्यमिता को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सोमवार को महिला उद्यमियों ने भी दम भरा। समारोह में बेहतर उद्यमिता के लिए पांच महिला उद्यमियों को पुरस्कार हासिल हुआ। समारोह में आई महिला उद्यमियों ने कहा कि निवेश बढ़ने से उद्यमिता का माहौल बनता है। इससे कारोबार की संभावना प्रबल होती है।

युवा महिला उद्यमी कैंडल स्टेशन की निदेशक तनु मेहरोत्रा व शिवाद्वा फूड की निदेशक मैथिली दीक्षित मिश्रा ने कहा कि निवेश से उद्योग को बढ़ावा मिलने से महिला उद्यमी भी उत्साहत होती हैं। महिलाओं को प्रोत्साहन देने वाली सरकारी योजनाओं का भी उन लोगों को लाभ मिल रहा है।

### 22 महिला उद्यमी

समारोह में 33 महिला उद्यमी शामिल हुईं। इनमें 13 महिला उद्यमी ऐसी रहीं जिन्होंने कोविड के बाद अपने कारोबार को घर पर ही शुरू किया। अब वे बड़े स्तर पर कारोबार को शुरु करने के लिए प्रयास कर रही हैं। 3 युवतियों ने अपने स्तर पर स्टार्टअप की शुरुआत की। अब वे अपने स्टार्टअप के लिए निवेशक तलाश रहीं है। पांच महिला उद्यमी अपने उत्पाद का निर्यात कर रही हैं।

### जनप्रतिनिधियों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन

कानपुर। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 का लाइव प्रसारण भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 52 विधानसभा में जनप्रतिनिधियों ने सुना। कल्याणपुर विधानसभा का लाइव प्रसारण जीटी रोड में होटल में हुआ। वर्चुअल प्रसारण के जरिए कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक नीलिमा कटियार सहित अधिकारियों एवं उद्योगपतियों की मौजूदगी में सुना गया। वहीं गोविंद नगर विधानसभा में जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय, सीसामऊ विधानसभा में क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, किदवई नगर महेश त्रिवेदी, महाराजपुर केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, बिठूर अभिजीत सिंह सांगा, हमीरपुर मे मनोज प्रजापति, राठ मे मनीषा अनुरागी, महोबा में राकेश गोश्वामी सहित सभी विधानसभाओं मे सांसद, विधायक, राज्यसभा सदस्य, विधान परिषद सदस्यों ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन वर्चुअल माध्यम से सुना। इसी तरह किदवई नगर विधानसभा में आनंदपुरी , छावनी में माल रोड के एबी विद्यालय और महाराजपुर के नर्वल तहसील सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किदवई नगर में विधायक महेश त्रिवेदी व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, छावनी में राज्य सभा सांसद गीता शाक्य ने संबोधन को सुना। प्रमुख रूप से सुनील बजाज, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह,मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, कौशल किशोर दीक्षित, रामदेव शुक्ला, संजय कटियार, वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सरकारी मशीनरी बाधा पैदा करती : सुनील वैश्य

आईआईए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने कहा कि शहर को निवेश प्रशंसनीय है। सरकारी अधिकारियों को भी दुरुस्त होने की जरूरत है। सरकारी अधिकारियों का बर्ताव छोटे उद्योग के लिए उचित नहीं है। ऐसे लोग जिनकी पूंजी कम है या जो नया कारोबार करने की सोच रहे हैं सरकारी अधिकारी उनके प्रोजेक्ट में बाधा पैदा करते हैं। यह समस्या खासतौर पर एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों को रोजाना झेलनी पड़ती है।

### दोबारा लौटा औद्योगिक स्वरूप : सत्यदेव पचौरी

समारोह में सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि प्रदेश में दस लाख करोड़ रुपये की इस बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हुई है। यह प्रदेश का अब तक का निवेश का सबसे बड़ा इतिहास है। इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से शहर में 19 हजार करोड़ रुपये के निवेश जमीन पर उतरे हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि शहर का खोया हुआ औद्योगिक स्वरूप दोबारा से वापस आ रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह डबल इंजन की सरकार है। औद्योगिक स्वरूप बेहतर हो रहा है।

### छोटे इनवेस्टर को बढ़ावा : नीलिमा कटियार

समारोह में विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सबसे ज्यादा लाभ छोटे इनवेस्टर को मिलता है। प्रदेश व शहर को मिला इतना बड़ा इनवेस्टमेंट और उसके जल्द जमीन पर उतरने से यह साबित होता है कि सरकार डबल इंजन की रफ्तार से काम कर रही है। कहा कि उद्योग के लगने से शहर के मूलभूत ढांचे में मजबूती आएगी। बिजली, सड़क, हाईवे, एक्सप्रेस वे, यातायात, सहित अन्य विकास तेजी से होता है।

**खुशी के पल** पुरस्कार पाने वाले उद्यमियों में दिखी खुशी, अपने मन की बात में व्यक्त किए उद्गार

# नए विचार और सेवा भावना से उद्यम करें, आगे बढ़ें और बढ़ाएं

कानपुर, अमृत विचार। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सोमवार को पुरस्कार पाने वाले युवा उद्यमियों के हौसले बुलंद दिखे। खुशी से लबरेज उद्यमियों ने उद्यम क्षेत्र में प्रवेश करने वाले युवाओं को भी सलाह-मशवरा दिया उन्होंने कहा कि नए विचार, सेवा, राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ आगे आएं। सरकार का सहयोग मिल रहा है। उद्यम अपनाएं देश व समाज के विकास में भागीदार बनें। पेश है पुरस्कार पाने वाले कुछ उद्यमियों से बातचीत।


बहुत बेहतर है दो साल का अनुभव, नए प्रयोग और लोगों के सलाह पर विचार करते हुए बहुत जल्द मुकाम हासिल किया जा सकता है। मोटा अनाज से तैयार किया जाने वाला नमकीन लोग पंसद कर रहे हैं। सरकार और जिला प्रशासन से भी पूरी मदद मिलती है।
–संगीता सिंह, रुद्धि इंटरनेशनल


केंद्र व राज्य सरकार लगातार औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे रही है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी तो निर्यात भी बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। प्रदेश में बने सुरक्षा के माहौल, राज्य सरकार की उद्योग परक नीतियों का ही परिणाम है कि तेजी से निवेश हो रहा है।
–त्रिभुवन चन्द्र जैन, समाजसेवी


उद्यम में हर चीज का प्रयोग है। कोई चीज बेकार नहीं है। नए विचार की जरूरत होती है। मंदिरों से फूल और फूल मालाएं उठाकर उनके द्वारा अगरबत्ती और धूपबत्ती बनाते हैं। फ्लावर के यह प्रोडक्टस लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। खूर पंसद किया जा रहा है।
–अंकित अग्रवाल, फ्लावर साइक्लिंग


नए उद्यमियों को यह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का कार्यक्रम ऊर्जा और प्रोत्साहन देने वाला है। उद्यम में सरलता के साथ बढ़ने की जरूरत है। लेदर गुड्स आज के समय में सभी की जरूरत है। पर्स और बेल्ट दैनिक जरूरत में आते हैं। इस उद्यम में काफी संभावनाएं हैं।
–यादवेंद्र सचान, ग्रोमोर इंटरनेशनल


यूपी के लिए यह सुखद अनुभव की बात है। जहां एक अच्छी मीट के माध्यम से सबकुछ बताया जा रहा है। सरकार और प्रशासन का पूरी तरह से सहयोग है। फूलों को रिसाइकिल करके धूपबत्ती, अगरबत्ती का उद्यम भी बेहतर है। इसी से हमें पहचान मिली है।
–कार्तिकेय रस्तोगी, हैल्पअस ग्रीन


गुड़, रेवड़ी, फल, सब्जी, चावल और दाल का निर्यात करते हैं। यह मीट से बहुत कुछ सीखा है। बाकी कहना चाहता हूं कि बैंकें एमएसएमई स्कीम का सहयोग करें। नियमों को गंभीरता से लागू कराएं। नए उद्यमियों को हर हाल में इसका फायदा मिलना चाहिए।
–कमलदीप सिंह, बडी ओवरसीज


इस मीट के माध्यम से बहुत कुछ सीखा, जो उद्यम के लिए अच्छा अनुभव है। युवाओं से कहेंगे कि उद्यम करें, आगे बढ़े। सरकार और प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है, इसलिए आगे आए और उद्यम में बढ़े। हम खुद लगातार अनुभव लेते हुए आगे बढ़ रहे हैं।
–वंशिका निगम, तन्वी इंटरप्राइजेज


सरकार अच्छी–अच्छी स्कीम ला रही है। अभी आगे के पांच साल और उत्तम हैं। यह उत्तम समय चल भी रहा है। युवा नए विचार और सेवा भावना से आगे आए। उद्यम से सेवा के साथ समाज और देश का विकास भी किया जा सकता है। सुनहरे अवसर में शामिल हो।
–अमित नागरथ, नागरथ इंडस्ट्रीज


इस समय उद्यम के लिए जो अवसर सरकार दे रही है। ऐसा पहले नहीं देखा। इससे ज्यादा और सरकार क्या देगी। जगह से लेकर सब्सिडी तक सबकुछ सरकार की ओर से मिल रहा है। मशीनरी पर भी 20 प्रतिशत धन वापस हो रहा है। बस मेहनत और लगन से आगे बढ़े।
–हिमांशु जैन, फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लैक्स

# मुख्यमंत्री करेंगे डिफेंस कॉरिडोर का उद्घाटन

- 26 फरवरी को समारोह में पीएम मोदी भी वर्चुअल जुड़ेंगे
- साढ़ में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने लगाई है यूनिट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साढ़ में बने डिफेंस कॉरिडोर का उद्घाटन करने 26 को सीएम योगी आदित्यनाथ शहर आ रहे हैं। उस दिन होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री भी वर्चुअल जुड़ेंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिफेंस कॉरिडोर का जिक्र किया। कहा कि इसके शुरू होने से एमएसएमई जैसे क्षेत्र को लाभ हासिल होगा।

साढ़ में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस अपनी युनिट लगा रही है। इस युनिट में सबसे पहले रायफल, लाइट मशीन गन, एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनाई जाएंगी। कॉरिडोर में अदाणी की अन्य युनिट में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड सहित आयुध से जुड़े उत्पाद बनाए जाएंगे। आत्म निर्भर भारत के तहत इन युनिटों में रक्षा क्षेत्र से जुड़े अन्य प्राइवेट प्लेयर भी अपने उत्पाद बनाएंगे। पहले चरण में सिर्फ अदाणी समूह की युनिट की शुरुआत होगी। अदाणी समूह का साढ़ में एशिया का सबसे बड़ा एम्यूनेशन कांप्लेक्स यानी अस्त्र-शस्त्र निर्माण क्षेत्र विकसित हो रहा है। योजना में भविष्य में यहां पर टोड तोप की सीरीज निर्माण की भी तैयारी है। टोड तोपों का प्रयोग वियतनाम से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध तक में किया जा चुका है। पहली बार इसे मास्को में परेड में प्रदर्शित किया गया था। पहली यूनिट का परीक्षण पूरा कर लिया गया है।

**499** एकड़ जमीन का हुआ था अधिग्रहण

**18** तरह के आयुध उत्पादन के लिए इकाई सक्षम

**125** अन्य छोटी इकाइयां भी योजना में जुड़ेंगी

**04** हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

# जाजमऊ में सोलर पॉवर प्लांट, पालिका में स्टेडियम

## ○ नगर निगम सदन में पांच प्रमुख प्रस्ताव पास ○ परेड मल्टीलेवल कार पार्किंग के बगल में बनेगी सब्जी और फल मंडी


नगर निगम सदन में निर्देश देतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

**शहर के विकास की राह**

- सदन ने राम मंदिर को लेकर सरकार का धन्यवाद प्रस्ताव भी रखा
- एक सप्ताह में सभी पार्षदों को मिलेंगी 14-14 लाइटें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ में सीवरेज फॉर्म की 1253 एकड़ भूमि पर नगर निगम सोलर पॉवर प्लांट लगाएगा जिससे 36 एमएलडी सीईटीपी को चलाया जायेगा। अभी नगर निगम प्लांट को सुचारू चलाने के लिये बिजली के 50 फीसदी भार का वहन करता है। सोलर प्लांट लगने के बाद नगर निगम के ऊपर यह भार कम हो जायेगा। सोमवार को हुये नगर निगम सदन में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कुल चार प्रस्ताव पेश किये। जिसमें सोलर पॉवर प्लांट समेत पालिका स्टेडियम में फ्लड लाइट युक्त क्रिकेट स्टेडियम, परेड में सब्जी व फल मार्केट के साथ ही स्वरूप नगर में महिला मार्केट निर्माण का प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव पर सदन की सैद्धांतिक सहमति के बाद शासन की अनुमति के लिये भेजने की तैयारी शुरू हो गई है।

महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को 26 अगस्त 2023 और 9 अक्टूबर 2023 को पूर्व सदन में दिये गये निर्देश और प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही से पार्षदों को अवगत कराने के लिये सदन को बुलाया था। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुये बताया कि पिछले सदनों में कुल 27 प्रस्तावों को अनुमोदन के लिये रखा गया जिसमें से 13 को आगे बढ़ाया गया। इसमें गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट, आंधी-पानी में पेड़ों के कटान के लिये टीम की स्वीकृति, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की आकस्मिक दुर्घटना में मौत पर 5 लाख बीमा आदि के प्रस्ताव को आगे बढ़ाया गया। इसके तुरंत बाद सदन ने राम मंदिर को लेकर सरकार का धन्यवाद प्रस्ताव भी रखा गया। इसके बाद नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सदन के मंच से नये प्रस्तावों को रखा, जिसे सदन ने स्वीकृति दे दी।


महापौर से भिड़ रहे भाजपा पार्षद हरि स्वरूप को रोकने की कोशिश करते पार्षद नवीन पंडित। अमृत विचार

### पार्षदों की शिकायत प्रतिदिन सुनेंगे नोडल अधिकारी

वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने पार्षदों की शिकायत पर कोई ध्यान न देने की बात कही। इस पर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा ने अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ अधिकारी सीयूजी नंबर भी बंद रखते हैं। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को पार्षदों की शिकायत सुनने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया, और कहा कि कोई भी अधिकारी अपनो फोन अब बंद नहीं रखेगा।

### स्वरूप नगर में महिला मार्केट और काम्प्लेक्स

स्वरूप नगर में अब नगर निगम अपने संसाधनों से महिला मार्केट व काम्प्लेक्स का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को सदन ने सोमवार को सैद्धांतिक सहमति दे दी। नगर आयुक्त ने बताया कि अब इस प्रस्ताव को शासन से अनुमति लेने के लिये भेजा जायेगा। बता दें कि इससे पहले महिला मार्केट का निर्माण म्यूनिसिपल बांड से एकत्र किये जाने वाले पैसे से होना था। लेकिन, बांड के कैंसिल होने के बाद निर्माण का रास्ता बंद हो गया। इस योजना में करीब 100 करोड़ खर्च होंगे।

### भाजपा पार्षद महापौर से भिड़ा

सदन के सामने अपनी बात रखने को लेकर भाजपा पार्षद महापौर से भिड़ गया। पार्षद हरी स्वरूप तिवारी ने विकास कार्य ने होने को लेकर नाराजगी जताई। महापौर ने चुप रहने को कहा, लेकिन पार्षद बोलने के लिए अड़ गये। इस पर महापौर ने उसे सदन से बाहर जाने को कहा। पार्षद जाने लगा तो नेता सदन ने उसे गले लगाकर बैठा दिया।

**27** प्रस्तावों को अनुमोदन के लिये रखा गया

**1253** एकड़ भूमि पर सोलर पॉवर प्लांट

**36** एमएलडी सीईटीपी को चलाया जायेगा

**50** फीसदी बिजली भार कम हो जाएगा

**100** करोड़ से बनेगा महिला मार्केट

### पालिका स्टेडियम में फ्लडलाइट युक्त क्रिकेट मैदान बनेगा

नगर निगम पालिका स्टेडियम में फ्लड युक्त क्रिकेट मैदान बनाएगा। जिसमें छोटी लीग व अन्य तरह के खेल हो सकेंगे। मैदान के बनने के बाद शहर को एक और उच्च गुणवत्ता का स्टेडियम मिल जायेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम परेड मल्टीलेवल कार पार्किंग के बगल में खाली जमीन पर सब्जी और फल मंडी का निर्माण करेगा। जिससे आम लोगों को एक ही जगह सामान मिल सके। सदन ने इस कार्य की अनुमति दे दी है।

### यह भी मुद्दे उठे

- पार्षद पवन गुप्ता द्वारा पूर्व स्वतंत्रता सेनानी के गृहकर के मुद्दे को उठाया गया, जिसपर महापौर ने कहा कि हम सिर्फ गृहकर में छूट दे सकते हैं।
- पुनरक्षित बजट और मूल बजट को नियमानुसार सदन में पास करने के लिये फिर से सदन बुलाया जायेगा।
- पार्षद धीरेंद्र त्रिपाठी ने त्वरित कार्य के लिये 10 हजार रुपये की पॉवर अधिकारियों को देने की अनुमति देने की मांग की
- टेबल प्रस्ताव पर कार्यवाही की जानकारी पार्षदों को देने की मांग की गई


अपनी बात रखते पार्षद मोनू गुप्ता। अमृत विचार


नगर निगम सदन में मौजूद रहे सभी पार्षद। अमृत विचार

# बाबूपुरवा में बनेगा ऑडिटोरियम

**कानपुर।** दक्षिण के लोगों को अब जल्द ही ऑडिटोरियम मिलेगा। जिसमें छोटे कार्यक्रम के साथ ही मीटिंग व अन्य समारोह आयोजित हो सकेंगे। भाजपा दल के पार्षद नवीन पंडित की ओर से बाबूपुरवा स्थित बीएन भल्ला अस्पताल में ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव दिया गया। जिसे सदन ने सहमति दे दी।

महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि प्रमिला सभागार की तर्ज पर ही यह ऑडिटोरियम बनेगा। जिससे दक्षिण क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। यहां की एक हजार लोगों की क्षमता होगी।

### पार्षदों को मिली सौगात

महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को सदन में कहा कि पार्षद कोटे के 20 लाख के कार्य वार्ड में कराए जा चुके हैं, कुछ हो रहे हैं। बाकी 5-5 लाख के कार्य जल्द कराए जाएंगे। वहीं कहा कि 2 करोड़ रुपये से 14-14 स्ट्रीट लाइट और लगाई जाएंगी। अधिशाषी अभियन्ता लाइटिंग आरके पाल के रिटायर होने से लाइटिंग का काम प्रभावित था। नगर निगम ने उन्हें एक साल का एक्सटेंशन दिया है। यह बात सुनकर पार्षद गदगद हो गये। कंबल लेकर प्रदर्शन करने नगर निगम पहुंची वार्ड 14 की पार्षद भी शांत बैठी रहीं और चुपचाप चली गईं। वहीं, भाजपा, सपा और कांग्रेस के साथ ही निर्दलीय पार्षदों में एक-दो को छोड़कर सभी चुप्पी साधे रहे।

### फर्जी दाखिल खारिज की शिकायत पर जांच

पार्षद आकर्ष बाजपेई ने सदन में कहा कि नगर निगम के पंचशाला में खेल कर मंदिर और हिंदू ट्रस्ट की जमीनों का फर्जी तरीके से दाखिल खारिज किया जा रहा है। इसपर महापौर ने जांच के आदेश दिए और संपत्ति अधिकारी अनिरुद्ध सिंह को कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई किसी की भी जमीन पर फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार न हो सकें इसकी निगरानी की जाए।

## एक नजर

### मां ने डांटा तो जहर खाकर जान दी

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में मर्दनखेड़ा मेहरबान सिंह पुरवा निवासी 17 वर्षीय रजिया को मां आसमां ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर उसने रविवार रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### कार ने युवक को रौंदा

**कानपुर।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पीओपी कर्मी को रौंद दिया था। हैलट में एक माह बाद मौत हो गई। ग्वालटोली निवासी 47 वर्षीय मनीष कुमार पीओपी कर्मी थे। परिजनों ने बताया कि 15 जनवरी को परमट चौराहे पर कार चालक रौंदते हुए भाग निकला था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार को इलाज के दौरान मनीष की हैलट में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई बब्लू की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कैमरे लगाने के लिए जागरूक किया

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने चकेरी थानाक्षेत्र में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में वार्ता की गई। इस दौरान ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा कैमरा लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक चकेरी के साथ थानाक्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों पर गश्त की।

# गैस गीजर लीक, शिक्षिका की मौत

- आवास विकास केशवपुरम में हादसा, दरवाजा तोड़कर निकाला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में बाथरूम में गैस गीजर में लीकेज से एक शिक्षिका की मौत हो गई। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया जहां शिक्षिका अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से उन्नाव के रघुवीरखेड़ा तकिया के रहने वाले आवास विकास केशवपुरम निवासी संतोष यादव का गड़रियनपुरवा में ट्रक बॉडी का काम है। उन्होंने बताया कि उनकी 26 वर्षीय बेटी


अमिता यादव।

अमिता यादव का तीन महीने पहले बिहार की शिक्षक भर्ती में चयन हुआ था। 12 फरवरी को चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए वह 11 फरवरी को घर आ गई थी। उन्नाव से शादी से घर लौटने के बाद 16 फरवरी की शाम नहाने के लिए बाथरूम में गई, लेकिन बाहर नहीं निकली। काफी देर तक बाथरूम से कोई आवाज नहीं आने पर मां ललिता यादव ने आवाज दी, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद अमिता के पिता संतोष और छोटे भाई अमन यादव को जानकारी दी। दरवाजा तोड़ा तो वह बाथरूम में अचेत पड़ी हुईं थी। परिवार के लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने हैलट के लिए रेफर कर दिया। वहां रविवार देर रात शिक्षिका अमिता की सांसें थम गईं। पिता संतोष ने बताया कि बेटी को निकालते समय बाथरूम में धुआं जैसे भरा हुआ था। रावतपुर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने बताया कि बाथरूम में गीजर की गैस लीकेज से मौत होने की बात कही जा रही है।

### घर में है गैस गीजर तो बरतें सावधानियां

- गीजर से पानी जब गर्म हो जाए तो उसे बंद कर दें।
- गीजर को कंपनी के इंजीनियर से लगवाएं, खुद न कोशिश करें।
- आईएसआई मार्का वाला ही गीजर खरीदें, लोकल कतई न लें।
- देर तक गीजर चालू रहने से ज्यादा गर्म हो जाता है, जिससे फट सकता है।
- बॉयलर पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिससे लीकेज हो सकता है।
- बाथरूम में गैस गीजर होने पर वेंटीलेशन न होने से दम घुट सकता है।
- गैस गीजर ऐसी जगह लगवाएं, जहां खुली जगह और हवा हो।
- गीजर के स्विच की ऊंचाई इतनी होनी चाहिए कि बच्चों के हाथ आसानी से न पहुंच सके।
- बाथरूम का दरवाजा बंद करने से पहले बाल्टी में गर्म पानी भर लें।

## देवर पर गलत करने का आरोप

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में एक महिला ने पति पर दूसरी शादी कर लेने और देवर पर गलत काम करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौबेपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी वर्ष 2008 में राजापुरवा के ट्रक मैकेनिक में हुई थी। ससुरालीजन दहेज की मांग कर उसे परेशान करते थे। आरोप है कि पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली। महिला ने बताया कि नौ फरवरी की रात को देवर कमरे में घुस आया और गलत काम करने का प्रयास किया।

## दो पर चाकू से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में मामूली विवाद में कार चालक और उसकी भांजी पर चाकुओं से हमला कर लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांधीग्राम निवासिनी रिचा श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि रविवार रात वह अपने जीजा देवेंद्र सिंह और भांजे व भांजी के साथ रामादेवी चौराहे पर कार किनारे कर खड़ी थी। तभी एक युवक आया और कार का दरवाजा खोलने का प्रयास करने लगा। जिस पर देवेंद्र ने उसे मना किया तो कुछ देर बाद आरोपी युवक फिर से आया और देवेंद्र के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। बीच बचाव करने पर आरोपी ने उनकी भांजी पर भी चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में देवेंद्र को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना के बाद आरोपी युवक मौके से भाग निकला।

इसके बाद रिचा ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# हत्या के प्रयास में पांच वर्ष की कैद

- अपर सत्र न्यायाधीश 14 की कोर्ट का फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इलेक्ट्रानिक कारोबारी के गले में रस्सी कस कर पिटाई के बाद मरा समझ कर नहर में फेंकने वाले युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराया। कोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में दोषी युवक को पांच साल का कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। दोषी वर्ष 2006 में कारोबारी को झांसे में लेकर सेन गांव स्थित नहर ले गया था। गुजैनी जी ब्लॉक निवासी अशोक कुमार तिवारी के बेटे नितिन तिवारी की बिजली की दुकान थी। 11 जून 2006 को दुकान में नितिन बैठा था, तभी मोहल्ले में ही रहने वाला विनोद अपने एक साथी के साथ दुकान गया था। नितिन को साथ ले गया था। सेन गांव स्थित नहर के पास पास पहुंचने पर विनोद ने साथी के साथ मिलकर गले में रस्सी बांध कर उसकी जमकर पिटाई की और मरा समझ कर नहर में फेंक कर फरार हो गए थे। काफी देर बाद होश आने पर नितिन ने गांव के प्रधान को घटना की जानकारी दी थी। परिजनों ने बिधनू थाने में कल्याणीपुरवा, बिधनू निवासी विनोद व उसके साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 14 दीपाली सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट ने सजा सुना दी।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै कहकशा बानो पुत्री अब्दुल हफीज सिद्दीकी, निवासी- कहला, मलिहाबाद, मेरे पासपोर्ट जिसका नंबर N2686362 पर त्रुटिवश मेरा नाम KAHKASHAM BANO दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम KAHKASHA BANO है जो कि सभी दस्तावेजों में दर्ज है आज से मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्याम बदन गिरि पुत्र रमाकान्त गिरि, निवासी- ग्राम-परसौनी बुर्जुग, थाना-तराया सुजान, जिला-कुशीनगर,** मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंकुश गिरि है। परन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश कुनाल व जन्मतिथि- 06.10.2007 दर्ज हो गयी थी। अंकुश गिरि व कुनाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे पुत्र के है यदि भविष्य में नाम व जन्मतिथि के संबंध में कोई बात होती है तो उसके लिए मै पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका सही नाम अंकुश गिरि व सही जन्मतिथि 06.10.2008 अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं **विरेन्द्र कुमार पुत्र कपिल देव महतो, निवासी- गहरू रोड, स्कूटर इण्डिया गेट नं-2 गौरी, सरोजनी नगर लखनऊ** एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि मैने एक प्लाट क्षे0 822. 800 वर्गफीट स्थित गाटा सं0-1009अ व 1009 ब ग्राम गहरू परगना बिजनौर, तह0 सरोजरनी नगर लखनऊ को जरिये बैनामा दिनांक 21-10-2009 को सन्दीप कुमार से क्रय किया था जो कि उपनिबन्धक कार्यालय लखनऊ में दिनांक 21-10-2009 को बही सं0 1 जिल्द सं0-5235 प्रष्ठ सं0- 243-280 कमांक 9790 पर दर्ज है। उक्त सम्पत्ति का मूल विक्रय पत्र जो कि मेरे बैग में था वह दिनांक 23.02.2010 को अमौसी के पास कानपुर रोड, लखनऊ में कही बैग गिर जाने के कारण खो गया था जिसकी सूचना मैने दिनांक 28/02/2010 को थाना सरोजनी नगर लखनऊ में दर्ज करायी थी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र कवीन्द्र मोहन तिवारी, आर्मी नं.-JC543372F रैंक नायब सूबेदार के सैन्य अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम राधा कृष्ण पुजारी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम राधा कृष्ण है। अतः मेरे पुत्र के सैन्य अभिलेखों में भी राधा कृष्ण दर्ज किया जाये। **-राधा कृष्ण, ग्राम-मरसोली, पोस्ट-शिलिग, जिला-पिथौरागढ़, 262501 उत्तराखण्ड**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **श्रीमती सीमा पत्नी नन्हेंलाल, निवासी- शहवाजपुर, पो0- परीदपुर कट्टर परगना व तहसील बांगरमऊ, जनपद- उन्नाव,** मेरी पालिसी संख्या- 224457686 दिनांक 28-12-2011ई में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी नन्हें लाल अंकित है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सीमा पत्नी नन्हें लाल है। शान्ती देवी व सीमा देवी पत्नी नन्हें लाल जोकि एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी पॉलिसी में मेरा नाम संशोधित कर सही नाम सीमा अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्वर्गीय लटूरी लाल के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01-01-1966 लिखी है जो की गलत है। मेरी वास्तविक जन्मतिथि 1 जुलाई 1953 दर्ज की जाए जो कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड के मुताबिक सही है। **-श्रीमती चंदा देवी पत्नी स्व. हवलदार लटूरी लाल, नगला भदई, पोस्ट ईशम पुर, तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज**


सख्ती | बैराज के दोनों तरफ बैरियर लगाकर सड़क पर तैनात रहे पुलिसकर्मी, वाहन सवारों को रोका-जांचा

# हादसे में कारोबारी की मौत के बाद गंगा बैराज पर चेकिंग

- एक स्कूटी पर नशे में धुत तीन युवक पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगाबैराज से बिठूर मार्ग पर तेज रफ्तार कार से स्टंट करने में नाबालिग ने दवा कारोबारी निकेश तलाटी को कुचल दिया था। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई थी। स्टंट के खेल में पूर्व में भी कोई बेगुनाहों की जान जा चुकी है। लेकिन स्टंट से मौत का खेल नहीं थम रहा है। हादसे के तीसरे दिन बाद पुलिस कुंभकरणीय नींद से जागी और ग्राउंड चेकिंग शुरू की। इस दौरान वाहन सवारों में हड़कंप मचा रहा।

कुछ दिन पहले गंगा बैराज पर सब इंस्पेक्टर से उलझती हुई एक युवती का भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बिना हेलमेट स्कूटी चला रही युवती ने रोकने पर सब इंस्पेक्टर से अभद्रता कर झापड़ मार दिया था। आज तक वह पकड़ी नहीं जा सकी है। आए दिन गंगा बैराज पर अनियंत्रित गति की वजह से लोगों को तो जान से हाथ धोना पड़ता है, साथ ही लॉ एंड ऑर्डर की परेशानी भी होती है। इस परेशानी से मुक्ति दिलाने का काम कमिश्नरेट पुलिस ने शुरू कर दिया है। डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम ने बताया कि नवाबगंज और कोहना थाने को अतिरिक्त पुलिस फोर्स दिया गया है। गंगा बैराज पर बैरियर लगा दिए गए हैं। सोमवार शाम एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार के नेतृत्व में कोहना और नवाबगंज थाने की पुलिस ने एक साथ ग्राउंड चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस का मोनोग्राम लगी स्कूटी को रोका गया तो तीनों सवारों की जांच करने में तीनों शराब के नशे में मिले। वहीं तलाशी लेने पर बियर और शराब की पैकेट भी मिले।

पूछताछ में तीनों ने शराब पीने और ले जाने की बात बताई। तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं एक स्कूटी पर तीन महिलाओं और एक पुरुष को रोककर हिदायत दी गई। शाम सवा चार बजे से शुरू हुई चेकिंग साढ़े सात बजे तक चली। नियम तोड़ने वाले बीच पुल से ही गलत साइड भागकर पुलिस से बचते नजर आए।


स्कूटी सवार को बिना हेलमेट और बियर के साथ पकड़ा।


**कार्यालय- मार्ग प्रकाश विभाग**
**नगर निगम कानपुर**

**अति अल्पकालीन सा0 निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत सामग्री क्रय एवं टैम्प्रेरी कार्य हेतु जनरल सप्लायरों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुसार 03 कार्य हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की बेवसाइट www://kmc.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 20.02.2024 दोपहर 3:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 20.02.2024 सायं 4: 00 बजे |
| कार्य की संख्या | 03 |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्तें उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

Ro no 383

प्रभारी अभियन्ता (विद्युत) नगर निगम कानपुर

नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर

## एक नजर

### हाईस्कूल की छात्रा ने अवसाद में दी जान

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में दो वर्षों से बीमारी के कारण अवसाद में चल रही हाईस्कूल की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आवास विकास अंबेडकरपुरम निवासी होटल संचालक नवाब सिंह की 15 वर्षीय बेटी सृष्टि यादव मकसूदाबाद के वेलफेयर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। रविवार देर रात सृष्टि ने अपने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह अवसाद में थी। उसका दिमागी इलाज लखनऊ से चल रहा था। मौके पर सुसाइड नोट मिलने की चर्चा चलती रही।

### आग ताप रही वृद्धा झुलसी, मौत

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में घर के बाहर आग ताप रही वृद्धा गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर हालत में परिजनों ने उन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। श्याम नगर बी ब्लॉक निवासी 64 वर्षीय रेखा आठ फरवरी की शाम को घर के बाहर बैठकर आग ताप रही थी। अचानक उनकी साड़ी में आग लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गईं। जिस पर परिजनों ने उन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मौत हो गई।

# आज शहर को 'आईआईएस' का तोहफा देंगे पीएम मोदी

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से आईआईएस के नये भवन का लोकार्पण करेंगे, गोविंद नगर स्थित एनएसटीआई परिसर में बना है भवन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से पहले मंगलवार को देश को एक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल (आईआईएस) की सौगात मिल जायेगी। कानपुर के गोविंद नगर स्थित एनएसटीआई परिसर में बने आईआईएस के नये भवन का आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये लोकार्पण करेंगे। इस दौरान एनएसटीआई में छात्र-छात्राओं के लिये पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाई जाएगी। इस कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर और एचबीटीयू के अधिकारियों को भी बुलाया गया है। बता दें कि पीएम मोदी ने देश के तीन स्थानों, मुंबई, अहमदाबाद और कानपुर में आईआईएस भवन बनाने को शिलान्यास किया था।

पीएम नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आईआईएस (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल) के उद्घाटन को लेकर अधिकारियों ने पिछले दिनों दौरा किया था। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की अपर सचिव व महानिदेशक (प्रशिक्षण) त्रिशालजीत सेठी और मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार नीलांबुज शरण ने एनएसटीआई कैंपस का निरीक्षण किया था, उन्होंने यहां बने नए भवन आईआईएस को भी देखा था। इसी समय तय हो गया था कि संस्थान की शुरुआत जल्द हो सकती है। जिसके बाद मंगलवार को पीएम मोदी देश को सौगात देने जा रहे हैं।

अमृत विचार विशेष



आईआईएस का भवन तैयार। अमृत विचार

**2018** को निर्माण शुरु हुआ था

**16** हजार वर्गमीटर में बन रहा है

**66.13** करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है

- युवाओं को एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों के लिए ट्रेंड किया जाएगा
- आईआईटी पांच वर्षों के लिए आईआईएस का मार्गदर्शन करेगा

### 86 महीने में आईआईएस बनकर तैयार

- कानपुर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल की आधारशिला पीएम नरेंद्र मोदी ने 19 दिसम्बर 2016 को रखी थी। जनवरी 2017 को इसका कार्य एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को दिया गया। एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड ने मई 2018 में कानपुर में काम शुरू किया था। दो वर्ष में बिल्डिंग का कार्य पूरा करना था। लेकिन 2024 में यह भवन बनकर तैयार हो पाया है। पूरी तरह से भवन को फिनिशिंग देने में करीब 86 महीने लगे हैं। 16 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में फैली यह इमारत अब तैयार है। जिसे मंगलवार पीएम मोदी देश को सौंप देंगे।

### बहुद्देशीय हॉल और एयर थियेटर है

- यहां भूतल और दो तल बन चुके हैं। जिनमें लेबोरेटरी, क्लास रूम, बहुद्देशीय हॉल, स्टाफ रूम, एयर थियेटर, एलीवेटर, सौर ऊर्जा प्रणाली के साथ चार प्रमुख श्रेणियों मशीनिंग और विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और विशेष प्रयोजन प्रौद्योगिकी के तहत कौशल विकास से संबंधित कम से कम 12 अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं हैं।

### छात्र इसमें भी होंगे पारंगत

- ऑटोमोबाइल लैब, सीएनसी लैब, कन्वेंसनल मशीन लैब, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन लैब, मैक्रोनिक्स लैब, अपेरल सेक्टर, ब्यूटी सेक्टर, लेदर डिजाइन और कैड/कैम, आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, आईटी, नेटवर्किंग, क्लाउड लैब।

### एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में भरेगा उड़ान

भारतीय कौशल संस्थान कानपुर ने स्थानीय युवाओं को एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आईआईटी कानपुर, एचएएल और डसॉल्ट एयरक्राफ्ट सर्विसेज इंडिया (डीएएसआई) के साथ 3 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत आईआईटी अगले पांच वर्षों के लिए आईआईएस का मार्गदर्शन करेगा। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में रक्षा औद्योगिक गलियारे का समर्थन करना इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य है। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर पांच वर्षों के लिए आईआईएस का मार्गदर्शन करेंगे। आईआईटी कानपुर, आईआईएस में प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे के विकास, प्रयोगशाला प्रणाली के आधार पर उपयुक्त पाठ्यक्रम विकसित करने, दोनों संस्थानों द्वारा अनुमोदित संयुक्त प्रमाणपत्र और गहन-कौशल प्रशिक्षण केंद्र के विकास में शामिल होगा। आईआईटी कानपुर के संस्थान में अनुसंधान (सीडीएसटीएआर) जो आईआईएस में प्रशिक्षण संभालेगा। एचएएल भी सहयोग कर रहा है।

## एआई क्षेत्र में भविष्य में कई संभावनाएं

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में 'सामाजिक विज्ञान के लिए कृत्रिम मेधा' विषय पर कार्यशाला हुई। कार्यकम में एक एमओयू भी साइन हुआ।

सात दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत एमओयू के साइन होने से हुई। इस एमओयू में सीएसजेएमयू की तरफ से कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव व बृहत शिक्षा संस्थान की तरफ से वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी सुशांत गंगोली, कविता कृष्ण और निदेशक शिक्षा नीति अनुराग शुक्ला मौजूद रहे। कार्यशाला में बताया गया की बृहत शिक्षा संस्थान में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता परक कृत्रिम मेधा के माध्यम से छात्रों के बीच पारंपरिक व आधुनिक ज्ञान को परोसा जाता है। कार्यशाला में प्रतिकुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा की यदि तकनीकी हमारे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही है, तो ऐसी तकनीकी हमें स्वीकार है। तकनीकी की वजह से रिश्तों की मानहीनता नही होना चाहिए।

# देहात का नाम ग्रेटर कानपुर करने की फाइल शासन को

अमृत विचार की मुहिम रंग लायी

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

कानपुर देहात जिले का नाम ग्रेटर कानपुर करने संबन्धी फाइल शासन को संदर्भित कर दी गयी है। पीआईए अध्यक्ष मनोज बंका को सोमवार को मंडलायुक्त ने यह जानकारी दी। अमृत विचार नाम बदलने की मुहिम को चला रहा है। उद्यमियों ने बीते साल यह मांग उठाई थी।

मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया और पीआईए अध्यक्ष बंका ने सीएम योगी को पत्र लिखकर कानपुर देहात जिले का नाम ग्रेटर कानपुर रखने की मांग की थी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर कानपुर देहात को ग्रेटर कानपुर बनाए जाने की कवायद तेज हो गई है। जानकारी के मुताबिक सन 1981 में कानपुर को दो जिलों में विभाजित किया गया था। इन्हें कानपुर नगर और कानपुर देहात के नाम से जाना जाता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बसपा शासन में एक जुलाई 2010 को कानपुर जिले का नाम बदलकर रमाबाई नगर जिला करने का निर्णय लिया था। जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद जुलाई 2012 में इसे वापस कानपुर देहात कर दिया गया। अब इसका नाम ग्रेटर कानपुर रखा जाने की मांग उठी है। इससे प्रतिष्ठा और पहचान को बढ़ावा मिल सकता है। प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष बंका का कहना है कि कानपुर देहात के आगे ग्रेटर लगने से बाहर के निवेशकों का रुझान बढ़ जाएगा जिससे औद्योगिक विकास को अधिक बढ़ाव मिलेगा। इस बाबत पदाधिकारी का एक समूह प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान से भी मिला था। वर्तमान समय में यहां दो हजार से ज्यादा छोटे-बड़े उद्योग हैं। यहां नेशनल हाईवे झांसी, हावड़ा, दिल्ली रूट और हाल में ही शुरू हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस भी ग्रेटर कानपुर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। रोजगार के नए अवसर भी युवाओं को मिलेंगे।

# लेडीबर्ड, डॉग फ्लावर और प्रिमुला ने लुभाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में सोमवार को पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सौ से अधिक फूलों की प्रजातियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में लेडीबर्ड, डॉग फ्लावर, प्रिमुला जैसे फूल सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। खासतौर पर संस्थान में विशेषतौर पर उगाए गए विदेशी फूलों के प्रति लोगों का आकर्षण खासतौर पर रहा।

संस्थान में वसंत के मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एस गणेश ने की। यह प्रदर्शनी दो वर्गों में आयोजित हुई। पहली श्रेणी संस्थान के घरों के लिए, और दूसरी श्रेणी छात्रावासों के लिए। प्रदर्शनी में प्रथम श्रेणी में लगभग 800 गमले लगाये गये जिसमें प्रथम पुरस्कार प्रो. प्रदीप स्वर्णकार को, द्वितीय पुरस्कार प्रो. नंदिनी नीलकंठन और तृतीय पुरस्कार प्रो. जेजी राव को दिया गया।

दूसरी श्रेणी में विभिन्न श्रेणियों में 1700 से अधिक गमले लगाए गए, जिसमें डायरेक्टर रेजिडेंस को प्रथम स्थान, हॉल 12 को द्वितीय स्थान तथा हॉल 3 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुष्प प्रदर्शनी में निर्णायक के रूप में अध्यक्षता चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसरों ने की। संस्थान की नर्सरी में कल्पवृक्ष, कपूर, चंदन, रुद्राक्ष और विक्षा के पौधे भी प्रदर्शनी में शामिल किए गए। इसके अलावा इसके हर्बल गार्डन में सर्पगंधा, सतावर, कर्परी तुलसी और डेमवेल को भी प्रदर्शन के लिए रखा गया।



प्रदर्शनी में फूलों को देखते निर्णायक मंडल के सदस्य। अमृत विचार

इस प्रदर्शनी में वनस्पतियों की एक विविध श्रृंखला प्रदर्शित की गई, जिसमें लगभग 120 प्रजातियों के फूल, हरे पत्तेदार पौधे, कटे हुए फूल, सब्जियां और फल शामिल रहे। पैंसी, रानुनकुलस, लेडीबर्ड, डॉग फ्लावर, प्रिमुला, साइक्लेमेन और नेमेसिया आगंतुकों के बीच मुख्य आकर्षण थे।

कठपुतली शो भी हुआ प्रदर्शनी के साथ-साथ, आईआईटी कानपुर में महिला संघ ने एक मेले का आयोजन किया जिसमें कठपुतली शो, खाद्य स्टॉल, कला प्रतियोगिता और बच्चों के लिए मजेदार गतिविधियां शामिल रही। मेले में लोगों में उत्साह दिखा।

# इरफान ने चुनाव में वोट डालने की मांगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 27 फरवरी को है राज्यसभा का चुनाव, आज होगी सुनवाई
- वर्ष 2022 से महाराजगंज जेल में बंद हैं सपा विधायक

अमृत विचार। महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी ने 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव में मतदान की अनुमति मांगी है। सपा विधायक के अधिवक्ता ने सोमवार को एमपीएमएलए कोर्ट में याचिका दाखिल की। मामले में मंगलवार को सुनवाई की जाएगी।



इरफान सोलंकी।

जाजमऊ थानाक्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के आरोप में वर्ष 2022 से महाराजपुर जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी ने आगामी 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की याचिका दाखिल की है। इरफान ने याचिका में लिखा है कि विधानसभा सदस्य जनता के प्रतिनिधि के तौर पर राज्यसभा के चुनाव में मतदान करता है। चुनाव में भाग न लेने से नागरिक अपने द्वारा निर्वाचित विधानसभा सदस्य के द्वारा अपने प्रतिनिधित्व से वंचित रह जाएगा।

सपा विधायक के अधिवक्ता मो. आसिफ खान ने बताया कि सपा विधायक की ओर से एमपीएमलए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। तर्क दिया कि जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी कोर्ट ने चुनाव में वोट डालने की अनुमति दी थी। इसलिए सपा विधायक इरफान को भी मतदान में हिस्सा लेने की अनुमति मिलनी चाहिए। याचिका पर सुनवाई मंगलवार को होगी।

# सपा अध्यक्ष को भी आमंत्रित करेगी कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 21 फरवरी को शहर आगमन की तैयारी बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रदेश प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी ने दोपहर तिलक हाल में बैठक की। बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर से यात्रा के स्वागत पर चर्चा की। बैठक में पार्षद दल के नेता हाजी सोहेल अहमद व अन्य कार्यकर्ता भी पहुंचे।

शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर अध्यक्ष नौशाद ने बताया कि सपा शहर अध्यक्ष फजल महमूद को भी आमंत्रित किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक सहित



- राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक
- कई संगठनों ने राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा

कई श्रमिक व कामगारों के विभिन्न वर्गों व समुदाय के गैर राजनैतिक सामाजिक संगठनों ने राहुल गांधी से मिलने व ज्ञापन प्रेषित करने का समय मांगा जिस पर नीलांशु चतुर्वेदी ने समय दिलाने का आश्वासन दिया। कानपुर के प्रभारी व कोआर्डिनेटर राहुल रिछारिया, अंशु तिवारी, प्रदेश सचिव संतराम नीलांचल के अतिरिक्त प्रदेश महासचिव कनिष्क पाण्डेय, महिला प्रदेश अध्यक्ष करिश्मा ठाकुर, शहर, ग्रामीण व देहात कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, अमित पाण्डेय व नरेश कटियार, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल माबूद के साथ पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, सोहिल अख्तर अंसारी, आलोक मिश्रा, नेकचन्द्र पाण्डेय, भूधर नारायन मिश्रा, गणेश दीक्षित के साथ ही यात्रा की व्यवस्थाओं से जुड़े प्रमुख नेता पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, अम्बरीश सिंह गौर, पीएस बाजपेई, एचएन तिवारी, कृपेश त्रिपाठी, अम्बुज शुक्ला, महेश दीक्षित चच्चू, महेश मेघानी, राजीव द्विवेदी आदि उपस्थित थें।

# टॉप ब्रांड एम्बेसडर पचौरी को मोदी ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विकसित भारत अभियान के टॉप ब्रांड एम्बेसडर घोषित हुए कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया कि पचौरी के प्रयास सराहनीय हैं और दूसरों को भी विकसित भारत अभियान की दिशा में प्रेरणादायक हैं।

देश के अमृतकाल में आगामी 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल कराना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। नमो एप पर विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाने का अभियान चल रहा था जिसमें सांसद सत्यदेव पचौरी टॉप फाइव की रैंकिंग में पहुंच गए थे। इस एप से मोदी सीधा जनता से जुड़ते हैं। पचौरी के प्रयासों से भारी संख्या में लोग नमोएप से जुड़े थे। यही वजह थी वह देश में टॉप फाइव रैंकिंग में नंबर दो पर पहुंच गए थे। प्रधानमंत्री ने पचौरी को भेजे पत्र में कहा है कि वह (सांसद पचौरी) दिसम्बर 2023 में विकसित भारत अभियान टॉप ब्रांड एंबेसडरों में से एक रहे हैं। विकसित भारत निर्माण में यूं तो सबका सहयोग रहा पर पूरे माह आपका (पचौरी) योगदान विशेष रूप से सराहनीय और दूसरों के लिए प्रेरणादायक रहा।

# अगले 100 दिन पूरी ऊर्जा से जुट जाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सोमवार को भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट में लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, विधानसभा प्रभारी विधानसभा, संयोजक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल समन्वयक व जिला पदाधिकारी के साथ बैठक की। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की रण भेरी बज चुकी है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के समक्ष अबकी बार 400 पर का नारा दिया है। हम सभी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं, कि आने वाले 100 दिनों तक एक-एक कार्यकर्ता अपनी पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी के लिए समर्पित होकर पार्टी के जो अभियानों में भाग ले। विकसित भारत संकल्प यात्रा, गांव चलो बूथ चलो अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान, दीवार लेखन अभियान, नमो एप, सरल ऐप के ब्रांड एंबेसडर बनाना है। बैठक में प्रमुख रूप से मणिकांत जैन, अखिलेश बाजपेई, विनोद शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, संतोष शुक्ल, अवधेश सोनकर, वीरेश त्रिपाठी, पूनम कपूर, रीता शास्त्री, सत्येंद्र पांडे, जगदीश तिवारी, रंजीत पाठक, अनुपम मिश्रा, विजय मिश्रा, अभिनव दीक्षित, प्रमोद विश्वकर्मा, अंकित बाजपेई रहे।



भाजपा ने कार्यकर्ताओं की बैठक की। अमृत विचार

महोत्सव — पांडुकशिला यात्रा निकाली, 1008 कलश से हुआ अभिषेक, पालना में झूले आदिकुमार, सुधासागर महाराज ने दिया प्रवचन

# आदिकुमार का जन्म होते ही धनवर्षा, आरती उतारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जैन समाज के पंचकल्याणक महोत्सव में सोमवार सुबह आदिकुमार का जन्म हुआ। जन्म होते ही धन कुबेर, धर्म इंद्र और इंद्र इंद्रियां ने उनपर खूब रत्न और धनवर्षा की। आदिकुमार की पूजा कर आरती उतारी गई। अभिषेक के बाद आदिकुमार को पालना में झुलाया गया।

जैन मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत सोमवार को पंच कल्याणक महोत्सव हुआ। सोमवार सुबह आदिकुमार का जन्म हुआ। जन्म होते ही महिलाओं ने बधाई गीत गाए। इसी के बाद आदिकुमार की पूजा, आरती, उनपर धनवर्षा की गई। फिर ऐरावत हाथी पर आदिकुमार की पांडुकशिला यात्रा निकली गई। पांडुकशिला पर तीर्थंकर बालक का 1008 कलश से अभिषेक हुआ।



पंचकल्याणक महोत्सव में आदिकुमार के जन्म पर जमकर नाचे भक्त। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि मूर्ति का पंचकल्याणक करवाना सौधर में इंद्र के लिए अनंत पुण्य कमाने जैसा है। अपने कार्य को कर्तव्य मानकर न करें उसको धर्म मानकर करें।

### एक करोड़ रुपये दिया दान

आनंदपुरी निवासी संजीव जैन ने मध्य प्रदेश के सागर जिले के ईशुरवारा में श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन जयोदय अतिशय के निमार्ण के लिए एक करोड़ 11 लाख की धनराशि देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि जैन मंदिर आओ और जिनेंद्र देव के दर्शन करों। साधु खुद बनते हैं और हम साधु को गुरु-शिष्य बनाते हैं। इस मौके पर महेंद्र कटारिया, संजीव जैन, डॉ. अनूप जैन, आमोद जैन, अनिल जैन, संजय जैन, मनीष जैन, अनूप जैन, प्रियंका जैन, सरोज जैन, रेखा जैन, अलका जैन, पूनम जैन, निर्मला देवी जैन के अलावा बच्चों ने भी महाराज का प्रवचन सुना।



जैन समाज के समारोह में प्रभु का अभिषेक किया गया। अमृत विचार

### आचार्य को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए

सुधासागर महाराज ने कहा कि भारत की संस्कृति अध्यात्म संस्कृति है। भारत संतों का देश है, जो रत्नों के समान है। उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के अधिकारी हैं हमारे आचार्य विद्यासागर महाराज, उनको भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

## तीन लाख आबादी को जलभराव से मिलेगी निजात

कानपुर। नगर निगम 15वें वित्त आयोग से 7 करोड़ से कंघी मोहाल में संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाईनों को डालने का कार्य करेगा। मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडेय कार्य का शिलान्यास मदरसा मैदान कंघी मोहाल से करेंगी। इस कार्य से लगभग चार वार्डों की तीन लाख आबादी को जलभराव व गंदगी से निजात मिल जायेगी।

नगर निगम यह कार्य छह महीने में करेगा। नाजिरबाग वार्ड 109 के पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने बताया कि कार्य होने के बाद कागजी मोहाल, फूलमती तिराहा, बड़ा मैदान, खलवां नाला रोड, चमनगंज, नश्तर चौराहा,रशीन बनिया चौराहा, में भरने वाली गंदगी से निजात मिल जायेगी।

## एक नजर

### पत्नी के मायके जाने से युवक क्षुब्ध, लगाई फांसी

**कानपुर**। पत्नी के मायके जाने से परेशान युवक ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने झांक कर देखा तो शव फंदे से लटर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया। गोविंद नगर बी ब्लाक निवासी संजय तिवारी (36) ने पत्नी के मायके जाने पर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि युवक नशे का लती था। जिस कारण अक्सर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। जिससे नाराज होकर युवक की पत्नी बच्चों समेत अपने मायके चली गई। जिसके बाद युवक ने नशे की हालत में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। दरवाजा खटाखटाने पर कोई आहट न मिलने पर पड़ोसियों ने झांक कर देखा तो युवक का शव फंदे से लटकता पाया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी शिवा सिंह ने बताया कि पत्नी के मायके जाने के कारण युवक ने आत्महत्या की है।

### छात्रवृत्ति के लिए छात्रों का प्रदर्शन

**कानपुर**। आंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड में सोमवार को छात्रों ने प्रदर्शन कर दिया। प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप था कि संस्थान प्रशासन की ओर से उनके स्कॉलरशिप के आवेदन समाज कल्याण विभाग नहीं भेजे जा सके हैं। इस वजह से उनकी छात्रवृत्ति फंसने का खतरा पैदा हो गया है। छात्रों ने बताया कि ऐसे 293 फॉर्म फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जब उन लोगों ने समाज कल्याण विभाग का पोर्टल देखा तो पता चला कि उनके नाम ही पोर्टल में नहीं है। छात्रों ने पहले संस्थान के मैदान और फिर बाद में निदेशक कक्ष के बाहर भी नारे लगाकर अपनी गुहार लगाई। संस्थान की निदेशक रचना अस्थाना ने बताया कि समाज कल्याण विभाग लखनऊ में संपर्क किया गया है।

# जाम, अतिक्रमण व ई-रिक्शा से हलकान पी रोड बाजार

## 1930 में स्थापित इस बाजार में पांच हजार से अधिक दुकानें, उत्तर भारत का सबसे बड़ा संगठित बाजार मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहा

बेजार बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। सन् 1930 में स्थापित पीरोड बाजार उत्तर भारत की सबसे बड़ी संगठित बाजार में शुमार है। पुराने समय में श्रमिक बाजार के रूप में विख्यात बाजार में सुई से लेकर कार तक मुहैया होती है। आज के दौर में करोड़ों की लागत में रोजाना व्यापार करने वाली यह बाजार ई-रिक्शा, अतिक्रमण व जाम की समस्या से परेशान है। मुख्य मार्ग से लेकर गलियों में लगने वाले बाजार में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही यूरिनल की। इमरजेंसी में महिलाओं को दूसरों के घरों का दरवाजा खटखटाने तक के लिए मजबूर होना पड़ता है।

अंग्रेजों के शासन काल में अनुमानित 300 छोटी-छोटी दुकानों से स्थापित होने वाली पी रोड बाजार में आज करीब पांच से छह हजार की संख्या में दुकानें हैं। जूते, चप्पल, रेडीमेड कपड़ों, साड़ी व सलवार सूट के बड़े-बड़े शोरूम होने के साथ ही बाजार में कास्मेटिक, क्रॉकरी, बर्तन बाजार है। महिलाओं की पसंदीदा बाजार में पी रोड में आम दिनों में करीब 30 से 40 हजार संख्या में ग्राहक आते हैं। बाजार का रोजाना का अनुमानित व्यापार करीब पांच करोड़ तक का है, लेकिन बाजार में पार्किंग, यूरिनल जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। दूर-दूर तक घनी गलियों में बसी सीसामऊ बाजार में जर्जर बिजली के तार हादसों को दावत दे रहे हैं। करीब 60 फिट चौड़ी रोड व 10-10 फिट चौड़े फुटपाथों वाला यह बाजार अतिक्रमण के दंश में दम घोंट रहा है। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण फुटपाथ लगभग गायब होने के कगार पर है। साथ ही बाजार में 150 से अधिक ठेले वालों का कब्जे व बीच बाजार में वाहनों की पार्किंग के कारण मुख्य रोड 40 फिट तक ही बचती है। वनखंडेश्वर मंदिर चौराहे से गोपाल टॉकीज तक सबसे ज्यादा संकरी रोड है। इसके इतर पूरे बाजार में ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। मनमर्जी के मुताबिक ई-रिक्शा चालक जगह-जगह पर वाहनों को रोक कर सवारियां भरते है, जिस कारण प्रत्येक 10 से 15 मिनट में बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है।

बाजार में अधिकांश संख्या में महिलाओं के आवागमन के बाद भी बाजार में महिलाओं की सुविधाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सीसामऊ बाजार में चावला साड़ी के सामने व लेनिन पार्क के पास एक यूरिनल है। सीसामऊ बाजार वाला यूरिनल जर्जर व लेनिन पार्क स्थित यूरिनल बाजार से काफी दूर होने के कारण अनुपयोगी है। व्यापारी गोपाल टॉकीज के पीछे वाली सड़क पर लघुशंका को जाने के लिए मजबूर होते है। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में पुलिस गश्त न होने के कारण ई-रिक्शा चालकों की अराजकता व जाम की समस्या बनी रहती है।



सीसामऊ बाजार में बीच रोड पर खड़े ठेले। अमृत विचार



पी रोड पर ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी। अमृत विचार

### संकरे बाजार में आग लगी तो होगा भीषण हादसा

- व्यापारियों ने बताया कि गलियों में बसे सीसामऊ बाजार में छोटी-छोटी दुकानों के साथ ही साड़ियों व कपड़ों के शोरूम भी है। बाजार के बीच रोड में ठेले पर दुकाने लगती है। इसके साथ ही दोनों ओर से फुटपाथों में कब्जा है, जिस कारण बमुश्किल 10 फिट चौड़ी सड़क से लोग गुजरते है। इसके साथ ही बाजार में जर्जर बिजली के तारों के कारण अक्सर शार्ट सर्किट होता रहता है। जिस कारण आगजनी का खतरा मंडराता रहता है। बाजार में गोपाल टॉकीज व वनखंडेश्वर चौराहे के पास हाइडेंट पाइप की व्यवस्था थी, जो पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।

### क्या बोले व्यापारी



बाजार के फुटपाथों पर दुकान लगाने वालों के लिए सरकार की फेरी नीति के तहत जगह मुहैया करानी चाहिए, जिससे बाजार से अतिक्रमण खत्म हो सके। ई-रिक्शा अराजकता को खत्म करने के लिए बाजार में पुलिस गश्त व पिकेट की व्यवस्था की जाए। पुलिस बाजार में गश्त के नाम पर सिर्फ फोटो खिंचाने का काम करती है।

**महेश मेघानी**



बाजार के दोनों ओर बेहिसाब संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स दुकानों के आगे कब्जा किए रहते है। दिन प्रतिदिन इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही है, जिस कारण रोड पर जाम लगता है। बाजार में नगर निगम व ट्रैफिक पुलिस को अभियान चलाकर कार्रवाई करनी चाहिए। बाजार में पिकेट व्यवस्था लागू की जाए, जिससे जाम से मुक्ति मिल सके।

**आशीष सक्सेना**



पूरी बाजार में ई-रिक्शा चालकों का कब्जा रहता है। बीच रोड पर ई-रिक्शा चालक वाहन रोक कर सवारियां बैठाते व उतारते है, जिस कारण बाजार में वाहनों की कतार लग जाती है। रात के समय लाइट बंद कर ई-रिक्शा चालक वाहन चलाते है, जिससे आए दिन हादसे होते है। प्रशासन ई-रिक्शा चालकों को ट्रेनिंग देकर लाइसेंस देना चाहिए।

**-सुरेश तनेजा, रेडीमेड कारोबारी**



बाजार में पार्किंग व यूरिनल की व्यवस्था नहीं है। मकान मालिकों ने पूरे मकान में मार्केट तो बना दी है, लेकिन यूरिनल की व्यवस्था नहीं की। इस ओर नगर निगम का ध्यान भी नहीं है। सबसे ज्यादा महिलाओं को समस्या का सामना करना पड़ता है। गोपाल टॉकीज के पीछे से दुर्गंध के कारण लोगों का निकलना तक दुश्वार है।

**दीपक कपूर, स्टूडियो संचालक**

# प्रश्नपत्रों की 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी



प्रश्नपत्रों को रखकर कमरा सील कर दिया गया है। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र भेजा गया
- 129 केंद्रों में लगे कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम करेगा निगरानी

**अमृत विचार**। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग की ओर से प्रश्न पत्रों का वितरण कर दिया गया है। खास बात यह है कि इस बार विभाग की ओर से सभी प्रश्नपत्रों की निगरानी की जाएगी। यह निगरानी विभाग के ऑनलाइन कंट्रोल रूम के जरिए होगी। केंद्रों की ओर से सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर तुरंत ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

शिक्षा विभाग की ओर से सुबह से ही प्रश्न पत्रों का वितरण शुरू किया गया। सबसे पहले जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से सबसे पहले स्ट्रांग रूम का ताला खुलवाया गया। इसके बाद विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान केंद्रों से आए प्रतिनिधियों को केंद्रों तक प्रश्नपत्रों को पहुंचाने के नियम भी बताए गए। उधर शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस बार कंट्रोल रूम में 16 कंप्यूटर लगाए गए हैं। इसके अलावा एक बड़ी स्क्रीन भी लगाई है। परीक्षा तक यह कंट्रोल रूम सभी केंद्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की निगरानी करेगा। केंद्रों में लगे सीसीटीवी को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है।

केंद्रों की ओर से लापरवाही बरतने पर उन्हें तुरंत ही पकड़ा जा सकेगा। इसके लिए कंट्रोल रूम के जरिए लगातार केंद्रों के स्ट्रांग रूम की रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि इस बार प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापक भी प्रश्न पत्रों की सुरक्षा में रहेंगे।

## 597 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**कानपुर**। मदरसा शिक्षा परिषद से संचालित सेकेंड्री व सीनियर सेकेंड्री परीक्षाएं सोमवार को दो पालियों में हुई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि जिले में 11 केंद्रों पर परीक्षा चल रही है, जिसमें सात इंटर कालेज व चार मदरसों को केंद्र बनाया गया है। सोमवार को पहली पाली में सेकेंड्री मुंशी व मौलवी की परीक्षा में कुल 1839 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 1242 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 597 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में सीनियर सेकेंड्री की कामिल व फाजिल परीक्षा में कुल 1792 परिक्षार्थियों के सापेक्ष 1513 ने परीक्षा दी। 272 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

# प्रिंसेस पार्टी में महिला सदस्यों ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। जेसीआई ब्रह्मावर्त के जेसीरेट विंग के प्रिंसेस पार्टी कार्यक्रम में सोमवार महिला सदस्यों ने जमकर धमाल मचाया। मोतीझील स्थित एक होटल में सोमवार को आयोजित प्रिंसेस पार्टी की तैयारियां काफी समय से चल रही थीं और इसका इंतजार भी था। सोमवार को सभी जेसीरेट प्रिंसेस वेशभूषा में आई।

सभी सदस्यों को आठ समूहों में विभाजित किया गया और सभी समूहों के नाम मशहूर प्रिंसेस ऐलसा, मुलान, ऐरियल, स्नोव्हाइट, रुपंजल आदि रखे गए। कई आकर्षक व रोचक गेम खेले गए। जैसे ड्रेस लाइक प्रिंसेस, सिनडरेला के शूज, सेल्फी विद प्रिंसेस, बिनगो आदि। इसके बाद प्रिंसेस थीम से संबंधित हाउसी भी खिलाई गई। प्रतियोगिता में विजयी समूह को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। इस मौके पर सदस्यों ने डांस और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी मजा लिया। विंग चेयरपर्सन प्राची रूंगटा, सोनिया अग्रवाल, बृंदा, कुसुम, रोली, डॉ. आरती मोहन, पायल, रितिका, प्रीति, श्रद्धा मौजूद रहीं।



जेसीआई ब्रह्मावर्त की पार्टी में शामिल सदस्य। अमृत विचार

## चोरी के ई रिक्शों समेत चार पकड़े

**कानपुर**। फीलखाना पुलिस ने थानाक्षेत्र से चोरी गए दो ई रिक्शा व एक फर्जी कागज पर चल रहा ई रिक्शा बरामद किया। पुलिस के अनुसार गुप्तारघाट के पास चेकिंग की में नौशाद अली उर्फ गुड्डू लंगडा निवासी मछरिया थाना नौबस्ता, शरीफ निवासी बेगमपुरवा थाना बाबूप्रवा, रहीम निवासी फेथफुलगंज थाना रेलबाजार, सलीम निवासी गोताखोर बस्ती शुक्लागंज थाना गंगाघाट को एक ई रिक्शा फर्जी व फर्जी ई रिक्शा के प्रपत्र के साथ गिरफ्तार किया गया। फीलखाना इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नौशाद पर छह, शरीफ और सलीम पर पांच-पांच व रहीम पर तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# दागी थानेदारों का छिना चार्ज, नए इंस्पेक्टरों को मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला थाना समेत आठ थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदला
- शिकायतों व लापरवाही पर कमिश्नर ने किया बदलाव

**अमृत विचार**। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने थानेदारों और अतिरिक्त निरीक्षकों को ताश के पत्ते की तरह फेटना शूरू कर दिया है। दो दिन पूर्व ही जाजमऊ और महाराजपुर के थानेदारों को लाइन हाजिर कर दूसरे को कमान सौंप दी गई थी। वहीं सोमवार को एक बार फिर अफसर ने कमिश्नरेट के दागी थानेदारों का चार्ज छीनकर नए इंस्पेक्टरों को मौका दिया है। कुल महिला थाना समेत आठ थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदला गया है। अफसरों को लगातार उन लोगों की शिकायतें मिल रहीं थीं।




बर्रा प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह बिष्ट को हटाकर डीसीपी साउथ के ऑफिस से अटैच कर दिया गया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात तेज बहादुर सिंह को बर्रा थाने का चार्ज दिया गया है। इंस्पेक्टर संजय पांडेय को चौबेपुर से हटाकर जूही थाने का चार्ज दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार को अतिरिक्त थाना प्रभारी चौबेपुर, जूही थाना प्रभारी रहे जितेंद्र सिंह को बिठूर थाना प्रभारी बनाया गया है।

पनकी थाना प्रभारी रवींद्र प्रताप सिंह को डीसीपी मुख्यालय के ऑफिस से अटैच कर दिया गया है। इसी तरह काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह को पनकी थाने का चार्ज दिया गया है। इंस्पेक्टर काली प्रसाद गौड़ को काकादेव थाना प्रभारी, कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडेय को डीसीपी पूर्वी के ऑफिस से अटैच किया गया है। इसके साथ ही इंस्पेक्टर कुशल पाल सिंह को अतिरिक्त थाना प्रभारी कल्याणपुर, अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक बिठूर अभय कुमार सिंह को क्राइम ब्रांच से अटैच किया गया है। वहीं, बृजमोहन लाल को सजेती थाना प्रभारी, संतोष कुमार गौड़ को रायपुरवा थाना प्रभारी, कमर सुल्ताना को महिला थाना प्रभारी का चार्ज दिया गया है।

## सार-संक्षेप



अपनी मांगें बताते व्यापारी। अमृत विचार

### एमएसपी पर कानून स्वीकार नहीं

**कानपुर**। कृषि उत्पादों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने या एमएसपी पर कानून बनाने की मांग में कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्यवाही, सज़ा के प्रावधान के विरोध के साथ देश का डब्ल्यूटीओ से समझौता समाप्त करने की मांग को न मानने को लेकर सांसद सत्यदेव पचौरी के घर के बाहर प्रदर्शन किया और उन्हें प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारी सांसद के आवास पहुंचे। पदाधिकारियों ने कहा कि एमएसपी पर कानून न बनाने की मांग को लेकर वह लखनऊ व दिल्ली भी जाएंगे। इस मौके पर भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय बाजपेई, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह व महानगर महामंत्री महेश सोनी, युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, नितिन अग्निहोत्री व अब्दुल वहीद और युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, अर्जित गुप्ता, गोपाल शुक्ला, सत्यप्रकाश गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, महेश गंगवानी, नदीम खान, श्याम नंदानी, विक्की मोरजानी, गगन सोनी, राजेंद्र मिश्र, राकेश गुप्ता, महेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, संजय सोनकर आदि रहे।

### पुलिस से बोल रहा हूं, तुम पर छेड़छाड़ का आरोप है

**कानपुर**। किशोरी का नहाते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में सोमवार को किशोरी के भाई को धमकी मिली। फोन करने वाले वाले युवक ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए किशोरी के भाई पर युवती से छेड़छाड़ करने की शिकायत मिलने की जानकारी दी। ऑडियो वायरल होने के बाद एडीसीपी ने मामले की जांच के आदेश दिए। हेलो, मैं यूपी पुलिस से बोल रहा हूं...तुम्हारे ऊपर एक युवती छेड़छाड़ का आरोप लगा रही है, जिसकी शिकायत मिली है। सोमवार को बर्रा निवासी युवक एक फोन आया, जिसने यह आरोप लगाए। यह वही युवक है, जिसने गैंगस्टर अजय ठाकुर व उसके गुर्गे अभय भदौरिया के खिलाफ 13 वर्षीय बहन का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। फोन करने वाले ने खुद के लखनऊ में तैनात होने की जानकारी दी। बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं मामले के करीब 20 दिन बीतने के बाद भी पुलिस किशोरी के कोर्ट में बयान नहीं दर्ज करा सकी है। इधर किशोरी के भाई को हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर का गुर्गा अभय भदौरिया झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दिलवा रहा है। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि विवेचक से मामले में देरी का कारण पूछा जाएगा।

**महोत्सव की तैयारी** | भारतीय नववर्ष महोत्सव आयोजन समिति ने की तैयारियों पर चर्चा

# सूर्य को अर्घ्य, शंख ध्वनि से होगा भारतीय नववर्ष का आगाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। भारतीय नववर्ष महोत्सव आयोजन समिति की बैठक सोमवार को सीएसजेएम में संस्था के संरक्षक मंडल सदस्य डॉ. प्रभात द्विवेदी, केंद्रीय समिति के संरक्षक मंडल सदस्यों व संरक्षक मंडल सदस्य कृष्ण कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई।

भारतीय नववर्ष महोत्सव नौ अप्रैल को है। इससे पूर्व बैठक में चर्चा हुई कि इस बार भारतीय नववर्ष को मनाने, नववर्ष के महत्व को बताने, पाश्चात्य सभ्यता से दूरी व भारतीय परंपरा व संस्कृति का बोध कराने के लिए बीते साल स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अटल घाट पर किए गए अनूठे प्रयास जल स्तुति व शंख ध्वनि को उसी प्रकार भव्यता के साथ किया जाएगा। इस बार भारतीय नववर्ष का स्वागत उगते सूर्य को अर्घ्य, शंख ध्वनि व 101 संस्कृत पाठशाला के छात्रों की ओर से मंत्र उच्चारण से होगा। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 दिन पहले से ही जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।

चर्चा हुई कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के जन जागरण के लिए शुभकामना संदेश दो दिन पहले एफएम रेडियो पर चलाया जाएगा। आगे मठ-मंदिरों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से शहर के समस्त मंदिरों में भक्तों का स्वागत टीका लगाकर व नववर्ष का शुभकामना संदेश देकर किया जाएगा। भारतीय नववर्ष पर जनमानस से अपील की जाएगी कि उगते सूर्य को अर्घ्य, शंख ध्वनि से नववर्ष का स्वागत करें। इसके साथ ही संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द सीएम से भेंटकर नववर्ष का शुभकामना संदेश सभी मीडिया के माध्यम से देने का आग्रह किया जाएगा। सोमवार को बैठक में पंडित कृष्ण कुमार दुबे, अजित अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक मुख्य मार्ग विचारक अमरनाथ, सुनील टंडन, डॉ. प्रभात द्विवेदी, वरुण त्रिपाठी, मोर मुकुट, विजय वर्गीय, शिखा पांडेय, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, जितेश मिश्रा, मुकेश यादव, सुनील द्विवेदी, सुनील वर्मा, बृजेश कुमार शुक्ला, अजय मल्होत्रा, नवल किशोर, अंकित दुबे आदि रहे।



बैठक में भारतीय नववर्ष मनाने की तैयारियों पर चर्चा हुई। अमृत विचार

## नाबालिग के दोस्त के नाम पर निकली कार स्टांप का पता भी लगेगा

**कानपुर**। बिठूर मार्ग पर दोस्त फुजैल के साथ बैठकर स्टंट कर रहे नाबालिग ने कार से साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया था। उनकी मौत हो गई थी। नवाबगंज पुलिस में बताया कि प्रथम दृष्टया कार दोस्त के नाम है। दो सप्ताह पहले उसने 10 रूपये के स्टांप में खरीदी थी।

सिविल लाइंस स्तिथ रामेश्वरम अपार्टमेंट के रहने वाले 63 वर्षीय निकेश तलाटी की बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी बदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। उनके छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे वह अपने दो दोस्त अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते समय हादसा हुआ था।

# लॉयर्स एसोसिएशन के 61 प्रत्याशियों की परीक्षा आज

## लॉयर्स चुनाव आज, नौ से पांच बजे तक मतदान ○ दो कंट्रोल रूम, 64 कैमरे, दो ड्रोन व 16 पीजीटी कैमरों से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री समेत विभिन्न पदों के 61 दावेदारों का फैसला मंगलवार को 6794 वोटर तय करेंगे। चुनाव मंगलवार को डीएवी डिग्री कॉलेज में सुबह नौ से शाम पांच बजे तक संपन्न कराया जाएगा। मतदान से पूर्व सोमवार को मतदान स्थल पर एल्डर्स कमेटी ने पूरी तैयारियों का जायजा लिया। मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए 50एआरओ, दो कंट्रोल रुम, 64 सीसीटीवी कैमरे, दो ड्रोन व 16 पीजीटी कैमरों की व्यवस्था की है। बुधवार सुबह 11 बजे से अध्यक्ष व महामंत्री पदों की गिनती शुरू होगी।

सोमवार को लायर्स एसोसिएशन सभागार में एल्डर्स कमेटी की ओर चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कांफ्रेस का आयोजन किया गया। चेयरमैन विजय आचार्य ने बताया कि 28 अक्टूबर को कार्यकारिणी का कार्यकाल खत्म होने के बाद दो माह के लिए बढ़ाया गया था। 10 जनवरी को मतदाता सूची मिली थी, जिसके बाद से चुनाव की तैयारियों ने जोर पकड़ा था। उन्होंने बताया कि सभी मतदाताओं को मतदान के लिए सीओपी कार्ड लाना अनिवार्य है। सीओपी कार्ड की फोटो कॉपी मान्य नहीं होगी। गलत मतदान न हो सके इसके लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। नौ बजे से पांच बजे तक मतदान होगा। 21 फरवरी को लायर्स परिसर स्थित रामकुमार हाल में अध्यक्ष व महामंत्री प्रत्याशियों की मौजूदगी में वोटों की गिनती सुबह 11 बजे से शुरू होगी। सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी ने बताया कि वरिष्ठ कार्यकारिणी, कार्यकारिणी समेत सभी पदों के लिए एक-एक वोट ही डाला जाएगा। 50 एआरओ रहेंगे, एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही 45 रिटायर्ड सैन्यकर्मियों की तनौती की जाएगी। मतदान पर नजर रखने को कंट्रोल रुम बनेंगे, मतदान व मतगणना परिसर में पांच डिस्प्ले स्क्रीन लगाई जाएंगी।


चुनाव तैयारी की जानकारी देते एल्डर्स कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार


कचहरी में समर्थक करते रहे नारेबाजी। अमृत विचार

### नारों से गूंजी कचहरी की गलियां

सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कचहरी परिसर की गलियां नारों से गूंज उठी। विभिन्न पदों के दावेदारों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकाल कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। कचहरी परिसर में दिन भर पर्चियां, फूल, पंपलेट उड़ते हुए दिखाई दिए। अधिकांश गलियों में मतदाताओं के लिए भोजन की दावेदारों ने व्यवस्था की थी।

- प्रचार के आखिरी दिन कचहरी में जमकर निकले जुलूस

### हथियार लेकर नहीं आएगा कोई भी प्रत्याशी

मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव के मुताबिक मतदान के दौरान गोरा कब्रिस्तान से डीएवी तिराहे तक रेड जोन रहेगा। इस रास्ते पर कोई भी वाहन संचालित नहीं किया जाएगा। बताया कि बुजुर्ग व दिव्यांग अधिवक्ता शुरुआती बूथों में मतदान करेंगे। बुजुर्ग व दिव्यांग अधिवक्ताओं के लिए 10 ई-रिक्शों की व्यवस्था की गई है। चुनाव के दौरान एक-एक एंबुलेंस व फायरब्रिगेड की गाड़ियां रहेंगी। कोई भी प्रत्याशी हथियार लेकर नहीं आएगा, किसी भी तरह के हथियार प्रदर्शन पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी।


मतदान स्थल पर लगा दी गई बेरिकेडिंग। अमृत विचार

### आठ सौ पुलिसकर्मी होंगे तैनात

चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए आठ सौ पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रवेश और निकासी मार्ग पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर लेकर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक पुलिस की टीमें अलग अलग परिसर में गश्त करेंगी और कोई भी संदिग्ध वस्तु दिखने पर बीडीएस की टीम को सूचना देंगी। आस पास रहने वालों को अपने साथ आधार कार्ड लेकर आना होगा, जिससे उन्हें अपने घर या प्रतिष्ठान में पहुंचने पर कोई परेशानी न हो।

### इन पदों के ये हैं दावेदार

**अध्यक्ष पद के दावेदार**
- सुरेंद्र कुमार पांडेय
- अरविंद कुमार दीक्षित
- श्याम नारायण सिंह
- प्रवीन कुमार यादव
- रमेश चंद्र वर्मा
- अनूप कुमार द्विवेदी

**महामंत्री के दावेदार**
- अखिलेश कुमार गुप्ता
- अजय प्रकाश अग्निहोत्री
- राजीव यादव
- अभिषेक तिवारी
- अतुल श्रीवास्तव
- सुनील कुमार पांडेय

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के दावेदार**
- रमाकांत मिश्रा
- सुधीर कुमार अवस्थी
- वीरेंद्र कुमार सचान
- हर्ष कुमार
- शैलेंद्र दत्त त्रिपाठी

**कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद दावेदार**
- संजय वर्मा
- चंदन पांडेय
- आशीष त्रिवेदी
- अमितेश कुमार सिंह सेंगर
- पुष्करधर द्विवेदी

**कोषाध्यक्ष पद के दावेदार**
- कपिलदेव राय सिन्हा
- राकेश प्रसाद साहू
- अजय प्रताप सिंह गौतम
- पवन कुमार तिवारी

**संयुक्त मंत्री प्रशासन के दावेदार**
- दीपा जायसवाल
- नीतिश मिश्रा
- संतोष कुमार यादव
- आशीष पांडेय
- मनीष कुमार कुरील

**संयुक्त मंत्री पुस्तकालय के दावेदार**
- शशी गौतम
- राजेश सिंह परिहार
- तरूण कुमार कुशवाहा

**संयुक्त मंत्री प्रकाशन के दावेदार**
- प्रवीण कुमार शर्मा
- भानु प्रताप सिंह चौहान
- दिनेश कुमार
- आलोक कुमार दुबे
- मनीष गौड़

# चुनाव के कारण आज बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लायर्स एसोसिएशन के चुनाव के मद्देनजर सोमवार को एल्डर्स कमेटी पदाधिकारियों ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर से मुलाकात कर चुनाव के दौरान रूट डावर्जन की मांग की। जिस पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से शहर के रूट में तब्दीली की गई, जो इस प्रकार से है।

- टैफ्को तिराहा व मर्चेंट चेंबर की तरफ से आने वाले वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से वीआईपी रोड से डीएवी तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से बाएं मुड़कर यूनियन बैंक तिराहे से दाहिने मुड़कर ग्रीनपार्क स्टेडियम के पीछे वाले रास्ते से होते हुए डीएवी तिराहा, वीआईपी रोड से गोरा कब्रिस्तान के पीछे से होते हुए जाएंगे।
- सिल्वर्टन की तरफ से एमजी कॉलेज चौराहा, मुधबन तिराहा, चेतना चौराहा की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन एमजी कॉलेज से बाएं मुड़कर ग्रीनपार्क चौराहा से यूनियन बैंक तिराहे से दाहिने मुड़कर जाएंगे।
- फूलबाग की तरफ से कोई भी वाहन मेघदूत तिराहा, वीआईपी रोड, सरसैया घाट की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मेघदूत तिराहा से बड़ा चौराहा, उर्सला हॉस्पिटल से परेड चौराहा होते हुए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उर्सला हास्पिटल के सामने से यूटर्न लेकर भार्गव चौराहा से म्योरमिल होते हुए या फिर बड़ा चौराहा से कोतवाली चौराहा से सद्भावना चौकी से परेड चौराहा होते हुए जाएंगे।
- मूलगंज से बड़ा चौराहा की तरफ आने वाले वाहन कोतवाली चौराहे से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन कोतवाली चौराहा से बाएं मुड़कर सद्भावना चौकी, परेड चौराहा होते हुए जाएंगे।
- व्यायामशाला तिराहा से सरसैया घाट से महिला थाने की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन सरसैया घाट से बाएं मुड़कर चेतना चौराहा से बड़ा चौराहा से परेड चौराहा, भार्गव चौराहा या फिर कोतवाली चौराहा से होते जाएंगे।
- चेतना चौराहा से केवल अधिकारियों, वकीलों के वाहन कचहरी की ओर जाएंगे।
- चेतना चौराहा से अधिवक्ताओं के वाहन पुलिस आफिस से आगे मधुवन तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन पुलिस ऑफिस से दाहिन मुड़कर तिकोनियां पार्क की तरफ वाहन पार्किंग करेंगे।
- म्योरमिल तिराहा से कोई भी वाहन भार्गव चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।
- हैडर्ड चौराहा से चेतना चौराहा की तरफ कोई भी वाहन नहीं जा सकेंगे।

### यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- जेएनके इंटर कॉलेज चेतना चौराहा के पास पार्किंग
- डॉयल 112 ग्राउंड रिजर्व पुलिस लाइन के सामने पार्किंग
- हैडर्ड कॉलेज के सामने म्योर मिल ग्राउंड पार्किंग हो सकेगी।
- मर्चेंट चेंबर के सामने मकराबर्ट गंज हॉस्पिटल ग्राउंड में पार्किंग होगी।

# भारी चीज से चेहरा कुचल कर मारा

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुष्कर्म की आशंका को देखते हुए बनाई गई स्लाइड
- बंबा पुलिया के नीचे अर्द्धनग्न हालत में मिला था शव
- पैर में मिली थी बिछिया और कान में सोने की बाली

**अमृत विचार।** घाटमपुर कोतवाली के ककरहिया बंबा की पुलिया में युवती के अर्द्धनग्न शव मिलने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। युवती की शिनाख्त न हो पाए इस कारण हत्यारोपियों ने किसी भारी चीज से चेहरे पर ताबड़तोड़ कई प्रहार किए। दुष्कर्म की आशंका पर डॉ अर्चना सिंह और डॉ आशीष कटियार के पैनल से हुए पोस्टमार्टम में स्लाइड बनाई गई हैं। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस युवती की शिनाख्त नहीं कर सकी है।

ककरहिया से संचितपुर जाने वाले मार्ग के बीच में स्थित बंबा की पुलिया के अंदर सोमवार की शाम एक महिला का अर्धनग्न शव पड़ा मिला था। उसकी पहचान नहीं हो सकी।

महिला के पैर में बिछिया और कान में सोने की बाली पहने थी। उसकी उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास है। 72 घंटे इंतजार करने के बाद भी शिनाख्त होने के कारण मृतका का पोस्टमार्टम कर दिया गया।

पोस्टमार्टम में मौत की वजह किसी भारी चीज से चेहरे पर कई वार करना आया। अधिक रक्तस्त्राव होने के कारण मौत की पुष्टि हुई है। जिस स्थान पर युवती का अर्द्धनग्न शव मिला है, उसके पास ही शराब के दो खाली पैकेट के साथ पानी के पाउच पड़े मिले हैं। इस संबध में घाटमपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोशिश की जा रही है।

# फर्जी एनटी बने युवक की जमानत मंजूर

**कानपुर देहात।** अकबरपुर तहसील में करीब दो महीने पहले फर्जी नायब तहसीलदार बनकर नियुक्ति लेने के मामले में आरोपी युवक की अदालत ने जमानत अर्जी सशर्त जमानत मंजूर कर ली है।

नायब तहसीलदार रवींद्र कुमार मिश्रा ने फतेहपुर के रामनगर क्षेत्र के ढकौली निवासी रोहित मिश्रा के खिलाफ अकबरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 4 जनवरी 2023 को रोहित मिश्रा तहसील ने आकर कहा कि उसका पीसीएस 2022 में नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है।

# स्टेशन पर किसान को पीट-पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


शिवकुमार।

**अमृत विचार।** दोस्तों के यहां से घूमकर घर वापस जाते समय एक किसान को सेंट्रल स्टेशन की पार्किंग के पास बदमाशों ने अपना निशाना बना लिया। पीड़ित को लूटने के बाद पीट-पीटकर हत्यारोपियों ने मार डाला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने यह गंभीर आरोप लगाए हैं। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव को लेकर बिहार लौट गए।


घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

जिला बिहार के लारपुर गया निवासी 51 वर्षीय किसान शिवकुमार यादव 16 फरवरी को ट्रेन से फरुर्खाबाद में रहने वाले अपने दोस्तों के यहां घूमने आए थे। बहनोई तरुण कुमार ने बताया कि रविवार को उनकी घर वापस थी। बताया कि वह शाम छह बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंच गए थे। कुछ खाने के लिए पार्किंग स्टैंड के पास बाहर आ गए। आरोप लगाया कि इसी दौरान बदमाशों ने उन्हें अपना शिकार बना लिया। आरोप है कि उनके पास 52 हजार रुपये थे, जिसमें 50 हजार रुपये लूट लिए गए। बताया कि उनका शव स्टैंड किनारे पड़ा पाया गया। उनके मुंह से खून निकल रहा था। जीआरपी ने जेब में मिली आईडी के आधार पर परिवारीजनों को घटना की सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट से कई पसलियां टूटी मिली हैं। अधिक रक्तस्त्राव हो जाने से मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही बिसरा भी सुरक्षित किया गया है। इस संबंध में जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा ने बताया कि परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

# कोचिंग संचालक ने पेपर लीक का किया दावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा के रामजी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दावा किया
- दावा: सुबह 9.16 बजे रीजनिंग के उत्तर बनी कापी आई

**अमृत विचार।** बर्रा के एक कोचिंग संचालक ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के आरक्षी पद की परीक्षा का पेपर लीक होने का दावा किया। जिसकी शिकायत कोचिंग संचालक ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर करने की बात की।

बर्रा स्थित एक कोचिंग के संचालक रामजी शुक्ला ने बताया कि वह बीते 10 सालों से पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी करा रहे है। बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजकर 16 मिनट पर टेलीग्राम एप पर रीजनिंग बाय अरुण सर के नाम से बने ग्रुप पर सवालो के उत्तर की बनी एक कापी आई, जिसमें 150 सवाल दिए हुए थे। ग्रुप संचालक ने दावा किया कि द्वितीय पाली के पेपर में यही सवाल आएंगे। जिसके बाद द्वितीय पाली की परीक्षा में पूरे 150 सवाल वही आए। जिससे इस बात की पुष्टि है कि पेपर लीक हुआ है। रामजी ने बताया कि मामले की शिकायत के लिए एसीपी नौबस्ता के कार्यालय गए। लेकिन वहां कोई नहीं मिला। वह मंगलवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलकर शिकायत करेंगे।

### परीक्षा के दौरान पर्ची के साथ छात्र को पकड़ा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के आरक्षी पद की परीक्षा के दौरान पर्ची से नकल कर रहे परीक्षार्थी को कक्ष परीक्षक ने पकड़ा। कक्ष परीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परीक्षार्थी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गोविंद नगर स्थित रतनचंद खत्री स्कूल में रविवार को यूपी पुलिस की द्वितीय पाली परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी को कक्ष परीक्षक ने पर्ची के साथ नकल करते हुए पकड़ा। केंद्र व्यवस्थापक राजकिशोर मिश्र ने बताया कि रविवार को दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान कुलगांव के खलार गांव निवासी प्रदीप कुमार परीक्षा दे रहा था। इस बीच कक्ष परीक्षक मोनिक सिंह ने पर्ची से नकल करते हुए उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान प्रदीप की पैंट से एक और पर्ची निकाली। मोनिका ने मामले की जानकारी गोविंद नगर पुलिस को दी। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर परीक्षार्थी के खिलाफ गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एचबीटीयू के बीटेक छात्रों को पीटा

**कानपुर।** उरई राजेंद्र नगर स्टेशन रोड निवासी प्रथम चतुर्वेदी ने पुलिस को बताया कि वह एचबीटीयू में बीटेक थर्ड ईयर का छात्र है। बताया कि 16 फरवरी को जब वह कॉलेज से अपने रूम पर जा रहा था तभी करीब 3.30 बजे दोपहर में सब्जी मंडी के पास उसे और उसके दोस्त उमंग दहिया को यहीं के सेकेंड ईयर के छात्र दिवांश मिश्रा और उसके दोस्तों ने रोक लिया और गालीगलौज देने लगे। बताया कि साथ में रहने के कारण उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उन लोगों को मारापीटा।

# चुनाव आने पर ही याद आते ब्राह्मण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सर्वब्राह्मण विकास परिषद की बैठक सोमवार को केंद्रीय कार्यालय दर्शनपुरवा में प्रदेश अध्यक्ष पंडित कौशल किशोर अवस्थी अध्यक्षता में हुई। बैठक को मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी ने संबोधित किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा देश और प्रदेश का नेतृत्व किया है, मगर मौजूदा समय मे ब्राह्मण राजनीति में पीछे हो गया है, क्योंकि राजनैतिक दलों ने ब्राह्मण समाज को महत्व देना बंद कर दिया है। राजनैतिक दलों के लोग चुनाव आने पर ब्राह्मणों के हित की बात करते है और चुनाव हो जाने के बाद ब्राह्मणों को कमजोर कर देते हैं। यही कारण है ब्राह्मण समाज पीछे होता जा रहा है। बैठक में महेश त्रिवेदी, एसपी शर्मा, डॉ. आरके तिवारी, विक्रम दुबे, डॉ. एसके तिवारी, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. एसके मिश्रा, केके दीक्षित रहे।



सर्वब्राह्मण विकास परिषद की बैठक हुई। अमृत विचार

आईना | नगर निगम की नाकामी, सिविल की सबसे ज्यादा 55 याचिकाएं समिति के सामने हुईं पेश

# शहर की 111 समस्याएं विधानसभा में गूंजी

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- जलकल विभाग की समस्याओं पर भी स्थानीय सदस्यों ने लगाई याचिका

**अमृत विचार।** यूपी विधानसभा के बजट सत्र में इस बार नगर निगम कानपुर से जुड़ी कुल 111 समस्याएं सदन में गूंजी। विधानसभा में स्थानीय सदस्यों ने सिविल की सबसे ज्यादा 55 याचिकाएं लगाई हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर जलकल से जुड़ी 35 शिकायतों को भी सदस्यों ने सदन के पटल पर रखा है। शासन ने सभी याचिकाओं पर नगर निगम से जवाब तलब किया है।

नगर निगम की नाकामी यूपी विधानसभा का सत्र में देखने को मिली है। दो फरवरी से शुरू हुई सदन की कार्यवाही के दौरान शहर से सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के सदस्यों को भी अपनी बात रखने के लिये समय दिया गया। इस दौरान जहां नगर निगम से जुड़ी समस्याओं के सुधार के लिये सत्ता पक्ष के लोगों ने याचिका लगाई, वहीं विपक्ष भी पीछे नहीं रहा। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने नगर निगम के चाचा नेहरू अस्पताल को शुरू करने को लेकर याचिका लगाई है। वहीं, सड़क, नाली व अन्य सिविल कार्यों को लेकर प्रश्न उठाया है। इसी तरह कैंट सपा विधायक हसन रूमी ने भी पेयजल और जलनिगम से जुड़ी समस्याओं को उठाया है। सत्ता पक्ष के भी जनप्रतिनिधियों ने भी याचिका लगाई है।

| विभाग | लंबित याचिकाओं की संख्या |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 55 |
| कानपुर नगर निगम सचिव | 01 |
| कार्मिक | 01 |
| जलनिगम | 02 |
| जोनल ऑफिस | 09 |
| एक्सीएन | 01 |
| उद्यान विभाग | 05 |
| जलकल | 35 |
| पार्किंग | 01 |
| एचएचएआई/पीडब्ल्यूडी | 01 |

**शासन ने नगर निगमों से मांगी जानकारी :** नगर विकास विभाग की ओर से विधानसभा की याचिका समिति के समक्ष लगाई गई याचिका पर प्रदेश के सभी नगर निगमों से जानकारी मांगी गई है। इसमें कानपुर नगर निगम के अलग-अलग विभागों की भी 111 याचिकाओं पर जवाब तलब किया गया है। शासन की ओर से कहा गया कि 15 दिनों के अंदर याचिका से संबंधित जानकारी दी जाए।

> नगर निगम से जुड़ी याचिकाओं की जानकारी प्राथमिकता पर एकत्र की जा रही हैं। इसके साथ ही उनके विभागों के प्रमुखों को शासन को जल्द जवाब भेजने के निर्देश दिये गये हैं।
>
> – **जगदीश यादव**, अपर नगर आयुक्त दृतीय

# बैडमिंटन और टीटी में भिड़े खिलाड़ी

- सांसद खेल स्पर्धा के पहले दिन स्कूलों के खिलाड़ियों ने पाई सफलता
- टीटी में 200 एवं बैडमिंटन के 300 खिलाड़ियों में हो रहे खिताबी मुकाबले

**कानपुर।** ग्रीनपार्क के बहुद्देशीय हाल में सोमवार को सांसद खेल स्पर्धा के खेलो इंडिया अभियान के तहत टेबल टेनिस व बैडमिंटन प्रतियोगिताएं हुईं।

बहुद्देशीय हाल में सोमवार को प्रतियोगिता का पहला दिन रहा। सांसद सत्यदेव पचौरी ने खिलाड़ियों व अभिभावकों की मौजूदगी में बैडमिंटन, टेबल टेनिस का उद्घाटन किया। इस मौके पर अध्यक्ष यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन, प्रतियोगिता संयोजक संजीव पाठक, भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, प्रकाश शर्मा, सुरेश अवस्थी, मणिकांत जैन, राजेश भदौरिया, संतोष शुक्ला, अनीता गुप्ता, टेबल टेनिस प्रभारी सुनील सिंह, बैडमिंटन प्रभारी आशुतोष सत्यम झा, बैडमिंटन कोच रमेश यादव आदि रहे।


बैडमिंटन में हाथ आजमाया। अमृत विचार

**टेबल टेनिस के परिणाम :** पहला क्वार्टर फाइनल में डीपीएस बर्रा की अपराजित सिंह और डीपीएस आजाद नगर की विराट गुप्ता को 11-7, 11-6, 7-11, 11-4 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पदमपत सिंघानिया के कुशाग्र तिवारी ने सनातन धरम के आदित्य राज सिंह को 11-7, 12-10, 12-14, 11-5 से हराया। तीसरी तिमाही के फाइनल में पदमपत सिंघानिया की मानस पोपटानी ने जीडी गोयनका के अर्नव भाटिया को 15-17, 11-9, 11-6, 11-9 से हराया। चौथी तिमाही के फाइनल में चिंटेल्स स्कूल के दुर्वांक ने सनातन धर्म के अयान गुप्ता को 11-6, 11-1, 11-2 से हराया। पहला सेमीफाइनल डीपीएस बर्रा के अपराजित सिंह ने पदमपत सिंघानिया के कुशाग्र तिवारी को 11-7, 11-7, 11-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में चिंटल्स स्कूल के दुर्वांक ने पदमपत सिंघानिया के मानस पोपटानी को 11-9, 12-10, 11-3 से हराया।

**बैडमिंटन के परिणाम :** अंडर-11 में आरणा द्विवेदी, श्रेयस झा, अनिल रावत, सौरभ मौर्य, सानिध्य रोहिरा, प्रशांत, प्रशस्ति शुक्ला, निकिता भाटिया, आदित्य कृष्णवंशी, तृषा तिवारी, अथर्व यादव, कुणाल शर्मा, सिद्धि झा आदि ने अगले चक्र में प्रवेश किया।

# कालोनी बेचने के नाम पर ठगी

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में निरस्त हो चुकी कालोनी बेचने के नाम पर युवक से सवा लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित जब केडीए गया तो उसे ठगी का पता चला। पैसा वापस मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया गया।

कल्याणपुर के मिर्जापुर निवासी कोमल सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में उनके परिचित आलोक तिवारी ने पनकी के रतनपुर में एक एलआईजी कालोनी बिकाऊ होने की जानकारी दी। जिसका मालिक शकुंतला देवी को बताया गया। उन्होंने बताया कि शकुंतला देवी के बेटों सोनू दुबे व सुनील दुबे ने केडीए में कुछ पैसा बाकी होने की बात कह कर एक लाख बीस हजार रुपये नकद ले लिए।

# दुराचार में आरोपी दोषी करार, 22 को होगी सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर नगर जनपद के साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में साढ़े तीन साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचारः** साढ़ क्षेत्र के एक गांव में करीब साढ़े तीन साल पहले शौच करघर वापस जा रही महिला के साथ उसी गांव के युवक ने जबरन दुष्कर्म किया था। मामले में विशेष न्यायालय एससी/एसटी एक्ट की अदालत ने शनिवार को अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। अब सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तारीख नियत की है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि कानपुर नगर के साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 14 अगस्त 2020 की शाम वह खेत से शौच क्रिया कर घर की ओर वापस लौट रही थी। तभी गांव निवासी हलीम ने उसे रास्ते में दबोच लिया और अपने गमछे से उसका मुंह बंद कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था।

उसके शोर मचाने पर ननद दौड़ कर मौके पर आई तो हलीम किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एससी/एस टी एक्ट रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार दिया। अब उसे 22 फरवरी को अदालत में दोष के आधार पर सजा सुनाई जाएगी।

# सरसौल में मिडडे मील खाने के बाद 15 बच्चे बीमार

संवाददाता, सरसौल

- घटना पर पर्दा डालने की कोशिश करते रहे बीईओ
- बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत

**अमृत विचारः** सरसौल विकास खण्ड के शंकरानंद जूनियर विद्यालय में सोमवार को मिडडे मील खाने के बाद लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों की तबीयत अचानक खराब हो गई। बच्चों को पेट में दर्द, उल्टी और चक्कर आने लगे, जिसके बाद हड़कंप मच गया। जिन बच्चों की तबियत बिगड़ी, उनमें से कुछ छुट्टी के बाद घर चले गए, जबकि कुछ विद्यालय में ही थे। एंबुलेंस बुलाकर सभी बीमार बच्चों को सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कांशीराम ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान बच्चों के परिजन और पुलिस अस्पताल पहुंच गई।

सरसौल स्टेशन के पास फुफुआर सुई थोक स्थित शंकरानन्द एडेड जूनियर स्कूल में सोमवार को मिड डे मील में रोटी, सब्जी और चावल खाने के बाद 15 बच्चों की तबियत खराब होने लगी। इन बच्चों के पेट में दर्द, उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत हुई तो स्कूल प्रबंधन ने एंबुलेंस के जरिए उन्हें सरसौल सीएचसी भिजवाया, जहां बच्चो को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन कुछ देर बाद सभी को रामादेवी स्थित कांशीराम ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

इस मामले में विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसर गुमराह करने में जुटे रहे। जहां विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि एक ही भोजन सभी बच्चों को दिया गया था, जिनमें सिर्फ 15 बच्चों को दिक्कत हुई है। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार पहले तो मामले पर लीपापोती करते नजर आए, लेकिन आउट आफ कंट्रोल देखने के बाद स्वास्थ्य विभाग से बात कर जानकारी देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।


सरसौल सीएचसी भेजे गए बीमार बच्चे। अमृत विचार


हालत ठीक नहीं देख कांशीराम ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। अमृत विचार

> लगभग ढाई बजे 15 बच्चों को सीएचसी लाया गया था। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत देखते हुए कांशीराम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां बच्चों का इलाज चल रहा है।
>
> -डॉ. प्रणबकर, सीएचसी प्रभारी

### जांच कमेटी गठित, तीन दिन में रिपोर्ट

**कानपुर।** एमडीएम खाने के बाद बीमार हुए बच्चों की जांच के लिए जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी में चार सदस्य हैं, जो जांच कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट देंगे। जांच टीम मुख्य रूप से भोजन की जांच रिपोर्ट के आधार पर पड़ताल करेगी। इस दौरान बीमार हुए बच्चों से भी पूछताछ की जाएगी। सरसौल के सहायता प्राप्त स्कूल में घटना के कुछ ही देर बाद जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी सरसौल करेंगे। 4 सदस्यी जांच टीम में डीसी एमडीएम सहित दो अधिकारियों को और शामिल किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिक जांच में बच्चों की ओर से स्कूल परिसर में ही लगे जफरोटा के बीज खाने की बात स्वीकार की गई है।

### बच्चों के बीमार होने से अभिभावकों में हड़कंप

**सरसौल।** स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद डेढ़ दर्जन बच्चों की तबीयत खराब होने की सूचना से अभिभावकों में हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही कई बच्चों के अभिभावक पहले स्कूल पहुंचे और फिर सीएचसी भेजे जाने की जानकारी पर अस्पताल पहुंच गए। अभिभावकों में खलबली मची रही।

# नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत, भड़का गुस्सा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद डॉक्टर ने भेजा था निजी अस्पताल, घाटमपुर सीएचसी में ही संविदा पर है तैनात

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** कस्बे के चंद्रभान नर्सिंग होम में सोमवार को एक प्रसूता की जान चली गई। मौत होने के बाद परिजनों और रिश्तेदारों ने जमकर हंगामा काटा। दरअसल, सीएचसी में प्रसव होने के बाद डॉक्टर ने महिला की हालत खराब बताकर अपने निजी अस्पताल में भेजा था। डॉक्टर सीएचसी में संविदा पर तैनात है। परिवार वालों का आरोप है कि डॉक्टर ने 19 हजार रुपये की मांग की थी। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर को नर्सिंग होम में नजरकैद रखा।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के सरैंया गांव के रहने वाले अंकित कुमार की पत्नी रामदेवी (22) गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर अंकित कुमार सोमवार को आशाबहू के साथ एंबुलेंस की मदद से पत्नी को लेकर घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था, जहां उसे भर्ती कर लिया गया। भर्ती होने के बाद राम देवी ने बेटे को जन्म दिया। परिवार वालों का कहना है कि प्रसव होने के बाद रामदेवी की हालत बिगड़ी बताई गई। स्टाफ नर्स ने कहा कि प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई है। उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

सीएचसी में एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। फोन करने पर पता चला कि एंबुलेंस पतारा में है। पति अंकित कुमार का कहना है कि सीएचसी में संविदा पर तैनात डॉ.आर चंद्रा ने पत्नी को कानपुर रोड स्थित चंद्रभाल नर्सिंग होम में भर्ती कराने की सलाह दी। यह नर्सिंग होम डॉ.आर चंद्र का ही है। पत्नी की हालत देखकर उसने चंद्रभाल नर्सिंग होम ले जाकर भर्ती करा दिया। अंकित का कहना है कि जब वह पत्नी को लेकर नर्सिंग होम पहुंचा तो डॉ. आर चंद्र के छोटे भाई ने 19 हजार रुपये काउंटर में जमा करने को कहा। पति का कहना है कि रुपये जमा करने के बाद डॉ. आर. चंद्र के छोटे भाई ने इलाज शुरू किया। डॉक्टर ने तीन इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगाने के बाद ही रमा देवी की मौत हो गई। पति अंकित का कहना है कि अगर समय से इलाज हो जाता तो पत्नी की मौत नहीं होती। मौत की सूचना पर रिश्तेदार और गांव के लोग पहुंच गए। हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर कोतवाली से एसएसआई खुर्शीद अहमद फोर्स के साथ पहुंचे और डॉक्टर को नजरबंद कर लिया। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद परिवार वाले शांत हुए।


अस्पताल में नजरबंद डॉ. आर. चंद्र।


महिला की गोद में जन्मा शिशु।


रामदेवी का पति अंकित।


अस्पताल पहुंची पुलिस से शिकायत करते परिजन। अमृत विचार

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डॉक्टर को किया नजरबंद
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव होने के बाद बिगड़ी थी महिला की हालत

### बच्चा पूरी तरह स्वस्थ

बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। बच्चे की आंख खुलने से पहले ही उसके सिर से मां का साया छिन गया। वह रामदेवी की जेठानी दीपिका की गोद में आंखें बंद किए दुबका था।

### समय से इलाज मिल जाता तो बच जाती जान

पति अंकित ने बताया कि अगस्त 2023 में उसकी शादी महोबा जिले के खन्ना निवासी रामदेवी के साथ हुई थी। पत्नी का यह पहला प्रसव था। उसने बताया कि राम देवी के माता-पिता के आने के बाद ही तहरीर दी जाएगी। भाई अमित ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय से इलाज मिल जाता तो रामदेवी की मौत नहीं होती। गांव की आशा ने कमीशन के चलते चंद्रभाल नर्सिंग होम ले जाने की सलाह दी थी।

### नर्सिंग होम में चलता कमीशन का खेल

रामदेवी के जेठ अमित कुमार ने कहा कि डॉ. आर चंद्र सीएचसी में संविदा पर तैनात है। तहसील क्षेत्र की सभी आशाएं उनके संपर्क में हैं। आशाएं प्रसव के केस चंद्रभाल नर्सिंग होम में ही ले जाने की सलाह देती हैं। रामदेवी के साथ भी यही हुआ। सीएचसी में जानबूझ कर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई जाती, ताकि लोग मरीज को चंद्रभाल नर्सिंग होम ले जाने को मजबूर हो जाएं। इसमें सभी का कमीशन होता है। एम्बुलेंस के चालकों का भी कमीशन तय है।

# बिल्हौर एसीपी ने दर्ज किए दोनों पक्षों के बयान

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचारः** शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान मित्र स्वाती अवस्थी और सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुज दीक्षित के बीच विवाद में नया मोड़ आ गया है। स्वाति अवस्थी और डॉ. अनुज दीक्षित ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए विभागीय अफसरों के साथ एसीपी बिल्हौर को तहरीर दी है। एसीपी ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं।

शिवराजपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अनुज दीक्षित और आयुष्मान मित्र स्वाति अवस्थी के बीच आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर लगातार विवाद होता रहा है। डॉ. अनुज दीक्षित का कहना है कि सीएचसी में सबसे कम आयुष्मान कार्ड बनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी ने उनका वेतन रोक दिया था। वेतन रुकने के बाद उन्होंने आयुष्मान मित्र स्वाति अवस्थी से जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाने और लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए कहा तो वाद हो गया था।

> अभी मुझे सीएमओ कार्यालय से कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। आयुष्मान मित्र स्वाती अवस्थी सही काम नहीं कर रही थी, जिसको लेकर शिकायत की गई थी।
>
> -डॉ .अनुज दीक्षित, अधीक्षक

अधीक्षक डॉ. अनुज दीक्षित ने बताया कि मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने मुस्ता गांव में एक बैठक में सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जनता से पूछ रहे थे, इस बीच कुछ ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड न बनने की शिकायत की थी, जिसको लेकर सांसद ने आपत्ति दर्ज कराई थी और जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए कहा था। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हो रहा था।

इसी बीच आयुष्मान मित्र स्वाती अवस्थी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन से चिकित्सा अधीक्षक की शिकायत की थी कि उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। इस शिकायत को लेकर सीएमओ ने एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश के साथ दो डॉक्टरों की जांच टीम बनाई, जो पूरे मामले की जांच करेगी।

# दौड़ में दिव्यांग प्रिया का जलवा, बांटी गई मिठाई

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार। प्रयागराज में रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा ने तेलंगाना राज्य में एनआईटी दौड़ प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। उसकी कामयाबी पर गांव में खुशी का माहौल है।

शिवराजपुर क्षेत्र के बहरमापुर निवासी मनोज तिवारी उर्फ पुच्चा तिवारी की 19 वर्षीय पुत्री प्रिया तिवारी हादसे में एक हाथ कट जाने से दिव्यांग हो गई थी। वह प्रयागराज में रहकर बीटेक की पढ़ाई कर रही है। रविवार को तेलंगाना राज्य के वारंगल में राज्य स्तरीय एनआईटी दौड़ में 10 छात्राओं ने भाग लिया। प्रिया ने सबको पछाड़ते हुए प्रथम स्थान पाया। प्रिया के प्रथम आने की सूचना मिलते ही गांव में हर्ष का माहौल रहा। उनके पिता पुच्चा तिवारी ने गांव में मिठाई बांटी।


ट्रॉफी के साथ दिव्यांग प्रिया।

# चौबेपुर के सूने घरों में चोरी, साढ़े पांच लाख का माल पार

संवाददाता, चौबेपुर

- नई बस्ती के दो घरों के साथ साइकिल स्टोर में बोला धावा

**अमृत विचार।** कस्बे में रविवार देर रात चोरों ने दो घरों में धावा बोल नकदी समेत करीब साढ़े पांच लाख का माल पार कर दिया। घटना के समय गृह स्वामी घर पर मौजूद नहीं थे। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास क्षेत्र में छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। मालूम हो कि मूल रूप से जनपद फर्रुखाबाद निवासी संतोष कुमार ने कुछ समय पहले ही कस्बे के बेला मार्ग स्थित नई बस्ती में अपना मकान बनवाया है।

बताया गया है कि रविवार को संतोष घर में ताला बंद कर परिवार सहित अपने गांव गए हुए थे, तभी देर रात मौका पाकर छत के रास्ते चोर घर में दाखिल हुए, कमरों के ताले तोड़े और वहां रखे बक्सों व अलमारी के लाकर तोड़ नगदी और सोने चांदी के जेवरात पार कर दिये। इतना ही नहीं चोरों ने पड़ोस में रहने वाले लालाराम के घर को भी अपना निशाना बनाया। यहां भी छत पर पहुंचे चोर सीढ़ियों के रास्ते आंगन में उतरे और कमरे का ताला तोड़कर वहां रखे बक्सों व अलमारी के लॉकर तोड़ सोने चांदी के जेवरात व नकदी पार कर दी।

घटना के समय गृह स्वामी लालाराम घर में ताला बंद कर परिवार के साथ एक शादी कार्यक्रम में गए हुए थे। बताया गया है कि भोर पहर शादी कार्यक्रम से लौटने पर घर में बिखरा पड़ा सामान व लॉकर आदि टूटे देख वह हैरान रह गए और घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। घर के लोग इधर-उधर छानबीन कर ही रहे थे, तभी पड़ोसी संतोष के घर का ताला टूटने की जानकारी हुई। जिस पर मकान मालिक संतोष को फोन से घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित गृह स्वामियों द्वारा दी गई सूचना पर सुबह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां लालाराम ने लगभग दो लाख के जेवर व दस हजार की नगदी और संतोष ने ढाई लाख रुपए के सोने चांदी के गहने और एक लाख दस हजार रुपए चोरी होने की बात पुलिस को बताई। आसपास कराई गई छानबीन के दौरान पुलिस को घर से थोड़ी दूर स्थित एक खाली पड़े प्लाट में जेवरातों के टूटे डब्बे व कुछ कागजात मिले। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य एकत्र किए।

वहीं दूसरी ओर इसी रात चोरों नें अब्दुलपुर गांव के समीप एक साइकिल स्टोर का ताला तोड़कर लगभग पचास हजार रुपए का सामान पार कर दिया। यहां भी घटना की जानकारी दुकानदार को सुबह दुकान खोलने के दौरान हुई। थाना प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि सूने घर पाकर चोरों द्वारा वारदात किए जाने की जानकारी हुई है। घटनाओं में किसी जानकार का हाथ हो सकता है। मामले की पड़ताल की जा रही है।


खुली पड़ी अलमारी व बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार


घटना की छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

धूम मची | रामलीला में कलाकारों का अभिनय देखने उमड़े ग्रामीण, पात्रों के बेहतरीन मंचन पर जमकर बजीं तालियां

# गुजेला की रामलीला में अन्नू अवस्थी ने गुदगुदाया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गुजेला में जय श्रीराम रामलीला कमेटी द्वारा विशाल धनुष यज्ञ (रामलीला) का आयोजन किया गया। रामलीला का मंचन देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। पात्रों के अभिनय से अभीभूत होकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज भदौरिया, अन्नू अवस्थी, पतारा ब्लॉक प्रमुख पति अजय सेंगर, वरिष्ठ भाजपा नेता अमोल चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपू दुबे, शेरू सिंह, मूसानगर थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह, पिंटू परमार, रामजी यादव एडवोकेट, अंकित परमार एडवोकेट, देवेंद्र, विजय बहादुर सिंह पूर्व अध्यक्ष शिक्षक संघ पतारा, अमोली प्रधान झब्बू सिंह, तिलसड़ा ग्रामसभा के प्रधान दीपू कुशवाहा, धरमंगदपुर के प्रधान रिंकल सचान, टिकवानपुर पूर्व प्रधान रामगोपाल पासवान, रिंकू सिंह परमार, कुरसेडा पूर्व प्रधान वैदेही शरण मिश्र, मधुरी प्रधान चंद्रवीर यादव मौजूद रहे।

वहीं कलाकार में परशुराम की भूमिका में जितेन पांडे, राम की भूमिका में आदर्श पांडे, लक्ष्मण की भूमिका में आशीष पांडे, हास्य कलाकार टिंकू चौहान, रावण की भूमिका में वरिष्ठ पत्रकार अवध दीक्षित रहे। कार्यक्रम में श्यामू सिंह परिहार, सुनील सिंह परिहार, लालू सिंह परिहार, श्याम सिंह राजावत, महेंद्र सिंह राजावत, शिवराम सिंह, दीपू अवस्थी, अभिषेक चंदेल, हुकुम सिंह यादव, अंगद सिंह परिहार, पुत्तन त्रिपाठी, बालजी शुक्ला, अजीत परमार, ज्ञान सिंह परमार, अंशु परिहार, छुन्ना अहमद, रसीद अहमद का कार्यक्रम सहयोग रहा। कार्यक्रम के आयोजक एवं स्वागताकांक्षी चंद्रभान सिंह परिहार आदि लोग मौजूद रहे।


रामलीला के दौरान क्षीर सागर में लक्ष्मी-विष्णु की झांकी दिखाई गई। अमृत विचार


रामलीला में पहुंचे अन्नू अवस्थी को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# उच्च शिक्षा में हुए बदलाव पर चर्चा

**घाटमपुर।** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरी घाटमपुर के प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने नेक के चेयरमैन प्रोफेसर अनिल सहस्त्र बुद्धे से लखनऊ विश्वविद्यालय में भेंट की। इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में हुए बदलाव पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान सहस्त्र बुद्धे ने कहा कि अब उच्च शिक्षा, शिक्षा संस्थान नैक से ग्रेडिंग करने पर ए, बी, सी, डी, ए प्लस, बी प्लस आदि ग्रेड नहीं देगा। उन्होंने कहा अब महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों आदि को स्टेज 1, 2, 3, 4 अथवा 5 प्रदान किया जाएगा। प्रथम चार ग्रेड में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थान की एक्सीलेंस को दर्शाएंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थान की गुणवत्ता बताई जाएगी।


कार्यशाला को संबोधित करतीं जिला महामंत्री रजनी सचान। अमृत विचार

# पूरी हुई जन की आस, घर-घर विकास

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** नगर मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला हुई। रिंकू शर्मा के कैंप कार्यालय में हुई कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनूप अवस्थी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री रजनी सचान ने अभियान के कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा घर-घर विकास हुआ है।

कार्यशाला के दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, शोभित सेंगर, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री संजय चौहान, हरिओम गुप्ता, विक्रम गोस्वामी, श्याम नारायण सचान, अतुल सिंह, अमित सोनी, अशरफ अली, अंकित शुक्ला, सुरेश त्रिपाठी, रविंद्र त्यागी, संदीप परिहार, विकास सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैलजा, नेहा गुप्ता, गुलशेर खान के साथ सभी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक और मंडल कार्य समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, 14 घायल

## बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर कार सवार चार लोग घायल, अन्य थानाक्षेत्रों में हुए हादसों में 10 अन्य लोग घायल हुए

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे अधेड़ की बाइक पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में टकरा गई। जिसमें लदी सरिया अधेड़ की गर्दन में घुसने से उसकी मौत हो गई। वहीं फतेहपुर चौरासी में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार रोडवेज चालक की मौत हो गई व पीछे बैठा साथी घायल हो गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में कार सवार दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गये। सभी एक ही परिवार के थे। इसी क्षेत्र में हुए एक अन्य हादसे में बाइक सवार युवक व उसका साथी घायल हो गया। वहीं सदर क्षेत्र में देररात परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्र घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के साथ संबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया।


गणेश प्रसाद।


सुमेरपुर पीएचसी में घायल महिला का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।


क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**केस 01** अचलगंज थानांतर्गत दौलतपुर गांव निवासी गणेश प्रसाद (58) पुत्र बाबूलाल बीती रविवार शाम घर से उन्नाव शहर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जहां से देररात बाइक से लौटते समय सदर क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे स्थित डीह चौराहा के पास सरिया लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गया। सरिया गर्दन में घुसने से वह गंभीर घायल हो गया। पीछे से आ रहे अचलगंज कस्बा निवासी धुन्नर बाजपेई ने उसे पहचान लिया और पुलिस को सूचना देकर एंबुलेंस से गणेश को जिला अस्पताल लाया। जहां डाक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि वह खेती करता था। उसके दो बेटे व पांच बेटियां हैं। इसमें एक बेटा व एक बेटी की अभी शादी नहीं हुई है। एसएचओ पीके मिश्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**केस 02** महेश सिंह (52) रोडवेज बस चालक थे और परिवार के साथ सदर कोतवाली अंतर्गत लोकनगर मोहल्ला में रहते थे। बीते रविवार वह मोहल्ले के रमेश सिंह के साथ बाइक से फतेपुर चौरासी के काली मिट्टी निवासी रिश्तेदार विजय सिंह के घर जाने को निकले थे। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर पीटीसी के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए थे। उन्हें सीएचसी लाया गाया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। महेश की हालत अधिक गंभीर देख परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत से मां रामलली सिंह, पत्नी पूनम व बेटी प्रगति सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। वह दो भाईयों में छोटे थे। पत्नी को तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- ट्रक की टक्कर से बाइक सवार रोडवेज चालक की मौत
- ट्रैक्टर ट्राली में लदी सरिया गर्दन में घुसने से अधेड़ की मौत

**केस 03** **बांगरमऊ।** पंजाब प्रांत के मोहाली थाना मटोर अंतर्गत सेक्टर-71 निवासी दिलीप (68) पत्नी गीता (65), बेटे प्रदीप (32) व बहू निकिता (27) के साथ कार से आगरा जा रहे थे। तभी आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को बांगरमऊ क्षेत्र की पीतमपुरा पुलिस चौकी के पास चालक प्रदीप को झपकी आने से उनकी कार के पीछे दूसरी कार से टकरा गई। हादसे के बाद चीख-पुकार सुन लोग और आनन-फानन घायलों को कार से बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने सास व बहू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं बांगरमऊ क्षेत्र में एक अन्य हादसे में दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर में कोतवाली क्षेत्र के भिखारी पुरवा गांव निवासी देशराज सिंह (60) और माझी राम (50) घायल हो गए। भुड्डा चौराहा के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी लाई। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं दूसरी बाइक चालक वाहन छोड़ भाग गया।

**केस 04** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवलीखेड़ा निवासी सचिन (25) गांव के मित्र विवेक चौधरी (23) रामनरेश के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा देने लखनऊ गए थे। रविवार को दूसरी पाली में परीक्षा देकर लौटते समय लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवीन मंडी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

**केस 05** **आसीवन।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव निजाम खेड़ा निवासी प्रथ्वी राज (40) किसी काम से अकबरपुर आ रहा था। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग रसूलपुर संपर्क मार्ग के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# लखनऊ-कानपुर हाइवे पर धू-धू कर जला लोडर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत देर रात कानपुर-लखनऊ हाईवे पर चलते लोडर में डीजल टैंक में लीकेज की वजह से हुए शार्टसर्किट से आग लग गई। लपटें उठती देख चालक ने वाहन से कूदकर जान बचाई। वहीं बचने के प्रयास में पीछे चल रहे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पानी की बौछार कर काबू पाया।

सदर कोतवाली अंतर्गत हुसैन नगर चौराहा के पास कानपुर से लखनऊ जा रहे खाली लोडर के डीजल टैंक में हुए रिसाव से अचानक आग लग गई। आग देख चालक ने लोडर खड़ा किया और कूदकर भाग निकला। लपटे देख राहगीरों में दहशत फैल गई। इसी दौरान बाइक से जा रहे अचलगंज के रानीगंज निवासी अर्पित यादव (24) ने बचने के प्रयास में ब्रेक मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे वह घायल हो गया। वहीं पीछे बैठा अचलगंज के घनश्यामखेड़ा निवासी साथी सूरज (22) लोडर की आग से झुलस गया। घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने दोनों को जिला अस्पताल लाई।


हाइवे पर जलता लोडर। अमृत विचार

### दंपति समेत 4 घायल

**पाटन।** बिहार थानाक्षेत्र में उन्नाव-लालगंज राजमार्ग पर सुमेरपुर तिराहे पर फतेहपुर जा रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार चालक प्रमोद तिवारी निवासी कानपुर सहित कार में बैठी गीता पांडे, उसके पति रविकांत पांडे पुत्र मूलचंद व उसका बेटा देवांश घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सुमेरपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक रितेश पुत्र कमल यादव निवासी बबरी कला थाना सोहरामऊ उन्नाव को ट्रक के साथ पुलिस ने पकड़ लिया।

# जाम में फंसे सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ने से नवीन पुल पर भीषण जाम लग गया। सुबह के समय जाम लगने के कारण कानपुर सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे सैकड़ों छात्र जाम में फंस गये। फोरलेन तक लगे भीषण जाम को देख पहुंची पुलिस ने आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। वहीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी पैदल पुल पार कर कानपुर की ओर से सवार में बैठकर अपने केन्द्रों पर पहुंचे।

सोमवार को सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई। जहां पहला पेपर हिंदी का था। सोमवार को शुक्लागंज के अलावा आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं पेपर देने के लिये सुबह करीब नौ बजे घरों से निकले। साढ़े 10 बजे से हिंदी की परीक्षा शुरू होनी थी। इस दौरान नवीन पुल पर भीषण जाम लग गया और फोरलेन तक वाहन सवार कतारों में खड़े रहे। भीषण जाम लगने के कारण कानपुर परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्राएं परेशान हो गई और पैदल ही पुल पार किया। जिसके बाद कानपुर की ओर सवार में बैठकर अपने केन्द्रों में देरी से पहुंचे। जाम की सूचना पर पुलिस कर्मी आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा करते रहे। पुलिस कर्मी काफी देर तक जाम छुड़ाने के लिये मशक्कत करते रहे। इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही।

जाम इतना भीषण लगा कि नवीन पुल के डिवाइडर पर भी दोपहिया वाहनों की कतार लग गई। वहीं भीषण जाम लगने के कारण कानपुर ड्यूटी जाने वाले अधिकांश लोग पैदल ही निकले। दोपहर करीब बारह बजे के बाद वाहनों का भार कुछ कम हुआ। जिसके बाद जाम हट सका।


पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

- सोमवार को सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे थे छात्र-छात्राएं

# बैंकर्स को हरा कर अगस्त क्लब की अपनी पहली जीत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) द्वारा आयोजित 15वीं डा. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग में सोमवार को हुए मैच में अगस्त क्लब ने बैंकर्स इलेवन को 23 रनों से हराया।

मैच में बैंकर्स इलेवन के कप्तान ने टास जीतकर अगस्त क्लब को पहले बल्लेबाज़ी का न्योता दिया। पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी अगस्त क्लब की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर 157 रन बनाए। जिसमें कप्तान मानविक मिश्रा ने 50, आदित्य प्रकाश ने 43 रन बनाए। बैंकर्स इलेवन की ओर से शिवाकांत ने 3, सौरभ व कृष्णा शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बैंकर्स इलेवन की टीम 134 रनों पर सिमट गई। जिसमें कृष्णा शर्मा ने नाबाद 54 रन बनाए। मैच के पूर्व एक फैक्ट्री के मैनेजर नीरज त्रिवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। शंकर श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, मंसूर खान, नवीन सिन्हा, सुनील पटेल, सुनील मिश्रा उपस्थित रहे। अंपायरिंग स्पर्श गुप्ता व संदीप यादव ने और स्कोरिंग शिशिर बाजपेई ने की। डीसीए के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि लीग का अंतिम मैच पीकेसी व यूथ क्लब के बीच 23 फरवरी को होगा।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि व आयोजक।

# धर्म और जाति के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही भाजपा: अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने सोमवार को पुरवा विधानसभा क्षेत्र के हिलौली ब्लाक के गावों में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल लिया। इस दौरान उन्होंने नुक्कड़ सभाओं में भाजपा की सरकार पर करारे प्रहार किए।

पूर्व सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें अपनी विफलताएं छिपाने और देश में व्याप्त कुशासन से ध्यान भटकाने को धर्म और जाति का राजनीतिकरण कर भोली भाली जनता को गुमराह कर रही हैं। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश की युवा पीढ़ी का भविष्य तय करेगा। क्योंकि केंद्र सरकार आधे सरकारी उपक्रम पूंजीपतियों को बेच चुकी है। अब स्वास्थ्य और शिक्षा के निजीकरण की तैयारी है। सरकारी नौकरियों पर रोक लगी है। यदि हालातों में बदलाव नहीं हुआ तो युवा पीढ़ी को पूंजीपतियों की चाकरी करनी होगी। भाजपा सरकारें देश को जिस ओर ले जा रही हैं वहां से युवा पीढ़ी के लिए सिर्फ अंधेरा है। उन्होंने बरौला, जेरा, पंचम खेड़ा, अकोहरी, लोटना, गुलरिहा आदि गावों में लोगों से मुलाकात की और पूर्व की तरह लोगों की मदद करते रहने का वादा किया। सभाओं को पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व एमएलसी सुनील साजन, पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत व बीतेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान जवाहर यादव, राजेन्द्र सिंह प्रधान, मंजीत यादव, शिवशंकर वर्मा, संजय जायसवाल, नीरज यादव, ज्ञान सिंह, सन्तपाल रावत सहित सपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।


सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार


कोतवाली के बाहर जानकारी देते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

# गालीगलौज करने पर महिला ने पुलिस से की शिकायत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मदनी नगर निवासी एक महिला को पड़ोसी नशे में धुत होकर गाली गलौज करता है, इसके साथ ही धमकी देता है। जिस पर गुस्साए क्षेत्र के विशेष समुदाय के लोग कोतवाली पहुंचे और युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मदनी नगर निवासी गरीब नबाज वहीं बनी मस्जिद के मौलाना है। उनकी पत्नी अरबिया बेगम ने बताया कि पड़ोसी युवक नशे में गाली गलौज करता है। तरह-तरह के आरोप लगाता है। खुद को सत्ता पक्ष का नेता बता कर धमकी भी देता है। जिस पर गुस्साए क्षेत्र के दो दर्जन लोग कोतवाली पहुंचे और युवक के खिलाफ इंस्पेक्टर को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की ।

# 67 युवाओं को मिली नौकरी तो खिले चेहरे

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक परिसर में आयोजन किया गया। मेले में दो सैकड़ा अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें चयनितों को मेले में ऑफर लेटर भी दिये गये।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकासखंड परिसर में रोजगार मेले का उप्र कौशल विकास मिशन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को भी कंपनियों में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह ने बताया कि अंतरराज्यीय पीपल ट्री ऑनलाइन, वेलस्पन इंडिया लिमिटेड, मिंडा आदि कंपनियां रोजगार मेले में आईं। करीब दो सैकड़ा अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। जिसमें कंपनियों ने 67 का चयन किया। 21 को मौके पर ऑफर लेटर दिये गये। जिला कौशल प्रबंधक आलोक तिवारी, मोनिका सिंह, शैलेंद्र भारतीय, रमाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।


महिला अभ्यर्थी को आफर लेटर देते मुख्य अतिथि व कंपनी अधिकारी। अमृत विचार

- नवाबगंज में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण योजना के तहत हुआ रोजगार मेला

# अधिकारियों की बेपरवाही से गांव में तीन दिन से अंधेरा

**पुरवा।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने हाइटेंशन लाइन के पोल में टक्कर मार दी थी। जिससे पोल टूटकर गिर गया था। गनीमत रही थी कि कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी थी। लेकिन तीन दिन बाद भी विभागीय अधिकारियों ने पोल सही नहीं कराया है। जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। गांव निवासी अधिवक्ता शैलेंद्र तिवारी, राजन गुप्ता, छोटू, शिवमोहन, दीवान आदि ने डीएम से जल्द पोल लगवाने की मांग की है। एसडीओ राकेश मौर्या ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था।

## सार-संक्षेप

### कोटेदारों ने एसडीएम को बताया दर्द, निदान की लगाई गुहार

**पुरवा उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के आधा सैकड़ा कोटेदारों ने एसडीएम रनवीर सिंह को प्रार्थनापत्र देकर मांग कि कि जिस इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से वे लोग लाभार्थियों को राशन तौलकर देंगे उसी तराजू से उन्हें भी गोदाम से राशन तौलकर उपलब्ध कराया जाए। कोटेदारों ने बताया कि सरकार द्वारा जो खाद्यान्न उन्हें दिया जाता है वह तय मानक से कम होता है। इसलिए उन्हें मिलने वाला खाद्यान्न भी इलेक्ट्रिक तौल मशीन से ही तौलकर दिया जाए। मांग की कि अभी पुरानी ई-पॉश मशीन से ही वितरण कराए। एसडीएम ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। उसे उच्चाधिकारियों को भेजा जायेगा। तहसील अध्यक्ष राहुल सिंह, प्रवीण शुक्ला, राधारानी, शिवशंकर, संजय सिंह, राजकुमार, मीरा देवी, आशीष, अवधेश, मनीष द्विवेदी, अविनाश आदि रहे।

### फाइलेरिया से बचाव कार्यक्रम में छूटे लोगों को दी दवा

**उन्नाव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा के गांव धिरजीखेड़ा व दिनाईं खेड़ा में फाइलेरिया से बचाव के संबंध में 10 फरवरी-2024 से शुरू हुए सर्वजन दवा सेवन अभियान कार्यक्रम का निरीक्षण जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने किया। कुछ ऐसे परिवार के सदस्यों को अपने सामने दवा का सेवन कराया जिन्होंने दवा सेवन से मना कर दिया था। इस दौरान अधीक्षक डा. दिनेश कुमार, बीसीपीएम इसहाक खान, संबंधित ग्राम पंचायतों की आशाएं व एएनएम मौजूद रहीं।

### किशोर पर नगदी व जेवर पार करने का आरोप

**औरास।** थानाक्षेत्र के गोबारि गांव के विक्रम सिंह ने सोमवार को थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती रविवार रात गांव निवासी एक किशोर अपने साथियों के साथ उसके घर घुस गया और घर में रखे 2 लाख 14 हजार नगद और सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिये। सोमवार सुबह जगने पर उसे घटना की जानकारी होने पर उसने थाने में तहरीर थी। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**धांधली** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में फर्जीवाड़ा का मामला

# बचने के लिए दंपति कर रहे 'खेल'

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर ब्लाक में शनिवार को सम्पन्न हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में अफसरों और प्रधान की मिलीभगत से रुपये के लालच में दंपति की दोबारा शादी कराने के मामले में अब जिम्मेदारों को बचाने का खेल शुरू हो गया है। अविवाहित और पात्रता का प्रमाणपत्र देने वाले ग्राम विकास अधिकारी ने सोमवार शाम वर-वधू के नाम थाने में तहरीर दी। जिसे थाना प्रभारी ने तहरीर में ग्राम प्रधान व सचिव का नाम न होने से तहरीर लौटा दी। उन्होंने एसडीएम के निर्देश के बाद ही तहरीर लेने की बात कही है।

बीघापुर तहसील क्षेत्र के ब्लाक बीघापुर में बीते शनिवार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 39 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे थे। जिसमें जिम्मेदारों की मिलीभगत से एक फर्जीवाड़े ने सबको चौंका दिया था। सुमेरपुर ब्लाक के जगतपुर निवासी देवदत्त उर्फ पुत्तन की बेटी रेखा ने बीघापुर ब्लाक के कुंभी निवासी जितेंद्र के साथ पहले से शादीशुदा होने के बावजूद मिलने वाले धन के लालच में दोबारा से शादी की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद समाज कल्याण विभाग हरकत में आया तो अविवाहित और पात्रता का प्रमाणपत्र देने वालों ने सामान वापस लेकर सोमवार को सिर्फ लाभार्थी के विरुद्ध थाने में फर्जीवाड़े की तहरीर दे दी। बिहार थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि तहरीर में जिम्मेदार ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के नाम न होने से एसडीएम से बात कर तहरीर वापस कर दी गयी है। एसडीएम के निर्देश पर मामले में जिम्मेदार दोषियों के नाम शामिल होने के बाद ही कार्रवाई करेंगे।


हजार नगद, 10 हजार के सामान के लिये दोबारा श

सोमवार को प्रकाशित खबर।

- बीघापुर ब्लाक में बीते शनिवार हुए विवाह समारोह में शादीशुदा जोड़े की कराई गई थी शादी

# सूने घर में घुसे चोर, मवेशी नगदी व जेवर उठा ले गए

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** सूने पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए दो मवेशियों समेत नगदी व जेवर पार कर दिये। सुबह जब मकान मालिक घर पहुंचा तो ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए।

कोतवाली क्षेत्र के मंगतखेड़ा गांव निवासी दुलारी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि रविवार को उसके पति सुमेर का लंबी बीमारी के चलते मंगतखेड़ा-कांथा रोड़ स्थित मकान में मौत हो गई थी। जिनका अंतिम संस्कार करने उसके परिवारी जन मूल गांव पैंथर गए थे। दाह संस्कार के बाद भाई मुकेश शाम करीब 7 बजे घर वापस आए तो अचानक उनकी पत्नी सर्वेश कुमारी का स्वास्थ्य खराब होने से घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी को दिखाने गांव के एक निजी अस्पताल गए थे। जहां से दवा लेकर वे लोग गांव के पुराने घर पर रुक गए। सोमवार सुबह जब भाई मुकेश कांथा रोड स्थित घर आए तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। चोर घर से 3 बकरा, एक बकरी, सोने-चांदी के जेवरात व करीब एक लाख रुपये नगद समेत 6 लाख का सामान पार कर ले गए। पीड़िता ने पड़ोसी गांव के दो युवकों पर चोरी का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

- पीड़ित के अनुसार, करीब छह लाख का नुकसान हुआ

# माता के जगराते में सुंदर झांकियां देख श्रद्धालु हो गए भाव-विभोर

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित बूढ़ेबाबा मंदिर परिसर में बीती रात माता का भव्य जागरण सम्पन्न हुआ। इसमें कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किये गए मां के गीत व सुन्दर झांकियों को देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये।

देवी मां के जागरण का शुभारंभ आचार्य नवीन द्विवेदी ने माता रानी की ज्योति प्रज्वलित कर किया। श्याम जी घनश्याम जी पार्टी कानपुर के कलाकार श्याम जी ने गणेश वंदना गणपति देवा, सनी सरताज ने मेरा हाथ पकड़ लो मइया जी, दुनिया में हमारा कोई नही, बेटू चंचल ने जीवन के दिन दो चार, कर लो मैइया जी से प्यार और संदीप ने बदली समय ने चाल तो सब बदल गये गीत गाये। वहीं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली, सिंदूरी हनुमान, राधा-कृष्ण, महिषासुर मर्दिनी आदि सुन्दर झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मां दुर्गा समति के सदस्य धीरज द्विवेदी, आशीष शुक्ला, डा. करन, कल्लू मिश्रा, विनोद सरिता, बउवन मिश्रा आदि ने आए सभी भक्तों का आभार जताया। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश जायसवाल, पवन पांडेय नातेदार, आनन्द यादव, शिवानुज पांडेय, कुलदीप शुक्ला, दिनेश मिश्रा, अनुज दीक्षित, अवधेश दिक्षित, श्यामजी वर्मा आदि रहे।


कलाकार द्वारा प्रस्तुत देवी गीतों पर झूमते भक्त। अमृत विचार

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।

ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा ( उंघना ), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता ( जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत )– इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

# कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती,

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्व्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइजर से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

## प्रसंगवश

# भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

# मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

## सोशल फोरम

# जिंदगी का हेल्थ कार्ड

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार... ! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है।



संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

–फेसबुक वॉल से

# देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते है,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश



डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

# 19424 करोड़ का निवेश, 20 हजार को रोजगार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 के तहत जिले में निवेश की 74 परियोजनाओं का किया उद्घाटन

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

- सेरेमनी का सजीव प्रसारण जिले की हर विधानसभा क्षेत्रों में किया गया
- उन्नाव में जन प्रतिनिधियों व अफसरों ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ के इंदिर गांधी प्रतिष्ठान सभागार से सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्नाव में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 में होने वाले 19424.78 करोड़ रुपये के निवेश में 6276.12 करोड़ के निवेश वाली 74 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसके तहत जिले में करीब 20 हजार लोगों को रोजगार मुहैया कराया जायेगा। जिसका सजीव प्रसारण जिले की हर विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। जहां जन प्रतिनिधि, उद्यमीगण व निवेशक मौजूद रहे।

जिले के सभी छह विधानसभाओं के अलावा विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयोजित हुआ। इस दौरान पीएम ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 का उद्घाटन किया। इसी दौरान जिले में यथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, मनोरंजन, आवास एवं रियल एस्टेट, ऊर्जा, आईटी आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, वेयर हाउस आदि सेक्टरों से संबंधित 170 एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए। जिसमें करीब 19424.78 करोड़ का निवेश हुआ है। जिले में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 में 6276.12 करोड़ रुपये के निवेश वाली 74 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया।

जिसके तहत जिले में करीब 20 हजार लोगों को रोजगार दिलाया जायेगा। इस दौरान जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाने के साथ आसमान में गुब्बारे भी छोड़े गये। इस दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता, सदस्य विधान परिषद रामचन्द्र प्रधान, डीएम अपूर्वा दुबे, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


पीएम द्वारा उद्घाटन का लाइव प्रसारण देखते जन प्रतिनिधि व अफसर। अमृत विचार


गुब्बारे उड़ाते जन प्रतिनिधि व डीएम। अमृत विचार

### बीघापुर तहसील सभागार में हुआ सीधा प्रसारण

पाटन। बीघापुर तहसील सभागार में सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। इसमें टेलीविजन पर लखनऊ में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री समेत अन्य राजनेताओं की मौजूदगी में चल रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला की पत्नी पूनम शुक्ला, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, नपं अध्यक्ष भगवंतनगर आशीष शुक्ला समेत क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### समारोह में पहुंचे विधायक

बांगरमऊ। तहसील के जन सभागार में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार के नेतृत्व में चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नगर व क्षेत्र के उद्यमियों को टेलीविजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए दिखाया गया। कार्यक्रम में विधायक के अलावा एसडीएम अतुल कुमार, तहसीलदार साक्षी राय, नायब तहसीलदार दिलीप कुमार, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति अर्जुन लाल दिवाकर बांगरमऊ, ब्लॉक प्रमुख पति विवेक पटेल गंजमुरादाबाद, संदीप बाजपेई व राकेश गुप्ता आदि रहे।


कार्यक्रम में विधायक का स्वागत करते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सीमेंट उतार रहे ट्रक को कंपनी कर्मियों ने किया पुलिस के हवाले

**पाटन उन्नाव।** गैर डीलरशिप के क्षेत्र में कम कीमत में सीमेंट अनलोड करने की सूचना पर कंपनी के अधिकारियों ने ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेने की बात स्वीकार करते हुए अभी तहरीर न मिलने की बात कही है। बिहार थानाक्षेत्र के भदेवरा में एक बिल्डिंग मैटेरियल दुकान में सोमवार को ट्रक से एक नामी कंपनी की सीमेंट उतारी जा रही थी। सूचना पर कंपनी के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज अमित सिंह टीम के साथ वहां पहुंचे और ट्रक चालक से ऑर्डर व लोडिंग के कागजात मांगे। चालक के कागजात न दिखा पाने पर अधिकारी ने ट्रक को चालक समेत बिहार पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रक से अनलोड की जा रही सीमेंट निर्धारित कीमत से कम में बेचे जाने की पुष्टि होने पर क्षेत्र में नकली सीमेंट की आपूर्ति होने की भी चर्चा रही। प्रभारी निरीक्षक शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि ट्रक और चालक उनके कब्जे में है। लेकिन, अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

### ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में चालक की मौत

**फतेहपुर।** सोमवार को तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद घंटों सड़क जाम रही। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुकेती गांव के पास तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक बसंतलाल निवासी मध्य प्रदेश के मैहर की मौके पर मौत हो गई। दूसरे ट्रक चालक को मामूली चोट आयी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दोनों ट्रकों के टक्कर बाद फतेहपुर से बबेरुर मार्ग करीब दो घंटे तक जाम रहा। जेसीबी मशीन से पुलिस ने दोनों ट्रकों को सड़क से हटाकर किनारे खड़ा कराया। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। थाना प्रभारी विंनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि दो ट्रकों के टक्कर में एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। जो कि मध्य प्रदेश के मैहर का रहने वाला था। ट्रक में सामान लादकर जा रहा था। तभी हादसे में मौत हो गई।

### कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगा कर दी जान

**थरियांव।** बड़ी बेटी की शादी में बैंक में से लिया ऋण वापस नहीं दे पाने से परेशान एक व्यक्ति ने सोमवार भोरपहर फांसी लगाकर जान दी। सुबह जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने शाम तक मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। थाना क्षेत्र के दिमांगरपुर मजरे रामपुर थरियांव निवासी शिवदास लोधी गांव में खेती किसानी करते थे। परिजनों ने बताया कि सुबह कमरे के छत के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। मृतक की पत्नी राजकली ने बताया कि बड़ी बेटी सुनैना की शादी के लिए पांच साल पहले किसान क्रेडिट कार्ड से तीन लाख का कर्ज लिया था। पांच साल पूरे हो जाने के बाद भी ऋण वापस नहीं कर सका और छोटी बेटी की शादी करने का समय आ गया था। जिस कारण पति परेशान रहते थे। सोमवार सुबह जब वह देर तक कमरे से नहीं निकले तो परिजनों ने जाकर देखा तो उनका शव फंदे से लटक रहा था।

# मौसम बदलते ही बीमारियों ने पसारे पैर, ओपीडी फुल


ओपीडी करतीं डा. शिप्रा झां। अमृत विचार


पीएचसी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** दो दिनों से अचानक तेज धूप निकल रही है। जिससे अचानक मौसम में परिवर्तन होने से तमाम प्रकार की बीमारियों ने पैर पसार दिये हैं। सोमवार को सुबह से ही पीएचसी, सीएचसी के अलावा प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों की क्लीनिक में मरीजों की भारी भीड़ रही। अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, चर्म रोगों के अलावा अन्य प्रकार की बीमारियों से परेशान होकर दवाइयां लेने पहुंचे। जिस कारण पीएचसी में सुबह से दोपहर तक भारी भीड़ रही।

जनवरी माह में पड़ी कड़ाके की सर्दी के बाद फरवरी में मौसम सामान्य हुआ। जिसके बाद इधर दो दिनों से सुबह शाम की सर्दी है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप निकल रही है। बदलते मौसम के कारण न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुबह नौ बजे से ही मरीजों की लंबी कतारें लग गई। दस बजे ओपीडी शुरू हुई। जहां मरीजों ने पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टरों को दिखाने के लिये लाइनों में खड़े हो गये। अस्पताल में मौजूद डा. शिप्रा झा ने मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, जुकाम, सर्दी, चर्म, शरीर में दर्द और अकड़न के अलावा अन्य रोगों से ग्रसित पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी। पीएचसी में 225 की ओपीडी की गई। जिसमें अधिकांश बुखार, सर्दी, जुखाम व पेट सम्बंधित बीमारियों से ग्रसित रहे। डॉक्टर ने बताया कि चर्म रोग के मरीज भी बढ़े हैं। इस समय तापमान के उतार चढ़ाव के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

## डीजे को लेकर मारपीट गेस्ट हाउस मालिक समेत दो पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के आदर्श नगर मोहल्ले में एक गेस्ट हाउस में डीजे को लेकर विवाद हो गया। जिस पर गेस्टहाउस मालिक ने अपने बेटे के साथ मिलकर युवक को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांधी नगर निवासी अरविंद गौतम ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि रविवार को आदर्श नगर स्थित पूर्वी पैलेस में एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां डांस करने के लिये उसने डीजे बजाने को कहा। जिस पर गेस्टहाउस मालिक महेश गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर महेश ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसे मारा पीटा।

# युवक की हत्या में दोषी पाए गए तीन को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



- सभी पर 26-26 हजार का जुर्माना भी
- उधारी के रुपए मांगने पर हुई थी हत्या

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत युवक की हत्या के बाद शव को गांव में एक सेफ्टी टैंक में फेंकने के मामले की सुनवाई सोमवार को कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ताओं द्वारा पेश किए गए साक्ष्य व दलीलें सुनने के बाद एडीजे ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास से साथ सभी पर 26-26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मंशाखेड़ा गांव निवासी दिनेश ने 8 नवंबर-2002 को छोटे भाई मुकेश के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 12 नवंबर-2002 को गांव के छुन्नू पंडित के घर के पीछे बने सेफ्टी टैंक में एक शव पड़ा होने की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई तो शव लापता मुकेश का निकला। इस पर दिवंगत के भाई दिनेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि चन्द्रभान पुत्र राम स्वरूप ने उसके भाई मुकेश से रुपए उधार लिए थे। भाई ने जब रुपए मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी दी थी। उसने चन्द्रभान, मनोज निवासी मंशाखेड़ा गंगाघाट व रामनगर निवासी शिवकुमार पर भाई की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सभी को जेल भेजा था। तत्कालीन सीओ सिटी आशुतोष शुक्ला ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तब से एससी-एसटी एक्ट की विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन था। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता जगन्नाथ प्रसाद कुशवाहा व मनोज पांडेय की ओर से पेश की गई दलीलों के आधार पर न्यायाधीश मो. असलम सिद्दीकी ने चन्द्रभान, मनोज व शिवकुमार को सजा सुनाई।

# चेयरमैन ने पति के साथ सब्जी मंडी हटवाने को की 'गांधीगीरी'

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


महिला दुकानदार को गुलाब का फूल देकर दुकान हटाने की अपील करतीं चेयरमैन।

**अमृत विचार।** नवीन गंगापुल के फुटपाथ पर सब्जी मंडी लगने के कारण शाम से लेकर देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसे देखते हुए सोमवार को पालिका अध्यक्ष नवीन पुल पर पहुंची। जहां सब्जी विक्रेताओं को गुलाब का फूल देकर हाथ जोड़ते हुए फुटपाथ पर सब्जी मंडी न लगाने को कहा। जिस पर दुकानदारों ने दुकानें हटा ली।

सोमवार शाम लगभग 7:30 बजे पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडे पालिका कर्मियों के साथ नवीन गंगा पुल पर पहुंची। जहां जाम की स्थिति को देखते हुए फुटपाथ पर सब्जी विक्रेताओं को गुलाब का फूल भेंट किया। हाथ जोड़कर फुटपाथ पर सब्जी की दुकान न लगाने को कहा। जिस पर सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकान हटा ली। वही नवीन गंगापुल होर्डिंग और बैनर हटाने को पालिका कर्मियों को निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के अलावा पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## नशेबाज ने दंपति व उनकी बेटी को पीटा

**आसीवन उन्नाव।** नशे की हालत में गालीगलौज करने का विरोध करने पर नशेड़ी ने लाठी से पिटाई कर दंपति और उनकी बेटी को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया है।

आसीवन थानाक्षेत्र के अरेरकला गांव निवासी मिथलेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पड़ोसी अखिलेश आए दिन नशा करके गालीगलौज करता है। उसने जब विरोध किया तो वह लाठी से उसे पीटने लगा। बचाने आई पत्नी पिंकी व बेटी मीरा से भी मारपीट की। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# पाक्सो और दुष्कर्म का फरार शातिर गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर सोमवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।


आरोपी प्रकाश राठौर।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि पोनी रोड निवासी प्रकाश राठौर पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का मुकदमा गंगाघाट कोतवाली में दर्ज था। वह कई दिनों से वांछित चल रहा था। जिस पर सोमवार को अपराध निरीक्षक राम प्रकाश ने मुखबिर की सूचना पर उसे आजाद मार्ग चौराहे से गिरफ्तार किया। जिसके बाद दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये उसे कोर्ट भेजा है।



**शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज:** गंगाघाट कोतवाली के क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक युवती को कानपुर में रहने वाले युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ संबंध बनाये। जब उसने शादी की बात कही तो युवक ने उसे मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ले में रहने वाली युवती ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है कि वर्ष 2020 में कानपुर कमला टावर घुमनी मोहाल निवासी श्रीराम कश्यप के साथ शादी तय हुई थी। जिसके बाद उसकी नजदीकियां बढ़ गई। उसी का फायदा उठाकर श्रीराम ने उसे शादी का झांसा दिया और उसका शरीरिक शोषण किया। कई बार उसने शादी का दबाव बनाया तो टरकता रहा। आरोप है कि उसने फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### युवती को पीटने पर चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के रामगंज में रहने वाली एक युवती को उसके भाइयों और भाभियों ने मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार पर रिपोर्ट दर्ज की है। जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रामगंज निवासी रमेश की बेटी काजल ने बताया कि उसके भाई राहुल उनकी पत्नी माधुरी, राकेश और उनकी पत्नी अनीता आये दिन किसी न किसी बात को लेकर मारते पीटते हैं। कई बार मारने पीटने से परेशान होकर उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आई मुसीबत — ट्रैक्टर की टक्कर से टूट गया था सरैंयां क्रासिंग का गेटबूम, एक दर्जन ट्रेनें धीमी निकली

# टूटा गेटबूम, साढ़े तीन घंटे बाधित रहा मार्ग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट स्थित गंगा बैराज मार्ग पर बनी सरैयां रेलवे क्रासिंग के गेटबूम में मरहला चौराहे से कानपुर की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बूम दो हिस्सों में टूट गया। गेटमैन ने यातायात रोकने के लिये स्लाइडिंग गेट लगाया। दोपहर बाद गेटबूम की मरम्मत हुई। वहीं आरपीएफ ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।। साढ़े तीन घंटे क्रासिंग बंद होने से कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

सोमवार सुबह 9:05 बजे मरहला चौराहे से बैराज मार्ग की ओर जा रहे एक ट्रैक्टर ने बंद हो रही रेलवे क्रासिंग के गेटबूम में टक्कर मार दी। जिससे गेटबूम कई हिस्सों में टूट गया। यह देख गेटमैन दौड़ा और ट्रैक्टर चालक को रोक लिया। जिसके बाद आरपीएफ को सूचना दी। वहीं गेटबूम टूटने के कारण स्लाइडिंग गेट लगाकर दोनों ओर का यातायात रोका गया। गेटबूम टूटने की जानकारी एसएनटी विभाग को दी। सूचना के एक घंटे बाद एसएनटी कर्मी मौके पर पहुंचे और टूटे गेटबूम की मरम्मत का कार्य किया। 12:25 बजे मरम्मत कार्य पूरा हुआ। जिसके बाद गेटबूम खोला गया। इस दौरान साढ़े तीन घंटे तक क्रासिंग के दोनों ओर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा। जिससे कई एम्बुलेंस और वीआईपी जाम में फंसे रहे। वहीं आरपीएफ ने ट्रैक्टर व चालक को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।


सरैयां क्रासिंग के टूटे गेटबूम की होती मरम्मत। अमृत विचार

- गेटबूम की मरम्मत दोपहर 12:25 बजे तक हो सकी

### धीमी गति से निकली ट्रेनें

सरैयां रेलवे क्रासिंग पर गेटबूम की मरम्मत होने के कारण अप और डाउन लाइन की प्रतापगढ़ इंटरसिटी, कानपुर लखनऊ इंटरसिटी, चित्रकूट एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, प्रयाग इंटरसिटी, झांसी पैसेंजर, झांसी इंटरसिटी, वंदेभारत, आगरा इंटरसिटी, शताब्दी, गोरखपुर ओंखा समेत सभी ट्रेनें धीमी गति से निकली।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर अजगैन पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुम्भी गांव निवासी मनीष (34) पुत्र राकेश अपने दोस्तों के साथ कुशहरी देवी मंदिर दर्शन करने गया था। सोमवार दोपहर दो बजे मंदिर से लौटते समय पुराने मंदिर मार्ग पर रेलवे ट्रैक पार करते समय लखनऊ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। मेमो पर अजगैन व रेलवे पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को हटवाकर के रेल रूट क्लियर कराया। वहीं हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# कांग्रेसी जुटे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत की तैयारी में

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 21 फरवरी को जिले में यात्रा लेकर आएंगे राहुल गांधी, जगह-जगह होगा स्वागत
- जोरदार स्वागत करने के लिए प्रदेश के कई पदाधिकारी भी जिले में डेरा जमाए हैं

**अमृत विचार।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी पूरा जोर लगाए है। जिले में यात्रा का स्वागत जोरदार हो इसके लिए लगातार जिलाध्यक्ष सहित प्रदेश के पदाधिकारी भी जिले डेरा जमाए हैं।

सोमवार को जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें प्रदेश सचिव आदर्श पटेल भी पहुंचे। उन्होंने जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई व जिले के यात्रा संयोजक के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। प्रदेश सचिव ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 फ़रवरी को सुबह 8 बजे जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। उन्नाव से लेकर शुक्लागंज तक यात्रा का भव्य का स्वागत किया जाएगा। इसे लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। कहा कि राहुल गांधी आम जनमानस की समस्याओं को लेकर जनता के बीच यात्रा लेकर आ रहे हैं। कहा कि इस न्याय यात्रा को देश की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। बताया कि यात्रा का सोहरामऊ, नवाबगंज टोलप्लाजा, दही चौकी बाईपास, शास्त्री प्रतिमा, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा, गांधी नगर तिराहा व नहर सहित अन्य स्थानों पर पार्टी के नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा।


यात्रा को लेकर तैयारी की जानकारी देते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

# देश-विदेश के उद्योगपति खोल रहे उत्तर प्रदेश के लिए खजाना

**जीबीसी पर विशेष**

**गोलेश स्वामी, राजनीतिक विश्लेषक, लखनऊ**

लखनऊ में सोमवार को संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोगों को यह संदेश देने में सफल रहे हैं कि उनके पारदर्शी शासन, फलदाई नीतियों व बेहतर कानून व्यवस्था का ही यह कमाल है कि देश-विदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश के लिए अपना खजाना खोलने से अब कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। इस जीबीसी के जरिए यूपी में दस लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पूंजी की लागत से 14 हजार उद्योग स्थापित होंगे। इनकी स्थापना से 34 लाख से अधिक लोगों को नौकरियों के मौके मिलेंगे। यह औद्योगिक निवेश वास्तव में जमीन पर उतरने के बाद यूपी के नौजवानों के लिए भाग्य का पिटारा खोलेगा। आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भी इस समारोह का जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाना तय है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यूपी को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को आसान बनाने में आज की जीबीसी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की गिनती कभी पिछड़े राज्यों में होती थी। लेकिन वर्ष-2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और वर्ष-2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एनडीए की सरकारों के बनने के बाद देश के साथ-साथ यूपी में औद्योगिक विकास बढ़ने लगा। यही वजह रही कि दोनों सरकारों ने क्रमशः 2019 और 2022 में स्वयं को रिपीट किया। आज यूपी की गिनती पिछड़े राज्य की बजाए देश की सबसे बड़ी दूसरी अर्थव्यवस्था के रूप में होती है। देश की जीडीपी में भी यूपी का योगदान 9.2 फसदी का है। ईज-आफ डूंईंग बिजनेस स्टेट रैंकिंग में देश में यूपी अचीवर स्टेट है। यूपी में 25 से ज्यादा निवेश फ्रेंडली नीतियां हैं। सिंगल विंडो निवेश मित्र व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री योगी की हनक के चलते अब उद्योगपतियों से रंगदारी मांगने की हिम्मत कोई नहीं कर पाता। अनेक गुंडे-माफिया पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। जबकि बाकी बचे हुए माफिया या तो यूपी छोड़ गए हैं या जेल में अपने दिन


गोलेश स्वामी। अमृत विचार

- मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार की साख का असर

गिन रहे हैं। सरकारी तंत्र की प्रभावी पैरवी कई माफियाओं को सजा दिलवाकर जेलों की सलाखों के पीछे भेजने में सफल रही है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री मोदी की इन बातों में दम है कि बीते वर्षों में यूपी में क्राइम कम हुआ है। व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यानी यह सेरेमनी का आकलन सिर्फ निवेश से ही नही है बल्कि इसका खास संदेश यह भी है कि भारत के लिए विश्वभर में सकारात्मकता का माहौल है। देश में मोदी की गारंटी यूं ही नहीं है बल्कि इसलिए है क्योंकि दुनियां अब भारत को बेहतर रिटर्न मानने लगी है। मोदी लोकल फार वोकल का संदेश देने से यहां भी नहीं चूके। उनका यह कहना कि लोग देश-प्रदेश में जहां भी पर्यटन या धार्मिक स्थल पर जाएं दस फीसदी लोकल सामान खरीदने पर जरूर खर्च करें, इससे स्थानीय लोगों के रोजगार यानी छोटे दुकानदारों को मजबूती मिलेगी।

आज का दिन जीबीसी के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी पहले संभल में स्थित कल्कि पीठ के धार्मिक समारोह में शामिल हुए, लेकिन यह समारोह पश्चिम यूपी खासकर मुस्लिम बाहुल्य संभल लोकसभा और आसपास के क्षेत्र की राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था। धार्मिक समारोह होते हुए भी मोदी जी और योगी जी यहां से सकारात्मक सियासी संदेश देने में सफल रहे। यह वही कल्कि पीठ है जिसके पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं जो कांग्रेस के खास प्रवक्ता रहे हैं। राजनीतिक बहसों में कांग्रेस का बचाव करते थे। लेकिन कांग्रेस द्वारा अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण ठुकराने से इतना नाराज हुए कि उन्होंने कांग्रेस के इस फैसले का खुलकर विरोध किया जिसके एवज में उन्हें कांग्रेस से निष्कासन सहना पड़ा। आचार्य का तर्क अपनी जगह सही भी था कि आप मोदी का विरोध करिए, राम और राम मंदिर का विरोध करके आपने ठीक नहीं किया।

उन्होंने तो यहां तक कह दिया था कि कांग्रेस में रहते हुए वे राहुल गांधी से एक साल में नहीं मिल सके, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से एक दिन में मिल लिए। उनका सीधा निशाना कांग्रेस हाईकमान था, इसलिए उनका निष्कासन तय था। बहरहाल, लोकसभा चुनाव की बेला में भाजपा इस मौके को क्यों नहीं भुनाती। मोदी जी ने आचार्य प्रमोद कृष्णम के कल्कि पीठ में मंदिर शिलान्यास समारोह का पहले आमंत्रण स्वीकार करके और उसमें भाग लेकर अपनी राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। साथ ही आचार्य के सहारे संभल और आसपास की मुस्लिम सीटों के लिए अपना सियासी संदेश देने में सफल रहे हैं। खासकर इसलिए कि मुस्लिम बाहुल्य सीट संभल से सपा के कट्टर मुस्लिम नेता शफीकुर्ररहमान बर्क सांसद हैं। रालोद पहले ही एनडीए के साथ आ चुका है। रालोद के साथ आने से एनडीए खासकर भाजपा को पश्चिमी यूपी में खासी मजबूती मिली है। आचार्य प्रमोद की कल्कि पीठ का इस क्षेत्र में खासा प्रभाव है। यह भी तय है कि अब प्रमोद भाजपा का ही दामन थामेंगे। जिसका लाभ फायदा को ही मिलेगा। मोदी यहां आचार्य प्रमोद के कल्कि मंदिर समारोह में जहां पांच सदियों बाद बने अयोध्या के भगवान राम के मंदिर का जिक्र करना नहीं भूले, वहीं विपक्ष को वंशवाद की राजनीति पर नसीहत भी दी। कहने का तात्पर्य यह है कि आज के दोनों समारोह यूपी के विकास से ही संबंधित थे यानी पहले का संबंध जहां धार्मिक विकास से है, वहीं दूसरा समारोह औद्योगिक विकास और युवाओं को नौकरियों के लिए द्वार खोलने की दृष्टि से खास संबंध रखता है। निष्कर्ष साफ है कि इन दोनों ही कार्यक्रमों और मोदी-योगी की डबल इंजन की सरकार की साख और रसूख का फायदा निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में मिलेगा और एनडीए की यूपी में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की रणनीति आसान होगी।

# खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टकराए बाइक सवार

**संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)**

- बाइक चला रहे युवक की मौत, दूसरा साथी हुआ घायल

**अमृत विचार।** रविवार देर रात सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से बाइक सवार टकरा गए। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।


मृतक जयपाल।

रविवार देर रात बिवांर थानाक्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी जयपाल (40) अपनी बाइक से कोतवाली क्षेत्र के गुरदहा गांव की ओर से आ रहा था। तभी उससे सिजनौड़ा गांव के पास कस्बा निवासी रफीक (28) पुत्र रस्सू ने कस्बे तक छोड़ने के लिए सहयोग मांगा। जहां से दोनों बाइक पर सवार होकर कस्बा की ओर आ रहे थे। तभी सिजनौड़ा रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे की सीएचसी लाया गया। जहां से गंभीर हालत में चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसी दौरान बाइक चालक जयपाल की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल रफीक जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है। मृतक बोरिंग मैकेनिक का कार्य करता था। वह गुरदहा गांव से बोरिंग का काम कर वापस आ रहा था। वह अपने पीछे पत्नी सहित तीन बेटे व एक बेटी को रोता बिलखता छोड़ गया। कोतवाल रामआसरे सरोज ने बताया कि घटना करीब देर रात आठ से नौ बजे के बीच की है। बताया कि ट्रैक्टर पहले से सड़क किनारे खड़ा था। बाइक की लाइट न होने के चलते ट्रैक्टर में पीछे से जाकर टकरा गए हैं। हेलमेट भी नहीं लगाए हुए थे। जिसके चलते चालक के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। कहा कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन की मौत

## गाजीपुर के करसवां गांव के पास हुआ हादसा, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**संवाददाता गाजीपुर फतेहपुर**

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के करसवां गांव के पास सोमवार की शाम दो बाइकों की हुई जोरदार भिड़ंत में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

गाजीपुर कस्बा निवासी रामशरण पुत्र प्रह्लाद अपने पुत्र जितेन्द्र सोमवार की शाम एक ही बाइक से अपनी रिश्तेदारी दतौली गांव गए थे। वहीं से देर शाम वह वापस गांव लौट रहे थे। तभी वह गाजीपुर थाने के करसवां गांव के पास ही पहुंचे थे कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा देख स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़कर मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक रामशरण व उसके पुत्र जितेन्द्र समेत दूसरी बाइक में सवार ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा निवासी रोहित पुत्र शिवप्रसाद की भी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी।

### ट्रक की टक्कर से पति की मौत, पत्नी गंभीर

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ रोड असनी मोड़ के पास ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दिया। जिसमें पति की मौके पर ही मौत हो गई, वही पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गेडुरी गांव निवासी जगजीत का पुत्र राजेन्द्र अपनी पत्नी रेखा देवी की बाइक पर सवार कर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव एक रिश्तेदार की मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के असनी मोड़ के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक चालक पति राजेन्द्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### सड़क हादसों में दो घायल

**फतेहपुर।** कानपुर जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र के खुटार गांव निवासी मोहन लाल औंग थाना क्षेत्र के बड़ाहार गांव अपनी रिश्तेदारी में आया था। तभी थाना क्षेत्र के हटिया बड़ा चैराहा के पास पैदल जाते समय कार की टक्कर से वह घायल हो गया। चार पहिया वाहन चालक ने अपने वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने हालत नाजुक देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। इसी तरह कल्यानपुर थाना क्षेत्र जगदीशपुर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद रविवार देर शाम साइकिल पर सवार होकर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी गांव किसी काम से आया था। जब वहां से वापस अपने घर जाने लगा तभी देवमई मोड के पास तेज रफ्तार बाइक सवार उसकी साइकिल को टक्कर मार दी।

# हादसा बचाने में बूढ़ी गंगा नदी में गिरी कार

**फर्रुखाबाद :** अनियंत्रित कार बूढ़ी गंगा में जा गिरी, जिससे कार चालक व उसका साथी पानी में डूबने लगा। दुर्घटना देख चरवाहों ने चालक व युवक को बाहर निकाला।

कंपिल नगर पंचायत के मोहल्ला टीचर कालोनी निवासी ललित राजपूत सोमवार दोपहर अपने साथी भूरे खान के साथ कार से अटैना जा रहे थे। कंपिल-बदायूं मार्ग पर गांव राईपुर-चिनघटपुर के पास सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। चालक ने कार को काबू में करने का प्रयास किया, लेकिन कर नहीं सका, जिससे कार बूढ़ी गंगा में जा गिरी। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। तल्फी नगला निवासी चरवाहे धर्म सिंह निवासी ने ईंट से कार का शीशा तोड़कर चालक और युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को सीएचसी भिजवाया।

# शिवाजी की जयंती पर गूंजते रहे ढोल-नगाड़े

**संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचारः** सामाजिक संगठन सरदार पटेल युवा वाहिनी एवं सरदार पटेल युवा मंच के तत्वाधान में वीर छत्रपति शिवाजी महाराज का 394वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ भव्यतम रूप से मनाया गया।

कार्यक्रम में लगभग 40 फुट लंबा कैलेंडर प्रदर्शित किया गया, जिसमें पुष्प वर्षा के साथ शिवाजी महाराज के जयकारों से मसेनी चौराहा गूंज उठा। शिवाजी का भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा के साथ ढोल-नगाड़े बजे और आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण हुआ । इसके बाद नेकपुर स्थित शिवाजी संस्थान केक काट कर जयंती मनी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक कन्नौज फर्रुखाबाद व पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार , वरिष्ठ संरक्षक हर्षवर्धन कटियार , कुलदीप कटियार , वीरेंद्र सिंह कटियार , बसपा जिलाध्यक्ष विजय कटियार, अपना दल एस जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार , जिला पंचायत सदस्य रिंकू कटियार, कृष्ण मोहन कटियार , सभासद मधुर कटियार , प्रमोद कटियार, अशोक कटियार , प्रधान अजय कटियार , गुरदीप कटियार जी, पूर्व प्रधान संजय कटियार जी , राजीव कटियार आदि लोग मौजूद रहे।


शिवाजी की जयंती पर जुटे लोग। अमृत विचार

कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार रेलवे रोड पर वीर शिवाजी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। सरदार पटेल शिवाजी फाउंडेशन की ओर से मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का आवाहन किया गया। उन्होंने वीर शिवाजी के बारे में उनके जीवन से जुड़े अनेको रोचक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति का महान रक्षक बताया। यहां नगर पालिका अध्यक्ष शरद गंगवार, फाउंडेशन केअध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, सौरभ गंगवार, रवि त्यागी, पीयूष गंगवार, नितिन गंगवार, अदालत पटेल, शशि ठाकुर, शिव शर्मा आदि रहे।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना में बच्चे की मौत

**संवाददाता,तिर्वा, कन्नौज**

- ठठिया थाना क्षेत्र लालशाह पुर्वा गांव का मामला

**अमृत विचार।** आगरा-लख़नऊ एक्सप्रेस वे की बैरीकेडिंग टूटी होने से मासूम हाईवे पर पहुंच गया। जहां किसी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।


आयुष।

सोमवार को लालशाह पुर्वा गांव निवासी श्रीकृष्ण कुमार सविता का पुत्र आयुष (8) अपनी दादी रामबेटी के साथ गांव के ही निवासी राजेश प्रजापति की बेटी के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम में किसी पूजा के लिए सर्विस रोड पर स्थित एक मंदिर में महिलाएं पहुंच गई। आयुष भी अपनी दादी के साथ कार्यक्रम में पहुंच गया। आगरा-लख़नऊ एक्सप्रेस वे की बैरीकेडिंग टूटी होने से आयुष हाईवे पर पहुंच गया। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे बिल्हौर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आयुष दो बहनों में अकेला था।

# मिट्टी का टीला ढहने से दबकर युवक की मौत

**भरथना, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बाहरपुरा में सोमवार की शाम को घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी खोदने के लिए गये युवक की टीला ढहने से दबकर मौत हो गई।

क्षेत्र के गांव बाहर पुरा निवासी सलीम अली 35 सोमवार की सुबह अपने घर से घर की लिपाई करने के लिए नहर पुल के पास मिट्टी खोदने के लिए गया था। वहां पर वह टीले के नीचे से मिट्टी खोदने लगा तभी अचानक टीला भरभरा कर उसके ऊपर गिर पड़ा, जिससे वह मिट्टी में दब गया। उसके मिट्टी में दबने पर उसके साथ गए लोगों ने मिट्टी को हटाकर उसे बाहर निकाला और उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# धर्मेंद्र की जगह सनी लियोनी की फोटो

**संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज**

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जारी फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम व फोटो लगे प्रवेश पत्र की पड़ताल में पाया गया कि इस रोल नंबर का आवेदन धर्मेंद्र ने किया था। गलत प्रवेश पत्र जारी होने से वह परीक्षा से वंचित हो गया। उसकी मानें तो कैफे से आवेदन किया और प्रिंट निकलवाया तो सही था।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पहले दिन सोशल मीडिया पर फिल्म अभिनेत्री का प्रवेश पत्र वायरल हुआ था जो चर्चा का विषय बन गया। इसमें परीक्षा केंद्र सोनेश्री स्मारक महाविद्यालय दर्ज था जहां सुबह पाली में परीक्षा होनी थी।


आवेदन जो कैफे पर किया गया।


अभ्यर्थी धर्मेंद्र।

- महोबा पुलिस ने अभ्यर्थी को पकड़ कर पूछताछ की तो सामने आई सच्चाई

परीक्षा में परीक्षार्थी गैरहाजिर रही। प्रवेश पत्र पर लिखे फोन नंबर व जीमेल आईडी की पड़ताल में यह महोबा जनपद से जुड़ी निकली। पुलिस ने आगे जांच की तो वायरल प्रवेश पत्र महोबा जनपद के रगौलिया बुजुर्ग गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार का पाया गया। रविवार को क्राइम ब्रांच की टीम रगौलिया बुजुर्ग पहुंची और अभ्यर्थी से पूछताछ की। उसने बताया कि उसने महोबा स्थित कैफे से पुलिस भर्ती के लिए आवेदन किया था। इसका प्रिंट निकलवाया तो सही था। जब प्रवेश पत्र जारी हुआ तो उसके स्थान पर सनी लियोनी का नाम व फोटो थी जिससे वह परीक्षा देने नहीं गया। इस अनोखे मामले में परीक्षार्थी का कहना है कि एडमिट कार्ड में सनी लियोनी का नाम और फोटो कैसे आ गया उसे इस बारे में कुछ जानकारी नहीं है।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताखा चौराहे के पास रविवार की देर रात को तेजी से आ रहे पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

क्षेत्र के गांव बहादुर पुरा निवासी उपेंद्र कुमार 22 वर्ष पुत्र विजय सिंह, अनुज कुमार पुत्र फूल सिंह व भूरे सिंह पुत्र हुकुम सिंह रविवार को बाइक से अपनी रिश्तेदारी में दावत खाने के लिए गए थे। देर रात वह तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे । जैसे ही वह ताखा चौराहे के पास पहुंचे तभी तेजी से आ रहे एक पिकअप लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों सड़क पर जा गिरे जिससे उनको गंभीर चोटें आई। इस हादसे में अनुज व उपेंद्र की मौत हो गई। भूरे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में चचेरे भाइयों की मौत होने की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# साल्वर गैंग का भंडाफोड़, तीन धरे गए

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी संवर्ग सीधी भर्ती परीक्षा-2023 में असली परीक्षार्थी की जगह दूसरे को बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन साल्वर दबोचे हैं।

पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को दूसरी पाली की परीक्षा में शाकुन्तलम इंटरनेशनल स्कूल पर ड्यूटी में बढ़पुरा पुलिस व एसओजी टीम पहुंची थी। जानकारी मिली कि पुलिस भर्ती परीक्षा में एक साल्वर गैंग सक्रिय है। जो इसी स्कूल में किसी अभ्यर्थी की जगह बैठकर उसकी परीक्षा देने की फिराक में है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि इसकी सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गयी। पुलिस ने कृष्णानगर पुल के पास से तीन लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम



पुलिस की गिरफ्त में साल्वर गैंग के तीन सदस्य। अमृत विचार

लोकेश यादव , राजदीप एवं हरी कुमार बताये। इनको पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। राजदीप ने बताया कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा की सॉल्वर गैंग चलाता है। वह सॉल्वर हरीकुमार गुप्ता को साथ लेकर अभ्यर्थी लोकेश की द्वितीय पाली की परीक्षा दिलाने आया था। हरीकुमार को पूरे पैसे नहीं मिले तो हरीकुमार परीक्षा में नहीं बैठा था। राजदीप ने बताया कि वह नगलाधीर सिरसागंज फिरोजाबाद का रहने वाला है। अपने ममेरे बहनोई राज नरायाण प्रताप यादव उर्फ जूली नि के साथ मिलकर यह काम करता है। राजनरायण उर्फ जूली एवं अश्वनी निवासी पटना बिहार के साथ मिलकर देशबन्धु कोचिंग सेन्टर जो दिल्ली, आगरा , बिहार में चलाते हैं के संपर्क में था।

बताया कि वह व जूली 15 से 20 हजार रुपये प्रति पेपर के हिसाब से सॉल्व करने के लिये पढ़े लिखे लड़कों की व्यवस्था करते हैं और प्रति अभ्यर्थी से 3-8 लाख रुपये तक लेते हैं। परसौआ जसवंतनगर इटावा के लोकेश यादव ने भी परीक्षा में प्रश्नपत्र साल्व कराने के लिये 3,62,000 रुपये दिये थे।

**लोकसभा चुनाव -2024** | जनपद में 646 वीआईपी महिला मतदाता, विशेष मतदाता पुनरीक्षण में तैयार की गई वीआईपी मतदाता सूची

# मतदान बूथों पर दिखाई देगा नारी शक्ति का 'वंदन'

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान बूथों पर नारी शक्ति का 'वंदन' होगा। विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची में जिले में 646 वीआईपी महिलाओं का नाम है, जिसमें ग्राम प्रधान व सभासदों को भी शामिल किया गया है। इसी प्रकार जिले में 1141 पुरुष वीआईपी मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन्हें वीआईपी मतदाता की संज्ञा दी है।

लोकसभा चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया, जिसमें वीआईपी मतदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इनमें सभासद, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक, सांसद, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत


वोट डालने जातीं महिलाएं (प्रतीकात्मक फोटो)

अध्यक्ष के नाम शामिल किए गए हैं। 23 जनवरी को जब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया, तो उसमें 1787 वीआईपी मतदाताओं के नाम निर्वाचन आयोग को भेजे गए, जिसमें 1141 पुरुष और 646 महिलाओं के नाम शामिल हैं। ये वीआईपी मतदाता स्वयं अपने बूथ पर वोट डालने जाएंगे और समाज के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

वीआईपी मतदाताओं में किन्नरों व ट्रांस जेंडरों को भी शामिल किया गया है। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि लोकसभा चुनाव में पिछले चुनावों की अपेक्षा मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए भी कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वीप के माध्यम से विद्यालयों में भी छात्र-छात्राएं और शिक्षक भी आम जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में बता रहे हैं।

**जिले में महिला मतदाताओं की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | महिला वोटर | ट्रांसजेंडर | जेंडर रेशियो |
|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 223095 | 19 | 62.98% |
| 197-तिर्वा | 176729 | 24 | 64.25% |
| 198-कन्नौज | 201614 | 14 | 64.11% |
| कुल योग | 601438 | 57 | 63.73% |

"मतदाता सूची में शामिल वीआईपी वोटर्स जनप्रतिनिधि हैं, जो जिले की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन वीआईपी वोटर्स के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आम जनमानस को प्रेरित किया जाएगा। खासकर महिलाएं वोट देने कम जातीं हैं, इसलिए 646 महिलाओं को वीआईपी वोटर बनाया गया है।



-बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

# मोदी और अडानी-अंबानी को राहुल गांधी ने घेरा

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बोले- किसानों को नहीं दे रहे एमएसपी, अरबपतियों का ऋण माफ कर रहे पीएम मोदी

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि जय श्रीराम, जय श्रीराम। न्याय यात्रा के दौरान सोमवार दोपहर को गौरीगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज निकट टोल प्लाजा के पास आयोजित जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि पीएम मोदी ने एयरपोर्ट छीन लिया, पब्लिक सेंटर सब छीन लिया, इंफ्रास्ट्रक्चर छीन लिया, आपके स्कूल कॉलेज सब लेकर चले गए। आपने राम मंदिर समारोह देखा, देखा न, धूमधाम से हुआ, देखा न, उसमें आपने किसी गरीब को देखा, आपकी राष्ट्रपति हमारी राष्ट्रपति आदिवासी है, उनको अंदर नहीं आने दिया गया, उनका चेहरा देखा आपने, मजदूर को देखा, पिछड़े वर्ग को आपने देखा, नहीं। अडानी देखा, उसके बच्चे देखे, अम्बानी देखा, उसके बच्चे देखे, सारे बिजनेसमैन वाले देखे, नरेंद्र मोदी देखे पर नहीं देखे गए तो गरीब। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि किसान दिल्ली जा रहे हैं। आज मैंने फोटो देखी कि किसान पुलिसवालों को खाना खिला रहे हैं और पुलिसवाले किसानों को रोक रहे हैं। किसान क्या मांग रहा है? किसान कह रहा है कि हमें एमएसपी दो। इसमें क्या बड़ी बात है? राहुल गांधी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार किसानों के साथ गलत हो रहा है। देश जानता है कि इस देश में किसानों का क्या महत्व है और खेती कितनी महत्वपूर्ण है। भाजपा वो पार्टी है कि 14 लाख करोड़ रुपये 15-20 अरबपतियों में बांट करके और किसानों को आप एमएसपी नहीं दे सकते। कांग्रेस पार्टी एमएसपी के लिए लिखकर गारंटी दे रही है, एक्सरे होगा, जातीय जनगणना भी होगी, सब पता चल जाएगा, कितने पिछड़े, कितने आदिवासी, कितने दलित व कितने गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन 73 फीसदी लोग ये सवाल पूछना शुरू कर देंगे कि भाई मेरे जेब से हर रोज पैसा निकाल लेते हैं, पेट्रोल का पैसा जा रहा है, जीएसटी जा रहा है, जितना पैसा मैं देता हूं, उतना ही अडानी दे रहा है तो मुझको लाभ क्यों नहीं मिलता। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को प्रतापगढ़ होते हुए उनके संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची थी। सोमवार की रात राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र में ही रात गुजारी।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में अमेठी पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस यात्रा में राहुल महंगाई, युवाओं को रोजगार और किसानों के मुद्दे के जरिए अपना मत मजबूत करने में जुटे हुए थे। यात्रा में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा व नेता जयराम नरेश भी शामिल रहे।


भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार


प्रतापगढ़ में जनसभा के दौरान बिल्ली को पुचकारते राहुल गांधी। अमृत विचार

### कोर्ट में पेशी पर जा सकते हैं राहुल गांधी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि राहुल गांधी को 20 फरवरी की सुबह सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेश जिला न्यायालय में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। मानहानि के मुकदमे से जुड़ा यह मामला 4 अगस्त, 2018 को एक भाजपा नेता द्वारा दायर किया गया था। राहुल की कोर्ट में पेशी के चलते उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज सुबह रुक जाएगी और दोपहर 2 बजे अमेठी के फुरसतगंज से फिर अपने प्रोग्राम को शुरू करेगी। राहुल गांधी कोर्ट में पेशी पर जा सकते हैं, पर अभी उनसे बात नहीं हुई है।

### रायबरेली, अमेठी की उपेक्षा कर रही डबल इंजन सरकार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें रायबरेली और अमेठी की उपेक्षा कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हजारों करोड़ की योजनाएं यहां पर आईं, लेकिन ज्यादातर योजनाएं अटकी रहीं। मैं पूछता हूं कि जो योजनाएं यूपीए सरकार लाई थी वो आज क्यों बंद हैं ? क्योंकि वे (भाजपा) रायबरेली और अमेठी में काम नहीं करना चाहते हैं। वे दुश्मनी निकालने की साजिश कर रहे हैं। कहा कि अमेठी की जनता सब देख रही है और मुझे विश्वास है कि आने वाले 2024 में जनता इन्हें जवाब देगी।

# अब स्वामी प्रसाद मौर्य बनाएंगे नई पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 22 फरवरी को दिल्ली के कार्यक्रम में होगी घोषणा
- पार्टी के लिए नाम व झंडा तैयार औपचारिक घोषणा जल्द

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने के साफ संकेत दिये हैं। पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। नीला, लाल व हरे रंग की पट्टी वाले पार्टी के झंडे में बीच में 'आरएसएसपी' लिखा हुआ है। पार्टी की औपचारिक घोषणा 22 फरवरी को होना तय है। इस बीच, पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि 22 फरवरी को दिल्ली में बैठक के बाद नई रणनीति की घोषणा की जाएगी। उधर, नाराज चल रहे मौर्य को मनाने का प्रयास भी जारी रहा। सपा नेता पूर्व मंत्री राम गोविंद चैधरी मौर्य के आवास पर पहुंचे।

सूत्रों ने बताया कि 22 फरवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य दिल्ली के तालकटोरा मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। इसी दौरान नई पार्टी की घोषणा होगी। मौर्य पिछले कई दिनों से सपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे। उन्होंने 13 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों ने बताया कि 2013 में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया गया था। अलीगढ़ के रहने वाले साहिब सिंह धनगर ने यह पार्टी बनाई थी।

### दलितों-पिछड़ों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह दलितों और पिछड़ों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 85 और 15 का विरोध तभी कर दिया था जब सुल्तानपुर में परशुराम की मूर्ति लगाकर फरसा लहराया था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव 'सॉफ्ट हिंदुत्व' पैदा करना चाहते हैं। वह सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर चल रहे हैं।

### अखिलेश किस हैसियत में जो मुझे लाभ देंगे: स्वामी प्रसाद



पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव किस हैसियत में हैं कि वह उन्हें लाभ देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सपा की केंद्र व राज्य में सरकार है और वह उन्हें लाभ दे रहे थे। उनके द्वारा ऐसी शेखचिल्ली बघारना उचित नहीं है। मौर्य ने कहा कि उन्होंने हमेशा पद छोड़ा। वैचारिकता को प्राथमिकता दी।

### स्वामी फायदे के लिए सपा में आये थे: अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य फायदे के लिए सपा में आये थे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लाभ लेने के लिए हर कोई आता है, लेकिन मौके पर कौन टिकता है? किसी के मन में क्या है, यह कौन बताएगा? सपा प्रमुख ने कहा कि क्या ऐसी कोई मशीन है जिससे पता चल पाए कि किसके मन में क्या चल रहा है? लाभ लेकर तो हर कोई चला ही जाता है।



# आप लेखपाल हैं, अमेठी के मालिक नहीं: स्मृति

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा लेकर अमेठी पहुंचे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी भी अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंवाद यात्रा कर रही हैं। सोमवार को टीकरमाफी में लोगों की समस्याओं को सांसद ने सुना। इस दौरान एक शख्स अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर उनके पास पहुंचा। उसने सांसद को बताया कि लेखपाल मेरी जमीन पर किसी और को कब्जा दिलवा रहे हैं और मेरे विरोध दर्ज कराने पर कहते हैं, जाओ जहां मन करे शिकायत कर आओ। इस पर सांसद ने लेखपाल को फटकार लगाई, कहा कि आप लेखपाल है, अमेठी के मालिक नहीं।

अपने चार दिवसीय भ्रमण पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बाजार में बनाए गए चौपाल स्थल पर 12 बजे पहुंची। गाड़ी से उतरते ही उन्होंने फरियादियों से बातचीत शुरू की। सबसे पहले आवास, उसके बाद चिकित्सा फिर राजस्व विभाग और उसके बाद पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें सुनी। यहां अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें खूब हुई। लेखपाल और चौकी पुलिस के काम से लोगों में खासी नाराजगी दिखी। बाजार में चौपाल के दौरान अवैध कब्जे की शिकायत पर स्मृति ने खासी सख्ती दिखाई और लेखपाल सुधांशू शुक्ला को कहा कि पुलिस से मिलकर आधे घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटवाएं, वरना मैं उसी जमीन के सामने आकर धरने पर बैठ जाऊंगी। स्मृति ने कहा कि नौकरी आज है कल नहीं रहेगी। हम जनता के नौकर है, मालिक नहीं बन सकते। शेर बहादुर सिंह की शिकायत पर स्मृति ने आधे घंटे के भीतर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। ग्रामीण संपर्क निर्माण की शिकायत पर उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सड़क बनवाने की जिम्मेदारी दी। सांसद के पहुंचने पर सीडीओ सूरज पटेल, सीएमओ डॉ.अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, डीएसओ नीलेश उत्पल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण शैलेन्द्र कुमार, एसडीएम प्रीति तिवारी, खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, सीडीपीओ संजय सिंह, एसएचओ श्रीराम आदि अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, वंशीलाल सेठ , श्याम लाल मौर्य, लालशंकर सिंह,बेंचू सिंह, प्रभाकर सिंह ने भी सहयोग किया।


जन संवाद विकास यात्रा के दौरान समस्याएं सुनती केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर स्मृति ने कसा तंज

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी के गांधी चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया एवं राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जय सियाराम का नारा लगाया। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने एक जगह जन संकल्प विकास यात्रा के दौरान भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग अमेठी को सत्ता का केंद्र मानते थे, जब वे गाजे-बाजे के साथ आए तो अमेठी के लोग उनके स्वागत के लिए नहीं पहुंचे और उन्हें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर से लोग लाने पड़े...? लोग यह नहीं भूले है कि इसी व्यक्ति ने वायनाड़ में उत्तर भारत और विशेषकर अमेठी के बारे में कहा था कि यहां के लोगों की समझ ठीक नहीं है, तब से लेकर अब तक लोग आक्रोशित हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि अब माहौल ऐसा है कि रायबरेली की सीट भी परिवार ने छोड़ दी।

# प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रामराज्य की स्थापना : साक्षी महाराज

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** देश 1947 में जरूर आजाद हुआ लेकिन आत्मा का संचार रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हुआ। 22 जनवरी को रामराज्य की स्थापना हो गई। यह बातें सोमवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहीं। वे यहां रामलला का दर्शन-पूजन करने आए थे। दर्शन-पूजन से भावुक हुए साक्षी महाराज ने कहा कि वह राम मंदिर आंदोलन से होकर आज राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मुक्ति आंदोलन को लेकर वे संघर्ष में शामिल हुए। उन्होंने कोठारी बंधु को गोली लगने के बाद अपने हाथों से उठाया था। उन्होंने कहा कि 500 वर्ष बाद प्रभु राम का भव्य मंदिर बन ठीक उसी तरह मथुरा और काशी में भी मंदिर बनेगा। इसके लिए आंदोलन करने की जरूरत नहीं होगी।

# पेपर लीक की खबरों की जांच होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जांच रिपोर्ट में मिली जानकारी के आधार पर बोर्ड करेगा आगे की कार्रवाई

**अमृत विचार।** उप्र में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया पर पेपर लीक की खबरों को लेकर बवाल मचा हुआ है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है। हालांकि उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इसे लगातार खारिज करता रहा है, लेकिन इन बीच सोमवार को इस मामले की जांच के लिए भर्ती बोर्ड ने आंतरिक जांच कमेटी गठित करने का फैसला किया है। एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति बनाई गई है। भर्ती बोर्ड का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थियों के द्वारा सोशल मीडिया पर जो समस्याएं बताई जा रही हैं उन समस्याओं को देखते हुए बोर्ड ने आंतरिक कमेटी गठित की है। वायरल प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिका को लेकर जांच की जाएगी। जो सवाल वायरल हुए हैं वह प्रश्न-पत्र में कितने आए हैं? और वह परीक्षा से पहले, बाद में या उसके दौरान वायरल हुए हैं? इनकी भी जांच की जाएगी। बोर्ड के सूत्रों के मुताबिक एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी आंतरिक जांच समिति पेपर लीक की शिकायत, पेपर छपाई में गड़बड़ी, पेपर देर से पहुंचने की जांच होगी।

## वर्ग पहेली-348

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | | |
| 7 | | ■ | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली - 347 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | ■ | 2 अ | ■ |
| टि | ■ | ■ | ■ | व | ■ |
| या | ■ | 3 की | ■ | स | ■ |
| ■ | 4 फ | ट | का | र | ना |
| ■ | ■ | ना | ■ | वा | ■ |
| 5 सु | दे | श | ■ | दि | ■ |
| धि | ■ | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**आज का पंचांग**

रा. 12, बु., मं. शु. 10, गु. 1, श. सू. 11, 9, 2, 8, 5, चं. 3, 4, 6, के. 7

दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

**वृष** – आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन** – आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कर्क** – आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

**सिंह** – आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

**कन्या** – आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

**तुला** – आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

**धनु** – आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** – आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मीन** – आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया – सुबह : 10 .00
- कर्तव्य – रात : 07 .00

SONY MAX
- कोई जाने ना – सुबह : 09 .00
- नहले पे दहला – रात : 09 .00

SONY PIX
- एनाकोंडा – सुबह : 10 .17
- मॉन्स्टर हंटर – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बादल – सुबह : 10 .30
- लव शुदा – रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- तो बात पक्की – सुबह : 11 .04
- हीरोज – रात : 09 .48

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,708.16 | 22,122.25 |
| बढ़त | 281.52 | 81.55 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.37 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 7000-7100 |
| मटरदाल | 5000-5200 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

## सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

### नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीदः पीयूष गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा-बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

### राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

# अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक



हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,300 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 724 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

# बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया-चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

### चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

# हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो



सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।



# आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

## संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

कोलकाता, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं



ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

### राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।



मराठा समुदाय के लोगों ने हैदराबाद के पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के जश्न में शिवाजी की वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिवाजी की जयंती का जश्न लोगों ने बढ़-चढ़कर मनाया। ● एजेंसी

## एक नजर

### पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

**पणजी।** दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

### परेशान व्यक्ति ने खुद को लगाई आग

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने एक व्यस्त सड़क पर खुद को आग लगा ली। अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा आज सुबह पंचवटी नगर चौराहे पर हुआ। लक्ष्मी नगर निवासी प्रवीन इंगले ने पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग के हवाले कर दिया।

# कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक



प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं ?

# केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का

**एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी**

प्रतिनिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है।

### सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

# मतपत्र, मतगणना के दिन का वीडियो पेश करने का निर्देश

**चंडीगढ़ महापौर चुनाव**

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा।

अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विकृत किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे हत्या के समान करार देते हुए लोकतंत्र का मजाक बताया था।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा



सुनिश्चित करने के लिए इन्हें सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हम दोपहर दो बजे खुद रिकॉर्ड देखेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने महापौर चुनाव के मामले की सुनवाई मंगलवार के बजाय किसी और दिन किए जाने की अर्जी को खारिज करते हुए कहा-खरीद-फरोख्त हो रही है। शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुपालन में मसीह पीठ के समक्ष उपस्थित हुए और न्यायाधीशों ने कुछ मतपत्रों में कथित छेड़छाड़ के मामले में उनसे सवाल किये। न्यायाधीशों के सवालों का जवाब देते हुए, मसीह ने कहा कि उन्होंने पहले से ही ''विकृत'' आठ मतपत्रों पर ''X'' चिह्न लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों पर हंगामा करने और मतपत्र छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते वह मतगणना केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तरफ देख रहे थे। आप पार्षद कुलदीप कुमार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने चंडीगढ़ में दोबारा महापौर चुनाव की मांग करने वाली पार्टी की अर्जी पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।





# रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

## पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

# पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेहमान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।



- नासिर और माइकल ने कहा- मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गई। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

### केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

### बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



### रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

## पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

### हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स



राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

# नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

# भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप



भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

# छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 201 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।



शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।




## बॉलीवुड हलचल

# बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

### अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

# माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज



मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई. एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम...'राजा शिवाजी।

### निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

